दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 05 दिसंबर, 2025 | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष: पूर्णिमा, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 335 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


अधिकतम 22 डिग्री से.
न्यूनतम 07 डिग्री से.
सूर्योदय 7.06
सूर्यास्त 5.21
सोना 24 कैरेट: 1,30,510.00
चांदी (प्रति किलो): 2,00,000
सेंसेक्स : 85,215.50
अमेरिका : 89.96
कैनेडियन : 64.43
आस्ट्रेलिया : 59.50



बातों बातों में मन की बात
*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*
झूठ के पैर नहीं होते, लेकिन सबसे ज्यादा वहीं चलता है।






# वेलकम पुतिन

- एयरपोर्ट पर पीएम नरेंद्र मोदी ने किया रिसीव, पुतिन को गले लगाकर किया स्वागत
- रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर एक-दूसरे को गले लगाया और गर्मजोशी से अभिवादन किया। इसके बाद एक ही गाड़ी में एयरपोर्ट से रवाना हुए। स्वागत समारोह के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने एयरपोर्ट पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा और उसकी सराहना की। नई दिल्ली में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के स्वागत में जगह-जगह बैनर लगाए गए हैं, जो महत्वपूर्ण कूटनीतिक संबंध को दर्शाता है।

गौरतलब है कि 2022 में यूक्रेन के साथ रूस का युद्ध शुरू होने के बाद से यह पुतिन की पहली भारत यात्रा है। पुतिन के भारत पहुंचने से पहले रूस के कई मंत्री दिल्ली पहुंच चुके थे। इनमें डिप्टी प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव, रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और कृषि मंत्री दिमित्री पेट्रोव शामिल हैं। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा चार वर्ष के अंतराल पर हो रही है। मौजूदा वैश्विक भू-राजनैतिक परिदृश्य में यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



ये दोस्ती हम...

### पांच हजार जवानों का सुरक्षा घेरा

रूसी राष्ट्रपति के दौरे से पहले, दिल्ली पुलिस ने सेंट्रल और नई दिल्ली जिलों में 5,000 से ज्यादा लोगों को तैनात किया है, जिसमें SWAT टीम, एंटी-टेरर स्क्वॉड, ऊंची जगहों पर स्नाइपर, क्विक -रिएक्शन टीम, एंटी-ड्रोन मैकेनिज्म, हाई-डेफिनिशन CCTV ग्रिड और टेक्निकल सर्विलांस सिस्टम के साथ लेयर्ड सिक्योरिटी शामिल है।

### डिनर के दौरान बैठक कुछ खास

रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने इस यात्रा से पहले राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच डिनर के दौरान होने वाली आगामी बैठक को 'रूसी नेता की यात्रा के प्रमुख बिंदुओं में से एक' बताया। इस दौरान पुतिन, प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों और अंतरराष्ट्रीय स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत होगी। पुतिन की भारत यात्रा के दौरान व्यापार और आर्थिक सहयोग के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की जाएगी और कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उशाकोव के अनुसार, दोनों राष्ट्राध्यक्ष भारत और रूस के बीच 2030 तक आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए चर्चा करेंगे।



### दोस्त पुतिन का स्वागत करते बहुत खुश हूं: मोदी

पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। उन्होंने कहा कि वे दोस्त पुतिन का स्वागत करते बहुत खुश हैं। भारत और रूस की दोस्ती मुश्किल समय में कसौटी पर खरी उतरी है।

### राष्ट्रपति भवन में आज होगा औपचारिक स्वागत

पुतिन का शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जायेगा। वहां से वह सीधे राजघाट जायेंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक में मोदी के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में सुखोई-57 लड़ाकू विमानों के सौदे, एस-400 रक्षा प्रणाली, तेल खरीद समेत कई मुद्दों पर बातचीत होगी। दोनों नेता परस्पर हित के मुद्दों के साथ-साथ वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा करेंगे। भारत रूस के साथ व्यापार घाटे को कम करने में उसकी प्रतिबद्धता चाहता है।

### राष्ट्रपति पुतिन के सम्मान में देंगे रात्रि भोज

हैदराबाद हाउस में होने वाली शिखर बैठक के बाद पुतिन और मोदी संयुक्त प्रेस वक्तव्य भी देंगे। बाद में पुतिन एक बिजनेस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसमें दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। शाम को राष्ट्रपति मुर्मु पुतिन के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन करेंगी। रात्रि भोज के बाद शुक्रवार रात ही रूसी राष्ट्रपति स्वदेश रवाना हो जायेंगे। बता दें कि अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद उत्पन्न स्थिति और घटनाक्रमों के बीच श्री पुतिन की इस यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# पंजाब में 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी जापान की कंपनी: भगवंत मान

## आइची स्टील और वर्धमान स्पेशल स्टील्स के बीच एमओयू साइन

कहा- यह प्रदेश के लिए एक स्वर्णिम दिन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** जापान दौरे के तीसरे दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने वीरवार को प्रदेश के लिए 500 करोड़ रुपए का निवेश सुरक्षित किया है, जिसमें जापान की स्टील कंपनी आइची स्टील ने प्रदेश में वर्धमान स्पेशल स्टील्स के साथ अपने सहयोग को बढ़ाने का आश्वासन दिया है। आइची स्टील और वर्धमान स्पेशल स्टील्स ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश के लिए एक स्वर्णिम दिन है क्योंकि आइची स्टील कॉर्पोरेशन, जिसे टोयोटा की स्टील शाखा के रूप में जाना जाता है, ने प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि आइची स्टील की वर्धमान में पहले से ही लगभग 24.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है और यह मुख्य तकनीकी साझेदार के रूप में पंजाब के औद्योगिक परिवेश में एक मजबूत तथा विकसित हो रही भारत-जापान साझेदारी का प्रतीक है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जापान की अग्रणी स्टील कंपनी पंजाब में भविष्य की फैक्ट्री संचालन का अध्ययन करेगी, जिसमें लगभग 500 करोड़ रुपये के संभावित निवेश के लिए मूल्यांकन शामिल है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वर्धमान स्पेशल स्टील्स के साथ आइची स्टील की साझेदारी को मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए पंजाब सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा जापानी कंपनियों को प्रदेश में उनके कारोबार और संचालन के विस्तार में सहायता करना पंजाब की प्रमुख प्राथमिकता है। भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि आइची ग्रुप का तकनीकी सहयोग और वर्धमान ग्रुप की विशेषज्ञता प्रदेश में औद्योगिक क्रांति के नए युग की शुरुआत करेगी।

मुख्यमंत्री ने आइची को 13-15 मार्च, 2026 को इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, मोहाली में होने वाले प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 में भाग लेने का न्योता भी दिया ताकि गहन भागीदारी और विस्तारित निवेश को और प्रोत्साहित किया जा सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह सम्मेलन पंजाब के विकास को दर्शाता है, जिसमें अग्रणी औद्योगिक दिग्गजों को एक मंच पर लाकर साझेदारी और सहयोग के नए अवसर प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जापानी निवेशक इस सम्मेलन में बड़े पैमाने पर शामिल होंगे, जिससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को भारी बल मिलेगा। शेष पेज-4 पर



### प्रदेश सरकार का लक्ष्य युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हमारे युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करना और निवेशकों के लिए एक स्थिर तथा विश्वसनीय माहौल बनाना है। जापानी उद्योग के साथ पंजाब के संबंधों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि ये संबंध पहले से ही मजबूत हैं और जापान की कई बड़ी कंपनियों ने पंजाब में अपना भरोसा जताया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह साझेदारी जापानी निवेशकों का पंजाब में विश्वास और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




हिमाचल विधानसभा का शीतकालीन सत्र

# 5356 कर्मचारियों को मिल रही ओपीएस, केंद्र ने बदले में 1600 करोड़ का कर्ज रोका

लंदन दौरा निजी, सारा खर्च खुद उठाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**धर्मशाला।** हिमाचल सीएम सुखविंदर सुक्खू ने विधानसभा के सातवें दिन गुरुवार को ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूछे सवाल के जवाब में कहा कि पहली कैबिनेट ने 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस देने का निर्णय लिया। इसके बदले में केंद्र ने हिमाचल को मिलने वाला 1600 करोड़ रुपए का अतिरिक्त ऋण बंद कर दिया।

सीएम ने बताया कि वर्तमान में 5356 कर्मचारियों को ओपीएस के तहत पेंशन दी जा रही है। जैसे-जैसे कर्मचारी सेवानिवृत्त होते जाएंगे, सरकारी खजाने पर इस योजना का बोझ बढ़ता जाएगा। तीन साल में कुल 21 हजार



कर्मचारियों ने रिटायर होने पर एनपीएस की जगह ओपीएस को चुना है। उन्होंने कहा- यह योजना राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है।

सदन में सुलह से भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने बीते माह सीएम सुक्खू के लंदन दौरे से जुड़ा सवाल पूछा था। इसके जवाब में सीएम ने कहा यह मेरी निजी यात्रा थी। इसका सारा खर्च मैने व्यक्तिगत रूप से ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से किया। उन्होंने कहा- चाय, टिकट, ठहरने के भुगतान सब ऑनलाइन दिया है। हालांकि, विधानसभा सदस्यों को निजी दौरे के लिए भी सुविधाएं मिलती हैं, पर उन्होंने नहीं लीं। सारा विदेश दौरा उनके निजी खर्च पर हुआ।

**एबीवीपी पर लाठीचार्ज का मसला सदन में उठा:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन में एबीवीपी छात्रों पर बीते बुधवार को लाठीचार्ज का मामला उठाया। उन्होंने एबीवीपी को मिली मार्च की परमिशन सदन में पढ़कर सुनाई। सीएम सुक्खू ने कहा कि एबीवीपी को परमिशन टैक्सी स्टैंड से जोरावर स्टेडियम तक मार्च की मिली थी, विधानसभा का रास्ता रोकने की परमिशन नहीं थी। इस दौरान भाजपा विधायक उठकर सदन से बाहर चले गए।

चिंता

बीएलओ की मौत के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई गंभीर चिंता, राज्यों को दिए निर्देश, कहा-

# बीएलओ पर बढ़ते काम के बोझ को कम करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की मौतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गहरी चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने साफ कहा कि बीएलओ पर बढ़ते काम के बोझ को कम करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है और इसके लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती तुरंत की जानी चाहिए।

तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी टीवीके द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी तब आई जब कोर्ट को बताया गया कि देशभर में अब तक 35-40 बीएलओ की मौत अत्यधिक काम के दबाव के कारण हो



चुकी है। याचिकाकर्ता ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग भी रखी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया एक वैध प्रशासनिक कार्रवाई है जिसे समय पर पूरा किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं स्टाफ की कमी है, तो अतिरिक्त कर्मचारी नियुक्त करना राज्य का कर्तव्य है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बीमार, असमर्थ या अत्यधिक दबाव में काम कर रहे अधिकारियों को लेकर राज्य सरकारें संवेदनशील रवैया अपनाएं और तुरंत वैकल्पिक स्टाफ तैनात करें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करें ताकि बीएलओ के कार्य घंटे कम किए जा सकें। जहां 10,000 कर्मचारी मौजूद हैं, वहां आवश्यकता पड़ने पर 20,000 से 30,000 कर्मियों की तैनाती भी की जा सकती है। यदि कोई बीएलओ या कर्मचारी व्यक्तिगत कारणों, बीमारी या गंभीर परिस्थिति में ड्यूटी से छूट चाहता है, तो सक्षम अधिकारी केस-टू-केस आधार पर राहत दे सकते हैं। छूट मिलने पर उसकी जगह तुरंत किसी अन्य कर्मचारी को नियुक्त किया जाए।

### तनाव में आकर जान गंवा रहे बीएलओ

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से बताया गया कि कई राज्यों से ऐसे मामले सामने आए हैं जहां बीएलओ ने काम के अत्यधिक दबाव, लंबी ड्यूटी और संसाधनों की कमी के कारण आत्महत्या कर ली।

इस पर सीजेआई ने कहा कि यह बेहद गंभीर मामला है। जिस भी राज्य में ऐसा हो रहा है, वहां प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी होगी। तमिलनाडु की राजनीतिक पार्टी टीवीके ने एसआईआर प्रक्रिया पर रोक लगाने या इसे संशोधित करने की मांग करते हुए कहा कि बीएलओ पर इतना अधिक बोझ डाला जा रहा है कि कई लोग तनाव में आकर जान गंवा रहे हैं। याचिका में कोर्ट से बीएलओ परिवारों को मुआवजा दिलवाने का अनुरोध भी किया गया है।




# हाईकोर्ट से मजीठिया की जमानत याचिका खारिज होना अकाली दल के लिए बड़ा झटका: धालीवाल

कहा-हाईकोर्ट ने मानी सबूतों की गंभीरता, अब मिलेगी पापों की सजा

यह राजनीतिक बदला नहीं, पंजाब की जवानी बर्बाद करने वालों का हिसाब है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिरोमणि अकाली दल (बादल), सुखबीर सिंह बादल और बिक्रम सिंह मजीठिया पर तीखा हमला बोला है। धालीवाल ने मजीठिया की जमानत याचिका खारिज होने को अकाली दल के लिए एक बड़ा झटका करार दिया है। उन्होंने कहा कि आज तड़के ही सुखबीर बादल के नेतृत्व वाली 'थोड़ी सी बची हुई' अकाली दल को यह खबर सुनकर जोर का झटका लगा होगा। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की जमानत याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। धालीवाल ने जोर देकर कहा कि कोर्ट ने न केवल याचिका रद्द की है, बल्कि यह भी टिप्पणी की है कि पुलिस द्वारा पेश किए गए सबूत बेहद गंभीर हैं।

कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि अकाली दल के नेता और मजीठिया के समर्थक लगातार यह शोर मचा रहे थे कि भगवंत मान सरकार राजनीतिक बदलाखोरी और धक्केशाही कर रही है। आज माननीय हाईकोर्ट ने सरकार की कार्रवाई पर अपनी मुहर लगा दी है कि मजीठिया पर लगाए गए आरोप बिल्कुल सही हैं। कोर्ट में 540 करोड़ रुपये के लेनदेन के सबूत पेश किए गए थे। 15 दिन तक चली लंबी बहस के बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। धालीवाल ने कहा कि अकालियों के पास बचने के लिए हमेशा एक ही बहाना होता है कि यह %सियासी बदलाखोरी% है, लेकिन आज सच सबके सामने आ गया है।

'आप' विधायक ने मामले के पुराने पन्नों को पलटते हुए कहा कि मैं इस केस की पृष्ठभूमि में जाना चाहता हूं। साल 2012-13 में जब प्रकाश सिंह बादल मुख्यमंत्री थे, तब ड्रग तस्कर भोला ने मोहाली कोर्ट में बयान दिया था कि ड्रग के इस काले कारोबार में मजीठिया भी शामिल हैं।

धालीवाल ने अफसोस जताते हुए कहा कि अगर उस समय मजीठिया को पकड़कर जेल में डाल दिया जाता, तो आज पंजाब के हजारों नौजवानों की जान बच जाती। उन्होंने कहा कि उस समय से लेकर बाद में आई कांग्रेस की %चाचा-भतीजा% की सरकार तक यह धंधा बेधड़क चलता रहा। इन सरकारों ने पंजाब की जवानी को मौत के मुंह में धकेला और उनकी लाशों पर पैसे कमाकर 540 करोड़ का साम्राज्य खड़ा किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह पैसा इनके पास कहां से आया? यह पैसा नशे और ड्रग्स का था।

धालीवाल ने कहा कि जो लोग श्री गुटका साहिब की झूठी कसम खाकर नशे की कमर तोड़ने की बात करते थे, उनसे न तो कमर टूटी और न ही पैर, वे बाद में खुद चाचा-भतीजा बन गए। अगर मजीठिया पर हाथ डालने की हिम्मत किसी ने दिखाई है, तो वह केवल भगवंत मान की सरकार है। उन्होंने कहा कि मजीठिया ने जैसा बीज बोया था,

## धमकियां और प्रचार काम नहीं आए, अदालत ने सच देखा: पन्नू



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के महासचिव और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि आज माननीय पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले ने अकाली दल (बादल) को सबसे बड़ा झटका दिया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बार-बार दी गई उनकी धमकियां काम नहीं आईं। चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पन्नू ने कहा कि अदालत ने वरिष्ठ अकाली नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है, जिससे उनके खिलाफ दर्ज विजिलेंस केस की गंभीरता की पुष्टि होती है। पन्नू ने कहा कि इससे पहले निचली अदालत मजीठिया की जमानत पहले ही खारिज कर चुकी थी और अब हाई कोर्ट ने भी पंजाब सरकार द्वारा पेश की गई दलीलों को सुनने के बाद राहत देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि लगभग पंद्रह दिनों तक हमारी ए.जी. ऑफिस की टीम ने माननीय अदालत के सामने दलीलें रखीं और सब कुछ सुनने के बाद अदालत यह समझ गई कि अगर मजीठिया को रिहा किया जाता है, तो उनके पिछले व्यवहार को देखते हुए इस बात की पूरी आशंका है कि वे गवाहों को धमका सकते हैं या डरा सकते हैं। उन्होंने अकाली दल पर बरसते हुए कहा कि वे बार-बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह दावा कर रहे थे कि 'चालान के बाद कोई और जांच नहीं हुई' इसलिए मजीठिया को रिहा किया जाना चाहिए, लेकिन हाई कोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझा और अर्जी खारिज कर दी। पन्नू ने याद दिलाया कि 2007-17 के अकाली-भाजपा शासन के दौरान मजीठिया का राजनीतिक प्रभाव और वित्तीय उभार इतना ज्यादा हो गया था कि वे खुद को 'माझा का जरनैल' कहने लगे थे। उन्होंने कहा कि उस दौरान पंजाब ने देखा कि कितने राजनीतिक करियर तबाह हुए और कितनी जिंदगियां बर्बाद हुईं, क्योंकि पंजाब में 'चिट्टे' (सिंथेटिक ड्रग्स) की एंट्री उसी दौर में हुई थी। उन्होंने आगे कहा कि मजीठिया के साथियों ने लाल बत्ती वाली गाड़ियों का इस्तेमाल किया, उन्हें पुलिस जिप्सियां दी गईं और इस सारे काले कारोबार में उनकी भूमिका संदिग्ध थी। आय से अधिक संपत्ति (डीए) के मामले पर बोलते हुए पन्नू ने कहा कि असली सवाल बेहिसाब बड़ी रकम के स्रोत के बारे में था। अब यह स्पष्ट है कि कोई 5 करोड़ रुपये दे रहा है, तो कोई 10 करोड़ रुपये। उन्होंने सवाल उठाया कि यह किस तरह का कर्ज है जिसके कोई दस्तावेज नहीं, कोई किश्तें नहीं और कोई वापसी नहीं? ये कंपनियां सिर्फ काले धन को सफेद करने के लिए बनाई गई थीं।

# यह रिश्ता क्या कहलाता है, इंफोर्समेंट विंग की सैकड़ों बार कार्रवाई के बावजूद कैसे सज रहा है हर शाम बाजार

इंफोर्समेंट विंग द्वारा लगातार कार्रवाई परंतु पटियाला लाइट प्वाइंट के पास बाजार पर नरमी क्यों?

सड़कें बनीं बाज़ार-- लग रही है वाहनों की कतार



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** नगर परिषद जीरकपुर द्वारा एन्क्रोचमेंट के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है लेकिन उसका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। कार्रवाई के तुरंत बाद शहर की सड़कें फिर से रेहड़ी-फड़ी वालों के कब्जे में आ जाती हैं, जिससे स्थिति पहले जैसी ही हो गई है। हाल ही में नगर परिषद की टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में लगातार एक सप्ताह तक कार्रवाई की थी और रेहड़ी वालों को चेतावनी दी थी कि दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई होगी। लेकिन, इस सख्ती के कुछ घंटे बाद ही, लोगों ने दोबारा उसी जगह पर अपनी रेहड़ियां लगा लीं।

शहर में एन्क्रोचमेंट अब सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। सड़कों पर जहां देखो, वहां अवैध कब्जों की भरमार है। रेहड़ी-फड़ियों के साथ-साथ दुकानदारों ने भी अपनी दुकान के बरामदे और पार्किंग एरिया तक सामान सजा रखा है। बलटाना मेन मार्केट में तो दिनभर रेहड़ी-फड़ियों की वजह से मेले जैसा माहौल बना रहता है। सड़कों के किनारे भारी भीड़ के कारण सुबह से शाम तक पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क पर सिर्फ वाहनों के चलने की जगह बची है। जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर सुबह और शाम के समय ट्रैफिक जाम होना रोज की बात हो गई है। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### दुकानदार भी परेशान, नहीं आ रहे ग्राहक

रेहड़ियों की वजह से कुछ स्थानीय दुकानदार भी परेशान हैं, क्योंकि इन कब्जों के कारण उनकी दुकानों की दुकानदारी नहीं चल पा रही है। रेहड़ियां उनके ग्राहकों के आने-जाने का रास्ता बाधित कर रही हैं। कई दुकानदारों का कहना है कि रेहड़ियों के कारण उनकी दुकानदारी बुरी तरह प्रभावित हो रही है, क्योंकि ग्राहकों के लिए दुकान तक पहुंचना मुश्किल होता जा रहा है। शहर के अन्य हिस्सों में भी हालात बदतर हैं। वीआईपी रोड पर भी रेहड़ी-फड़ी वालों ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर रखा है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है और थोड़ा सा भी ट्रैफिक बढ़ते ही यहां जाम जैसी स्थिति बन जाती है। नगर परिषद के अभियान और कड़ी चेतावनी के बावजूद, जीरकपुर में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान का कोई स्थायी प्रभाव नहीं हुआ है। रेहड़ी-ठेला वाले मनमर्जी से खड़े हो रहे हैं, जिससे साफ है कि नप की मुहिम हवा-हवाई साबित हुई है और प्रशासन को इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए एक ठोस और दीर्घकालिक रणनीति बनाने की जरूरत है।

रोज कार्रवाई होती है, रोज रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया जाता है। समस्या शाम 5 बजे के बाद होती है, जब हमारी टीम की छुट्टी हो जाती है। शाम 5 बजे के बाद सड़को पर ज्यादा रेहड़ियां आ जाती है। मंगलवार को भी पीरमुछल्ला एरिया में कार्रवाई की गई है।

**-अशोक कुमार, इंस्पेक्टर, नगर परिषद जीरकपुर।**

# पंजाब के भविष्य को नया आकार देगी मुख्यमंत्री मान की जापान यात्रा: बैंस

टोपन कंपनी द्वारा राज्य में 400 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तैयार होना विकास के नए युग का संकेत: बैंस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** पंजाब के शिक्षा तथा सूचना एवं लोक संपर्क मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की जापान यात्रा के सकारात्मक नतीजे सामने आने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से राज्य में बड़ा निवेश आएगा और रणनीतिक संबंध मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल की दूरदर्शी कूटनीतिक पहल पंजाब के मानव संसाधनों को उभरते अवसरों से जोड़ेगी, जिससे राज्य में विकास को नई गति मिलेगी।

हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप पंजाब ने जापानी उद्योग जगत की अग्रणी कंपनी टोपन स्पेशियलिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड (टी.एस.एफ.) के साथ एक ऐतिहासिक निवेश समझौता किया है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी पंजाब में 400 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है और यह समझौता प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 से पहले राज्य को विश्व स्तर पर पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में एक अहम मील का पत्थर होगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह समझौता राज्य के औद्योगिक विकास और तकनीकी शैक्षणिक क्षमता के बीच तालमेल को मजबूत करेगा, जो मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्किलिंग एक्सीलेंस सेंटर उद्योग-अनुकूल कौशल का विस्तार करेगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगा और राज्य के आर्थिक विकास को गति देते हुए पंजाब को उत्तर भारत की कौशल राजधानी के रूप में स्थापित करेगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक पहल पंजाब की प्रशासनिक सफलताओं और भविष्य-उन्मुख योजनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर राज्य की सकारात्मक पहचान को और मजबूत करेगी, जिससे दुनिया को पता चलेगा कि पंजाब न केवल कारोबार के लिए खुला है बल्कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक साझेदारियां भी विकसित कर रहा है, जो अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और लोगों में निवेश के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराती हैं।

श्री बैंस ने बताया कि पंजाब का प्रतिनिधिमंडल फास्टट्रैक पंजाब सिंगल-विंडो सिस्टम, ऑटो-डीम्ड अनुमतियों और प्रोग्रेसिव पंजाब राइट टू बिज़नेस एक्ट सहित राज्य के अभूतपूर्व शासन सुधारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। नई औद्योगिक नीति 2022 में शामिल व्यवस्थाओं और उद्योगपतियों की अध्यक्षता वाली 24 सेक्टर-आधारित समितियों के मार्गदर्शन से राज्य पहले ही इन्वेस्ट पंजाब के माध्यम से 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित कर चुका है।

श्री बैंस ने कहा कि राज्य सरकार विश्वभर के निवेशकों और साझेदारों को आगामी प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होकर पंजाब की सफल विकास यात्रा के साक्षी बनने का आमंत्रण देती है।

# विधायक रंधावा ने डेराबस्सी में 92 योग्य परिवारों को मकान निर्माण हेतु 2.30 करोड़ रुपये के स्वीकृति पत्र किए वितरित

मकान मरम्मत और नए निर्माण के लिए सरकार का बड़ा प्रयास: रंधावा



अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी, 4 दिसंबर।** विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा ने आज डेराबस्सी नगर परिषद के माध्यम से प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत स्वीकृत 92 और योग्य लाभार्थी परिवारों को मकान निर्माण के लिए 2.30 करोड़ रुपये के स्वीकृति पत्र वितरित किए। यह सहायता राशि लाभार्थियों के पक्के मकानों की मरम्मत, मजबूती और नए निर्माण के लिए प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर समिति प्रधान, ब्लॉक प्रधान, नगरपालिका पार्षद, वार्ड इंचार्ज तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार का स्पष्ट सिद्धांत है कि किसी भी मुश्किल समय में किसी भी व्यक्ति को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों को स्वीकृति पत्र दिए गए हैं, वे केवल एक कागज़ नहीं, बल्कि उनके जीवन में नई शुरुआत की उम्मीद और घर की छत का भरोसा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों के गरीब और पिछड़े परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इस योजना के अंतर्गत पहले से चल रहे कार्यों को और तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है।

श्री रंधावा ने कहा, 'हमारा उद्देश्य लोगों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लाना है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर योग्य परिवार तक लाभ पहुंचे और उनका जीवन बेहतर हो।'

इस दौरान लाभार्थी परिवारों ने राज्य सरकार और विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए आर्थिक रूप से बड़ा सहारा है और वे लंबे समय से अपने घर की मरम्मत/निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे थे।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 04:00 PM ONWARDS DATE:04/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 CHIEF THURSDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)

(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)

D 65513

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)

78687 81088 81270 92140 92236

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)

0146 2394

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)

0355 3119 5532 6513 9879

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)

4633 4738 5015 5885 7259

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)

1677 2068 3730 6480 9602

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)

(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0023 | 0027 | 0028 | 0050 | 0055 | 0060 | 0072 | 0092 | 0112 | 0117 |
| 0118 | 0120 | 0121 | 0142 | 0166 | 0184 | 0185 | 0193 | 0204 | 0207 |
| 0212 | 0227 | 0244 | 0253 | 0268 | 0273 | 0293 | 0300 | 0301 | 0304 |
| 0352 | 0364 | 0371 | 0382 | 0383 | 0412 | 0417 | 0418 | 0453 | 0455 |
| 0458 | 0464 | 0502 | 0524 | 0526 | 0544 | 0545 | 0547 | 0552 | 0566 |
| 0573 | 0604 | 0606 | 0632 | 0669 | 0694 | 0702 | 0717 | 0724 | 0742 |
| 0748 | 0754 | 0767 | 0773 | 0785 | 0806 | 0820 | 0831 | 0841 | 0848 |
| 0867 | 0870 | 0878 | 0889 | 0890 | 0895 | 0897 | 0903 | 0918 | 0924 |
| 0931 | 0956 | 0961 | 0994 | 1005 | 1010 | 1039 | 1046 | 1057 | 1062 |
| 1070 | 1072 | 1141 | 1163 | 1168 | 1197 | 1213 | 1230 | 1247 | 1315 |
| 1334 | 1350 | 1369 | 1370 | 1376 | 1391 | 1401 | 1407 | 1464 | 1485 |
| 1490 | 1495 | 1518 | 1532 | 1555 | 1622 | 1643 | 1678 | 1690 | 1692 |
| 1706 | 1721 | 1735 | 1750 | 1820 | 1822 | 1849 | 1850 | 1868 | 1936 |
| 1951 | 1960 | 1974 | 1980 | 1983 | 1997 | 2001 | 2010 | 2017 | 2031 |
| 2035 | 2036 | 2076 | 2113 | 2119 | 2124 | 2135 | 2139 | 2174 | 2176 |
| 2187 | 2195 | 2196 | 2201 | 2237 | 2247 | 2252 | 2270 | 2275 | 2295 |
| 2300 | 2307 | 2326 | 2345 | 2350 | 2356 | 2378 | 2403 | 2408 | 2415 |
| 2420 | 2442 | 2457 | 2468 | 2472 | 2489 | 2497 | 2520 | 2529 | 2550 |
| 2561 | 2573 | 2579 | 2585 | 2598 | 2603 | 2616 | 2625 | 2638 | 2646 |
| 2650 | 2669 | 2676 | 2683 | 2698 | 2703 | 2717 | 2721 | 2737 | 2782 |
| 2806 | 2827 | 2849 | 2855 | 2859 | 2863 | 2871 | 2881 | 2883 | 2889 |
| 2922 | 2926 | 2949 | 2964 | 2968 | 2983 | 2984 | 2988 | 2998 | 3006 |
| 3007 | 3017 | 3018 | 3025 | 3031 | 3062 | 3081 | 3141 | 3154 | 3173 |
| 3179 | 3194 | 3206 | 3236 | 3277 | 3297 | 3300 | 3303 | 3318 | 3345 |
| 3349 | 3369 | 3380 | 3403 | 3408 | 3411 | 3414 | 3431 | 3436 | 3515 |
| 3530 | 3540 | 3543 | 3547 | 3557 | 3558 | 3562 | 3568 | 3573 | 3616 |
| 3631 | 3632 | 3638 | 3654 | 3694 | 3696 | 3697 | 3732 | 3745 | 3746 |
| 3764 | 3788 | 3790 | 3794 | 3822 | 3824 | 3838 | 3852 | 3866 | 3873 |
| 3878 | 3906 | 3911 | 3925 | 3955 | 3956 | 3960 | 3963 | 3975 | 4001 |
| 4052 | 4060 | 4095 | 4112 | 4137 | 4143 | 4161 | 4165 | 4196 | 4204 |
| 4217 | 4231 | 4239 | 4256 | 4277 | 4288 | 4293 | 4313 | 4351 | 4355 |
| 4361 | 4362 | 4364 | 4366 | 4367 | 4368 | 4371 | 4379 | 4380 | 4394 |
| 4401 | 4424 | 4453 | 4498 | 4512 | 4513 | 4540 | 4548 | 4561 | 4564 |
| 4565 | 4569 | 4578 | 4624 | 4630 | 4635 | 4663 | 4668 | 4694 | 4699 |
| 4745 | 4763 | 4770 | 4776 | 4791 | 4792 | 4796 | 4797 | 4815 | 4828 |
| 4835 | 4841 | 4855 | 4860 | 4894 | 4899 | 4903 | 4934 | 4942 | 4953 |
| 4957 | 4975 | 4976 | 5010 | 5012 | 5022 | 5034 | 5051 | 5060 | 5066 |
| 5104 | 5148 | 5158 | 5165 | 5170 | 5193 | 5210 | 5216 | 5223 | 5224 |
| 5229 | 5238 | 5244 | 5275 | 5295 | 5301 | 5304 | 5319 | 5388 | 5408 |
| 5434 | 5469 | 5473 | 5486 | 5513 | 5549 | 5566 | 5567 | 5573 | 5575 |
| 5602 | 5612 | 5619 | 5632 | 5670 | 5699 | 5702 | 5712 | 5722 | 5724 |
| 5728 | 5738 | 5750 | 5761 | 5775 | 5783 | 5815 | 5820 | 5833 | 5848 |
| 5850 | 5853 | 5888 | 5914 | 5927 | 5939 | 5954 | 5965 | 6002 | 6040 |
| 6041 | 6047 | 6052 | 6089 | 6115 | 6126 | 6132 | 6178 | 6182 | 6183 |
| 6228 | 6233 | 6237 | 6345 | 6358 | 6361 | 6366 | 6375 | 6395 | 6407 |
| 6411 | 6418 | 6420 | 6430 | 6469 | 6481 | 6487 | 6506 | 6534 | 6535 |
| 6559 | 6567 | 6569 | 6573 | 6577 | 6584 | 6598 | 6615 | 6618 | 6620 |
| 6627 | 6631 | 6648 | 6674 | 6677 | 6681 | 6684 | 6715 | 6728 | 6767 |
| 6771 | 6773 | 6789 | 6805 | 6807 | 6853 | 6855 | 6906 | 6915 | 6931 |
| 6937 | 6938 | 6974 | 6996 | 7000 | 7018 | 7025 | 7036 | 7063 | 7065 |
| 7083 | 7084 | 7102 | 7109 | 7123 | 7170 | 7180 | 7221 | 7234 | 7247 |
| 7265 | 7288 | 7292 | 7294 | 7300 | 7333 | 7372 | 7383 | 7396 | 7404 |
| 7410 | 7417 | 7487 | 7491 | 7498 | 7536 | 7551 | 7567 | 7587 | 7591 |
| 7604 | 7610 | 7619 | 7663 | 7665 | 7674 | 7676 | 7698 | 7723 | 7747 |
| 7767 | 7804 | 7825 | 7828 | 7833 | 7856 | 7866 | 7881 | 7923 | 7933 |
| 7958 | 7986 | 7993 | 8020 | 8045 | 8051 | 8056 | 8072 | 8080 | 8104 |
| 8113 | 8137 | 8159 | 8178 | 8185 | 8186 | 8208 | 8261 | 8266 | 8277 |
| 8284 | 8286 | 8292 | 8306 | 8326 | 8328 | 8339 | 8346 | 8358 | 8367 |
| 8379 | 8415 | 8418 | 8431 | 8433 | 8475 | 8481 | 8490 | 8494 | 8501 |
| 8511 | 8550 | 8552 | 8560 | 8573 | 8581 | 8595 | 8625 | 8660 | 8674 |
| 8696 | 8716 | 8723 | 8745 | 8746 | 8786 | 8797 | 8806 | 8840 | 8845 |
| 8850 | 8868 | 8869 | 8880 | 8899 | 8900 | 8903 | 8916 | 8920 | 8965 |
| 8973 | 8979 | 8997 | 9024 | 9063 | 9101 | 9103 | 9107 | 9113 | 9115 |
| 9117 | 9124 | 9157 | 9161 | 9164 | 9165 | 9175 | 9198 | 9232 | 9236 |
| 9243 | 9301 | 9310 | 9312 | 9313 | 9317 | 9353 | 9381 | 9423 | 9441 |
| 9466 | 9468 | 9469 | 9478 | 9480 | 9487 | 9490 | 9507 | 9514 | 9521 |
| 9548 | 9568 | 9575 | 9583 | 9585 | 9586 | 9595 | 9610 | 9629 | 9630 |
| 9636 | 9644 | 9645 | 9717 | 9720 | 9723 | 9767 | 9771 | 9791 | 9818 |
| 9831 | 9838 | 9842 | 9866 | 9868 | 9889 | 9895 | 9905 | 9907 | 9924 |
| 9939 | 9943 | 9949 | 9959 | 9961 | 9965 | 9966 | 9992 | 9995 | 9999 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 278वें दिन 2.5 किलो हेरोइन सहित 66 नशा तस्कर गिरफ्तार

'नशा छुड़ाओ' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 50 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया राजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूरी तरह उन्मूलन के लिए चलाई गई व्यापक मुहिम ‹युद्ध नशों विरुद्ध› के लगातार 278वें दिन पंजाब पुलिस ने 257 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप राज्यभर में 66 नशा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 52 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही 278 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 39,175 हो गई है। छापेमारियों के दौरान पकड़े गए तस्करों के कब्जे से 2.5 किलो हेरोइन, 40 किलो भुक्की, 387 नशीली गोलियां और 700 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस जंग की निगरानी के लिए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। 57 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 700 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की नफरी वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 257 स्थानों पर छापेमारी की।

पुलिस टीमों ने पूरे दिन चले इस ऑपरेशन के दौरान 252 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन - लागू की है। 'नशा छुड़ाओ' अभियान के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने आज 50 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार करवाने के लिए राज़ी किया है।

# किंगस्टन होटल में काम करने वाले व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के करण का होगा खुलासा: जांच अधिकारी



अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** जीरकपुर में किंगस्टन होटल में काम करने वाले व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। होटल संचालक केशव बंसल ने बताया कि उसने यह होटल लीज पर लिया हुआ है। उन्होंने होटल में मंगलवार को एक कर्मचारी को नौकरी पर रखा था। बुधवार सुबह जब वह नौकरी पर आया तो ड्यूटी पर आते ही वह बेहोश हो गया। उसे चैक किया तो उसकी हालत नाजुक लगी। उन्होंने तुरंत 112 एंबुलेंस पर इसकी सूचना दी। एंबुलेंस कर्मचारी उसे डेराबस्सी अस्पताल ले गए, जहां पहले डॉक्टरों ने बताया कि उसकी हालत नाजुक है उसे चंडीगढ़ रैफर करना पड़ेगा लेकिन थोड़ी देर बाद डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। होटल मालिक ने बताया के दौरान उसकी जेब से नशे के कैप्सूल मिले। अंदाजा लगाया जा रहा है कि नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई हो। जांच अधिकारी एएसआई सतिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर इसकी सूचना मिली थी। जिसके बाद जांच की गई तो पता चला कि मूल रूप से यूपी के रहने वाले 28 वर्षीय युवक की मौत हुई है। हालांकि उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम के लिए उसका शव अस्पताल की मॉर्चरी में रखा गया है। नशे की ओवरडोज से उसकी मौत हुई है उसका पता पोस्टमार्टम के बाद ही लग पाएगा। अभी ऐसा कुछ सामने नहीं आया है। होटल मालिक कृष्ण बंसल ने बताया कि एक दिन पहले ही वह काम मांगने आया था उसे अगले दिन से काम करने के लिए बुलाया गया था। वह बाहर थे तो उनके कर्मचारियों का फोन आया कि उसने नशा कर लिया है उसकी जेब से नशे के कैप्सूल मिले हैं और उसे होश नहीं आ रहा। उन्होंने ही एंबुलेंस को फोन कर उसे अस्पताल पहुंचाया था जहां उसकी मौत हो गई।

# 'सलाखों के पीछे जिंदगियों का सशक्तिकरण' के तहत जेलों में स्थापित होंगी 11 आई.टी.आई, जेल न्याय में क्रांतिकारी बदलाव की पहल

सीजेआई पटियाला की केंद्रीय जेल से ऐतिहासिक पहल की करेंगे शुरुआत, सभी 24 जेलों में 2500 कैदियों को मिलेगा प्रमाणित कौशल प्रशिक्षण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** राज्य भर की जेलों में कौशल आधारित पहलों को बढ़ावा देने के लिए पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा जेल विभाग पंजाब तथा तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंजाब के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम 'सलाखों के पीछे जिंदगियों का सशक्तिकरण' : जेल न्याय में क्रांतिकारी बदलाव बनाया गया है जिसका उद्घाटन भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्या कांत द्वारा 6 दिसंबर 2025 को सेंट्रल जेल, पटियाला में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से माननीय सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के जजों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। यह पहल पंजाब की जेलों को शिक्षा और पुनर्वास केंद्रों में बदलने का एक अनूठा प्रयास है। इसके तहत पंजाब स्किल डिवेलपमेंट मिशन के सहयोग से राज्य की सभी 24 जेलों में लगभग 2,500 कैदियों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वोकेशनल ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जेलों के अंदर कुल 11 आई.टी.आई. की स्थापना करना है, जिनमें वेल्डिंग, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबिंग, सिलाई तकनीक, कॉस्मेटोलॉजी, सीओपीए तथा बेकरी जैसी ट्रेडों में एनसीवीटी मान्यता प्राप्त दीर्घकालिन कोर्स कराए जाएंगे। इसके साथ ही टेलरिंग, जूट एवं बैग निर्माण, बेकरी, प्लंबिंग, मशरूम खेती, कंप्यूटर और अन्य कौशलों में एनएसक्यूएफ-अनुकूल अल्पकालिक कोर्स भी शामिल किए जाएंगे। इस अवसर पर पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं प्राधिकरण द्वारा एक महीने की राज्य स्तरीय नशा-विरोधी मुहिम का भी माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। यह राज्यव्यापी मुहिम 6 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक चलेगी, जिसके दौरान जनता को नशों से दूर रहने संबंधी जागरूकता कैंप, कानूनी जागरूकता और पुनर्वास संबंधी जानकारी देने के लिए जनता को जागरूक किया जायेगा। इस मुहिम के दौरान राज्यभर में कानूनी जागरूकता मार्च, नुक्कड़-नाटक, साइकिल रैलियां, जन-मार्च, स्कूलों एवं कॉलेजों में नशा-विरोधी डिबेट्स, पेंटिंग/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा ताकि घर-घर तक इस मुहिम का संदेश पहुँचाया जा सके। इस अभियान में राज्य के न्यायिक अधिकारी, डॉक्टर, वकील, शिक्षक, विद्यार्थी, पी.एल.वी. और समाज के विभिन्न वर्गों की प्रमुख हस्तियां विशेष तौर पर शामिल की जाएंगी।

# पंजाब पुलिस में बड़ा फेरबदल

आईपीएस अधिकारी कौस्तुभ शर्मा को पंजाब की नई जिम्मेदारी

आईजी एएनटीएफ लगाया गया



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी आईपीएस कौस्तुभ शर्मा जो संयुक्त राष्ट्र (यएन) के साथ काम कर रहे थे। वहां से लौटने के बाद उन्हें पंजाब की अहम नई जिम्मेदारी देते हुए पंजाब का आईजी एएनटीएफ नियुक्त किया गया है। इससे पहले आईपीसी अधिकारी कौस्तुभ शर्मा पंजाब में कई अहम पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके है।

इसके अलावा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे आईपीएस आशीष चौधरी को आईजी काउंटर इंटेलिजेंस लगाया गया है। इसी तरह दो पीपीएस अधिकारियों को विजिलेन्स ब्यूरो में पोस्टिंग दी गई है।

# संत-महात्मा और गुरु हमारी अमूल्य धरोहर हैं: मुख्यमंत्री नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि सेन भगत की जयंती पर लाडवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को किया सम्बोधित

**मुख्यमंत्री ने सेन समाज को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की**

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 4 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत-महात्मा और गुरु हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उनकी शिक्षाओं से हम सबको मार्गदर्शन मिलता है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इन महान विभूतियों की विरासत को संभालें और सहेज कर रखें। इसी उद्देश्य से सरकार ने प्रदेश में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई हुई है।

मुख्यमंत्री ने यह बात वीरवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा में संत शिरोमणि सेन भगत की जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कहीं। उन्होंने इस दौरान करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की घोषणा करते हुए कई बड़ी सौगातें भी दी।

समारोह में मुख्यमंत्री ने सेन समाज को 51 लाख रुपये, कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, श्री रणबीर गंगवा तथा श्री कृष्ण बेदी ने 11-11 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार संतों और महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। इसका उद्देश्य है कि आने वाली पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरित हो और उनके जीवन से मार्गदर्शन प्राप्त कर सके। संत-महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए सरकार ने प्रदेश में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। इसके तहत पिछड़े वर्गों के उत्थान व कल्याण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन भी किया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि सेन भगत जी महाराज का जन्म विक्रमी संवत 1557 में, वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी को मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ में हुआ था। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि सेन भगत ने गृहस्थ जीवन के साथ-साथ भक्ति मार्ग पर चलकर सत्य, अहिंसा और प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने संत श्री रामानंद जी से दीक्षा प्राप्त की। इसके बाद अनेक तीर्थ स्थलों की यात्रा की।

उन्होंने ने कहा कि महान संत शिरोमणि सेन महाराज का अनुयायी सेन समाज परिश्रमी और स्वाभिमानी समाज है। सेन समाज में महान शासक, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी महापुरुष हुए हैं। सेन राजवंश ने 12वीं शताब्दी के मध्य से 160 वर्षों तक बंगाल पर शासन किया। इनमें हेमन्त सेन, विजय सेन, बल्लाल सेन, लक्ष्मण सेन और सूर्य सेन जैसे शासक प्रमुख थे। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में भी सेन समाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चटगांव विद्रोह के नायक सूर्य सेन को आज भी हम श्रद्धा से याद करते हैं। उन्होंने 12 जनवरी, 1934 को फांसी के फंदे को चूमा था। उनका बलिदान कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी सेन समाज ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। समाजवादी नेता और भारत रत्न स्वतंत्रता सेनानी कर्पूरी ठाकुर ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गरीब व जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत सालाना 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। इस योजना के तहत 25 लाख से अधिक लोगों के इलाज के लिए 4124 करोड़ रुपये के क्लेम दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना शुरू की गई है। इस योजना में प्रदेश के 30 हजार 655 कारीगरों का कौशल प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, इसके अलावा, 6 हजार कारीगरों को 56 करोड़ रुपये के ऋण दिये जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का उत्थान करने के लिए उसे आधुनिक शिक्षा देना भी जरूरी है। इसलिए सरकार ने हरियाणा पिछड़े वर्गों को शैक्षणिक संस्थाओं तथा नौकरियों में दाखिले में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया हैं। पिछड़े वर्गों के परिवारों के बच्चों की पढ़ाई के लिए देश में 15 लाख रुपये तथा विदेश में 20 लाख रुपये तक का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दिया जाता है।

### लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के खातों में भेजी किस्त

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने तीसरे कार्यकाल के एक साल की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 7,01,965 महिलाओं के खातों में दूसरी किस्त डाल दी है। प्रदेश सरकार ने पट्टेदार किसानों को मालिकाना हक देने का काम किया। इसी तरह सरकार ने किसानों को फसल खराबे के 15 हजार 627 करोड़ रुपए किसानों के खातों में भेजे हैं। पिछड़ा वर्ग की क्रीमी लेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख रुपए से बढ़ाकर 8 लाख रुपए की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेपरलेस रजिस्ट्री करवाई जा रही हैं। पिछड़ा वर्ग बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों में आरक्षण दिया गया है। पंचायतों व पालिकाओं की भूमि पर 20 वर्षों से अधिक समय से काबिज परिवारों को मालिकाना हक देने का प्रावधान किया गया। प्रदेश में सभी 24 फसलों की खरीद पर एमएसपी दी जा रही हैं। कार्यक्रम में अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के विकास को ध्यान में रख कर काम कर रही है। इसी कड़ी में संत महापुरुषों की जयंती का आयोजन भी सरकारी स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नो पर्ची नो खर्ची के विजन को ध्यान में रखते काम किया है। बीजेपी सरकार ने हरियाणा के विकास को गति देने का काम किया है। सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक विकसित भारत बने और इसी में हरियाणा भी सहयोग कर रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सेन समाज अति पिछड़ा वर्ग में आता है। सरकार ने ना सिर्फ सेन समाज बल्कि हर वर्ग को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और दूसरी सरकारों में इस समाज की अनदेखी की गई। कांग्रेस केवल कहती तो थी कि कांग्रेस का हाथ गरीब के साथ, लेकिन जब कुछ करने की बात होती थी तो केवल अनदेखी ही की गई, जबकि बीजेपी ने असल में सम्मान देने का काम किया है। कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग को साथ लेकर समान रूप से विकास करवाने की दिशा में काम कर रही है। इसलिए सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष सम्मान और विचार प्रचार प्रसार योजना के अंतर्गत संत महापुरुषों की जयंती का आयोजन कर सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। श्री बेदी ने कहा कि बीजेपी सरकार ने विकास के मामले में भी अतुलनीय कार्य किए है।

## न्यूज ब्रीफ

### नव-नियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



**जींद (अप्रस/रेखा)।** वन स्टॉप सेंटर की संचालिका राजवंती ने बताया कि बुधवार को देर सांय नव-नियुक्त न्यायिक अधिकारी महक, योगेश कौशिक और अनीशा द्वारा वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) का निरीक्षण किया गया।इस दौरान नव-नियुक्त न्यायिक अधिकारियों ने सेंटर की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सेवाओं तथा महिलाओं को दी जाने वाली त्वरित सहायता की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। केंद्र संचालिका ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित और हरियाणा सरकार के तत्वावधान में लागू महिलाओं के लिए एक राहतकारी योजना है। इसमें हिंसा से पीड़ित महिलाएं जैसे बलात्कार, घरेलू हिंसा, महिला तस्करी, बाल शोषण, गुमशुदा महिला, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, एसिड अटैक और साइबर क्राइम मामलों में प्रभावित महिलाओं को रखा जाता है। यहां उन्हें चिकित्सा सुविधा, कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक परामर्श, भोजन तथा पाँच दिनों तक अस्थायी आश्रय सहित सभी आवश्यक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में उपलब्ध एकीकृत सेवाएँ महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करती हैं। सेंटर में अब तक कुल 1696 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 724 महिलाओं ने रात्रि आश्रय के लिए पंजीकरण करवाया है। किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में कोई भी महिला हेल्पलाइन 181 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। केंद्र संचालिका ने बताया कि निरीक्षण उपरांत अधिकारियों ने उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर ऑफिस असिस्टेंट प्रियंका रानी और परामर्शदाता मोती राम उपस्थित रहे।

### छत के रास्ते ग्रिल तोड़ अंदर घुसे, लाखों रुपए का सामान चुराया

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा-दोसड़का मार्ग पर स्थित कमला एंक्लेव से बीती रात चोर छत के रास्ते ग्रिल तोड़कर एक कार्यालय में घुसे और लाखों रुपए का सामान चुरा लिया। घटना के बारे में उस समय पता चला जब कार्यालय में काम करने वाला लड़का पहुंचा। गांव बूड़ियों निवासी दलबीर सिंह ने बताया कि कमला एंक्लेव में उसका दशमेश अर्थमूविंग के नाम से कार्यालय है। बीती शाम वे अपने दोमंजिला कार्यालय को बंद करके गए थे। आज सुबह करीब 9.30 बजे उनके कार्यालय में काम करने वाला लड़का प्रिंस पहुंचा और शटर खोलकर अंदर गया तो देखा सारा सामान बिखरा पड़ा था व सामान चोरी हो गया था। उसने तुरंत दलबीर सिंह को फोन किया। वह मौके पर पहुंचे और डायल 112 को कॉल की जिस पर डॉयल 112 के कर्मचारी वहां पहुंचे। दलबीर सिंह ने बताया कि चोर उसके कार्यालय से एलईडी, दो इन्वर्टर, दो बैटरे, कैमरे सेट, एनवीआर, एसी के पार्ट व अन्य सामान चुरा ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत एक लाख से ऊपर है। उल्लेखनीय है कि बराड़ा डीएसपी का आवास भी इसी कार्यालय से कुछ दूरी पर है और सामने रोड से पुलिस रात को गश्त भी करती रहती है। दलबीर सिंह ने बताया कि उसके कार्यालय से कुछ दूरी पर बैड की चादर मिली है।

## मिट्टी के 1100 दीपक और 251 पंचगव्य दीपकों से किया ब्रह्म सरोवर में दीपदान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 4 दिसंबर।** अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव ब्रह्म सरोवर स्थल पंचगव्य दीप उत्सव दीपदान का कार्यक्रम बड़े हर्ष और राज से बनाया क्या जिसमें मिट्टी के 1100 दीपक और 251 पंचगव्य दीपक जलतरित जल में तैरने वाले संकल्प और सहभागी बनकर इस दीपक का दीपदान कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा भारतीय संस्कृति की रक्षा गौ माता की रक्षा नशा मुक्त समाज का निर्माण यह कार्यक्रम किया क्या कार्यक्रम में कर्मठ सैनिक भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोल्डी जी समाजसेवी व्हाइट हिल राइस मिल के ओनर नवनीत जैन कार्यक्रम के संयोजक तरुण जैन पूनम रोहिल्ला धर्म जागरण के कार्यकर्ता और कुछ समाजसेवी बंधु उपस्थित रहेगोमय स्वावलंबी यात्रा गीता जयंती महोत्सव पर महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का स्टॉल नंबर 532 जो गौ उत्पाद की प्रेरणा पर स्रोत हैगीता जयन्ती के उपलक्ष में महर्षि विद्या मंदिर स्कूल, विद्यालय कुरूक्षेत्र के समूह के सभी सदस्यों व छात्रों ने मिलकर पवित्र ब्रम्हसरोवर पर गुरु परम्परा पूजन किया व तरूण जैन पूनम रोहिल्ला से पंचगव्य का ज्ञान प्राप्त किया व उससे निर्मित वास्तुओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य ने बताया कि महर्षि जी के प्रत्येक स्कूल सरल, सहज, प्राकृतिक, वैज्ञानिक तकनीक भावातीत ध्यान के बारे में बताया इसमे जीवन को तनाव मुक्त कर आनंदमय जीवन जिया जा सकता है जिसमें लोगों की आंतरिक क्षमता विकसित होती है इसे हम सबको अपनाना चाहिए व आदर्श समाज निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

## राज्यपाल के मार्गदर्शन से मिली ग्रामीण विकास के कार्यों को और गति देने की प्रेरणा: सतपाल जांबा

**पुण्डरी विधायक ने हरियाणा के राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट, शिक्षा व प्राकृतिक खेती पर हुआ महत्वपूर्ण मंथन**

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पूंडरी, 4 दिसंबर।** हरियाणा राजभवन में वीरवार को पुण्डरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। मुलाक़ात के दौरान दोनों के बीच शिक्षा, प्राकृतिक खेती और पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे व प्रस्तावित विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक सतपाल जाम्बा ने राज्यपाल को क्षेत्र के विभिन्न शिक्षा संस्थानों, कृषि सुधार परियोजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं की वर्तमान प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

राज्यपाल प्रो. अशिम कुमार घोष ने जाम्बा द्वारा प्रस्तुत विकास कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें अपने व्यापक अनुभव से उपयोगी सुझाव प्रदान किए। उन्होंने प्राकृतिक खेती और शिक्षा क्षेत्र में नई व नवाचारपूर्ण पहल शुरू करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर और अधिक संवर्धित हो सके। विधायक जाम्बा ने बताया कि राज्यपाल के मार्गदर्शन से उन्हें अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास के कार्यों को और गति देने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा दिए गए सभी सुझावों को गंभीरता से लागू किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में सभी विकासात्मक और कल्याणकारी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

### राम नगर विद्यालय में 6 दिसंबर को होगा भव्य आयोजन

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 6 दिसंबर 2025 को एस.डी. बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राम नगर करनाल में 'सप्तशक्ति संगम' नामक भव्य सांस्कृतिक एवं मूल्याधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, मुख्य वक्ता डॉ मीनू ठाकुर नगर संघ संचालिका राष्ट्रीय सेवा समिति व वशिष्ठ अतिथि ममता सैनी पार्षद वार्ड 17, मीनू चावला जिला संयोजिका स्वदेशी जागरण मंच होंगी। कार्यक्रम के लिए विद्यालय परिसर को आध्यात्मिक एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप सुसज्जित किया जा रहा है। यह आयोजन प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम का दिनांक मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया विक्रमी संवत् 2082 के शुभ अवसर पर निर्धारित किया गया है। भारतीय संस्कारों और नारीशक्ति के सम्मान का संदेश 'सप्तशक्ति संगम' का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय जीवन मूल्यों, नारीशक्ति के सम्मान और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना है।

## श्रीराम कुष्ठ आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वहा रहने वाले परिवारों को दिया उनकी जरूरत का सामान

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 4 दिसंबर।** सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया की ट्रस्ट लगातार सामाजिक गतिविधियों में भाग लेता रहता है आज इसी कड़ी में कुष्ठ आश्रम में कार्यक्रम किया जा रहा है उन्होने कहा की भगवान यहां रहने वाले सभी परिवारजनों के जीवन में स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, यश-वैभव लाए, यही कामना करता हूँ।

उन्होंने वहा रहने वाले सभी लोगों को उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की वह अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए जिसमें डाबर बॉर्नवीटा, टूथपेस्ट, टूथब्रश, शैम्पू, नारियल तेल, शहद, खांसी से बचाव के लिए डाबर हनी टस आदि समान दिया गया। उन्होने सेवा ट्रस्ट यूके भारत के बारे में विस्तार पूर्वक बताया की सेवा ट्रस्ट यूके भारत समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है समय-समय पर इनको यह इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करती रहती हैं

सेवा ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने बताया की सेवा ट्रस्ट द्वारा अम्बाला के गाँव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएँ शुरू की जाएंगी। जिसमे दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है ताकि नन्ही जिंदगियों को बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा की सेवा धाम में विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर पाएंगी।

## कृषि शिक्षा दिवस पर बच्चों ने कृषि वैज्ञानिकों से सवाल किए

### भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में पहुंचे स्कूली बच्चे

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन




**करनाल, 4 दिसंबर।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति और केंद्रीय कृषि मंत्री, भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा पूरे देश में कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को कृषि के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया।। इसी सिलसिले में भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में कृषि शिक्षा दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में करनाल एवं आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों जैसे डीपीएस पब्लिक स्कूल, करनाल; पीआईईटी संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल टाउनशिप, पानीपत तथा उर्मिला गौतम, बायोलोजी क्लासेस, करनाल के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार की महत्वता पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के प्रति जागरूक किया तथा देश के विकास में कृषि के योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. अनुज कुमार, डॉ. रविन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. रिंकी, डॉ. वनीता पाण्डेय, डॉ. मंगल सिंह एवं डॉ. रमेश चन्द ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों तथा मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान से संबंधित जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरा सभी छात्रों ने संस्थान में स्थिति संग्रहालय एवं प्रयोगशालाओं में गहरी रूचि दिखाई। संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में कृषि क्षेत्र के प्रति जागरूकता, रुचि एवं समझ विकसित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल की गई।

## दूषित पानी आने से काजियान मोहल्लावासी परेशान

अर्थ प्रकाश/रेखा



**जींद, 4 दिसंबर।** शहर के काजियान मोहल्ला में पेजयल सप्लाई से बढ़ रहे रोगों को लेकर वीरवार को कालोनीवासियों ने रोष जताया। कालोनीवासियों का कहना था कि उन्हें जो पेयजल सप्लाई मिल रही है, उसमें क्लोरिन की मात्रा बहुत अधिक है। जिससे वो किडनी के रोगों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं कालोनी में कोई घर ऐसा नही है जहां बच्चे, वृद्ध और बड़े बीमार न पड़ रहे हों। इसके अलावा महिलाओं व पुरूषों के बाल तक इस पानी को पीने से उडने लगे हैं। कालोनीवासियों ने चेताया कि जल्द ही कालोनी की पेयजल सप्लाई लाइन पाइप को नही बदला गया और सप्लाई को ठीक नही किया गया तो वो आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

काजियान मोहल्ला निवासी निमिष, अरूणा, सोनिया, गर्व, तमन्ना, बबली आदि ने बताया कि वो कालोनी पिछले कई महीनों से अधिक क्लोरिन युक्त पानी की सप्लाई आ रही है। जिससे वो रोगों की चपेट में आ रहे हैं। कालोनी की जो पाइप लाइन है, उसे बदलने के लिए कहा गया था लेकिन पाइप लाइन को बदला नही गया। इसके अलावा पानी की बदबू को रोकने के लिए क्लोरिन की मात्रा को बढा दिया गया। जिससे कालोनी में अधिक क्लोरिन युक्त पानी की सप्लाई आ रही है। इस पानी को पीने से आंखों, त्वचा और श्वसन तंत्र में जलन, बालों का रूखापन और बालों का रंग फीका पडने जैसे रोगों से लोग ग्रस्त हो रहे हैं। क्लोरीनयुक्त पानी पीने से बाल भी झडने लगे हैं। वहीं क्लोरीन कपड़ों के रंगों को भी फीका कर रहा है। कालोनीवासियों ने कहा कि मामले को लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया गया था। तब कहा गया था कि पेयजल सप्लाई पाइप लाइन को बदल दिया जाएगा ताकि अगर कहीं लीकेज है तो गंदा पानी साफ पानी के साथ मिल कर न आए। पाइप लाइन को बदलने की बजाए उसी पाइप लाइन को दुरूस्त कर दिया गया और अधिक मात्रा में क्लोरिन युक्त पानी स्पलाई किया जाने लगा।

कालोनीवासियों ने चेताया कि जल्द ही उनकी पेयजल सप्लाई पाइप लाइन को नही बदला गया तो वो ठोस कदम उठाने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी।

## हरियाणा सरकार ने बदली प्रदेश की तस्वीर, 1 लाख 80 हजार युवाओं को दिया रोजगार: पंवार

### महिलाओं की चमक, प्रदेश में 28 हजार 'लखपति दीदी', सरकार ने रचा नया रिकॉर्ड

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 4 दिसंबर।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत हरियाणा रोजगार मिशन द्वारा गुरुवार को स्थानीय आर्य महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित विशाल रोजगार मेले में प्रदेश के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने 1 लाख 80 हजार युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्च रोजगार उपलब्ध कराकर एक नया इतिहास रचा है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार मेले सिर्फ नौकरी का माध्यम नहीं, बल्कि कौशल, अवसर और विश्वास का संगम बन चुके हैं, जहां युवाओं को एक मंच पर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और रोजगार तीनों मिल रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री पंवार ने बताया कि राज्य सरकार वर्ष 2014 से अब तक 51 हजार से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि रोजगार मेलों के माध्यम से लाखों युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं। हर जिले में रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि हर युवा सक्षम हो, आत्मनिर्भर बने और अपनी प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़े। मंत्री ने कहा कि हरियाणा में 28 हजार से ज्यादा लखपति दीदी तैयार हो चुकी हैं, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रमाण है। यह लक्ष्य इस वर्ष 50 प्रतिशत तक हासिल किया जा चुका है, जो ग्रामीण महिलाओं में बढ़ती आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं की सफलता का संकेत है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 60,878 स्वयं सहायता समूह गठित किए जा चुके हैं। मिशन अब 7706 गांवों में से 6504 गांवों तक पहुंच चुका है, जबकि 6393 ग्राम पंचायतों में से 5931 पंचायतें इस कार्यक्रम का सक्रिय हिस्सा बन चुकी हैं। यह अभियान युवाओं और महिलाओं की आजीविका को स्थायी बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों द्वारा चयनित युवाओं को मंत्री द्वारा जॉइनिंग लेटर भी प्रदान किए गए। मंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को समझती है और उन्हें साकार करने के लिए रोजगार, कौशल और स्वावलंबन तीनों स्तरों पर व्यापक कार्य हो रहा है।

हरियाणा सरकार का उद्देश्य केवल नौकरी देना नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां युवा स्वयं को सक्षम, समर्थ और भविष्य के लिए तैयार महसूस करें। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य ग्रामीण मिशन के सीईओ सूरज भान ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में संचालित है, जिसका मुख्य लक्ष्य है गरीबी में कमी, युवाओं-महिलाओं को आर्थिक मजबूती और सतत आजीविका उपलब्ध कराना।

कार्यक्रम के समापन पर जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण ने सभी अतिथियों का स्वागत और मंत्री पंवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, एसडीएम मनदीप सिंह, बीजेपी महिला जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा, महामंत्री पिंकी वर्मा, जिला परिषद पूर्व चेयरमैन रणवीर, दिलबाग, सुरेंद्र नोहरा आदि

# कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) पंजाब, चंडीगढ़ ने किया सालाना कल्चरल प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन

## हरियाणा के गवर्नर श्री आशिम कुमार घोष ने कल्चरल मेलजोल को बढ़ावा देने के लिए पीएजी (ऑडिट), पंजाब, चंडीगढ़ की तारीफ़ की

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) पंजाब, चंडीगढ़ का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 4 दिसंबर 2025 को टैगोर थिएटर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो कला और संस्कृति का एक शानदार उत्सव रहा।

इस अवसर पर माननीय श्री अशीम कुमार घोष, राज्यपाल, हरियाणा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राज्य एवं संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ के अतिरिक्त केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधान महालेखाकार सुश्री नाज़ली जे. शाईन, आई.ए.ए.एस, द्वारा माननीय मुख्य अतिथि व अन्य उपस्थित दर्शकों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गयी। अपने उद्बोधन में माननीय मुख्य अतिथि ने विभाग द्वारा सांस्कृतिक समरसता एवं कर्मचारी सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की एवं सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

इसी क्रम में सरस्वती वंदना के साथ शास्त्रीय नृत्य, पंजाबी गिद्धा और भांगड़ा प्रस्तुतियाँ, गतिशील हरियाणवी नृत्य एवं अन्यप्रस्तुतियों से मंच जीवंत हो उठा।

यह बहुप्रतीक्षित आयोजन रचनात्मकता, विविधता एवं एकता का उत्सव था, जिसने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को एक ही छत के नीचे सांस्कृतिक अभिव्यक्ति की आनंदमयी अनुभूति साझा करने हेतु एकत्रित किया। यह केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं था, अपितु प्रतिभा के प्रदर्शन, टीम भावना को सुदृढ़ करने तथा पेशेवर भूमिकाओं से परे संबंधों को प्रगाढ़ बनाने का एक प्रभावी मंच भी सिद्ध हुआ।

इस कार्यक्रम का महत्व इसकी उस क्षमता में परिलक्षित हुआ, जिसके माध्यम से संगीत, नृत्य, नाटक एवं कला के द्वारा सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिला तथा हमारे देश की जीवंत परंपराओं एवं उन मूल्यों का प्रतिबिंब प्रस्तुत हुआ जिन्हें आईए एंड एडी एक संगठन के रूप में धारण करता है। ऐसे आयोजन समावेशिता को बढ़ावा देते हैं, कार्यालय के प्रत्येक वर्ग को सहभागिता का अवसर प्रदान करते हैं तथा एकता एवं पारस्परिक सम्मान को सुदृढ़ करते हैं। इस प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियाँ मनोबल, सृजनात्मकता एवं सहयोग को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे एक सकारात्मक एवं समग्र कार्य वातावरण का निर्माण होता है। परिवारों की सहभागिता से इस कार्यक्रम ने अपनत्व एवं साझा पहचान की भावना को पोषित किया, जिससे यह एक सच्ची सामुदायिक पहल बनी।

कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति के साथ, वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया कि किस प्रकार पेशेवर संस्थान सांस्कृतिक मूल्यों को संगठनात्मक जीवन में समाहित कर सकते हैं, एक ऐसा वातावरण निर्मित करते हुए, जो उत्कृष्टता एवं अभिव्यक्ति दोनों को समान महत्व देता है।

# शर्मनाक! मोदी सरकार को फौज से ज्यादा 'गुटखा बेचने वालों' पर भरोसा: कंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 5 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और श्री आनंदपुर साहिब से सांसद मलविंदर सिंह कंग ने संसद में 'हेल्थ सिक्योरिटी और नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल 2025' पर चर्चा के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कंग ने बिल के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार पान मसाला और तंबाकू जैसी हानिकारक चीजों को 'राष्ट्रीय सुरक्षा' से जोड़कर देश के साथ भद्दा मजाक कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब तक हम सोचते थे कि देश की सुरक्षा हमारी बहादुर सेना करती है, लेकिन इस बिल के बाद तो पान और तंबाकू बेचने वाले दावा करेंगे कि देश की सुरक्षा वे कर रहे हैं।

सांसद कंग ने संसद में गरजते हुए कहा कि यह बेहद हास्यास्पद और विरोधाभास से भरा विषय है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा हमारी ग्रेट इंडियन आर्मी करती है, लेकिन सरकार ऐसा बिल लाकर यह संदेश दे रही है कि पान-मसाले पर टैक्स देने वाला व्यक्ति देश को सिक्योर कर रहा है। कल को पान की दुकान वाला कहेगा कि मैं टैक्स दे रहा हूं, इसलिए बॉर्डर सुरक्षित है। कंग ने कहा कि सेहत की सुरक्षा अच्छे खेल ढांचे और अच्छी डाइट से होती है, न कि तंबाकू से, जिसे हर जगह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताया गया है। उन्होंने सिख इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का घोड़ा भी तंबाकू के खेत को देखकर रुक गया था, सिख धर्म में इसे इतना बुरा माना जाता है, लेकिन सरकार इसका महिमामंडन कर रही है।

मलविंदर सिंह कंग ने भाजपा के गुजरात मॉडल को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुंद्रा पोर्ट से हजारों करोड़ रुपये की नशे की खेप पकड़ी जाती है जो पूरे देश में फैल रही है, सरकार उन बड़े मगरमच्छों पर क्या कार्रवाई कर रही है? उन्होंने पंजाब का मुद्दा उठाते हुए कहा कि हमारा पाकिस्तान के साथ 750 किलोमीटर लंबा बॉर्डर लगता है। मुख्यमंत्री भगवंत मान बार-बार इसके आधुनिकीकरण की मांग करते हैं। कंग ने पूछा कि क्या इस सेस से इकट्ठा पैसा पंजाब के बॉर्डर को सुरक्षित करने में लगाया जाएगा? उन्होंने बिल में उस क्लॉज पर भी आपत्ति जताई जिसमें कहा गया है कि कीमतों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। कंग ने कहा कि क्या सरकार चाहती है कि लोग सस्ता नशा करें और पान मसाले का कारोबार और बढ़े?

कंग ने अंत में कहा कि सरकार जीएसटी और अन्य माध्यमों से टैक्स का केंद्रीकरण कर रही है। उन्होंने मांग की कि इस सेस से इकट्ठा होने वाले पैसे में राज्यों का हिस्सा स्पष्ट किया जाए। कंग ने नसीहत देते हुए कहा कि अगर सरकार वाकई में हेल्थ और नेशनल सिक्योरिटी चाहती है तो उसे स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों के खानपान को बेहतर करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि तंबाकू और पान मसाले जैसी चीजों को ग्लोरिफाई करके उनसे देश की सुरक्षा का ढोंग रचना चाहिए।

# लोक निर्माण विश्राम गृह में सीएम विंडो के तीन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के लोगों की सुनी समस्याएं

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 4 दिसंबर।** कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में सीएम विंडो के तीन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। समस्या सुनने वाले प्रतिनिधियों में मेनपाल राणा, मदन मटौर व कृष्ण बालू शामिल रहे। घंटों चली जन सुनवाई में एक-एक समस्या को गंभीरता से सुना गया। सीएम विंडो प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकास एवं कल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन में किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता तक सरकारी योजनाओं के लाभ पहुंचाने में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी कोताही बरतता पाया गया तो उसके खिलाफ तुरंत संज्ञान लिया जाएगा। इस दौरान अलग-अलग विभागों से संबंधित शिकायतें नागरिकों द्वारा सीएम विंडो पटल पर रखी गई। कई पात्र लाभार्थियों ने प्रतिनिधियों के सामने शिकायत रखी कि उन्हेंसरकारी योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले लाभ उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। प्रतिनिधियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को लाभ देने में किसी प्रकार की देरी न की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है। जनसुनवाई के दौरान विकास कार्यों में अनियमितताओं और गोलमाल की शिकायतें भी सामने आई। इन मामलों पर तुरंत कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनता और प्रशासन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए ऐसे जनसुनवाई कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

# 16 वें भंडारे का आगाज 108 मां रूपी कन्या पूजन से होगा: राजेश जैन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गुहला-चीका, 4 दिसंबर।** प्रमुख समाज सेवी ट्रस्ट मां वैष्णों देवी इंटरनैशनल फाऊंडेशन ट्रस्ट के पदाधिकारियों की अहम बैठक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन के प्रतिष्ठान कामधेनु राइस मिल के प्रांगण में हुई। इस अवसर पर महासचिव तरसेम गर्ग ,कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार जैन कैथल, सहसचिव शमशेर सिंह फाउंडर ट्रस्टी,तरूण बंसल, , नरेश जैन , संजीव बंसल ट्रस्टी मोती राम बंसल सहित अनेक साथी मौजूद थे।

यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के महासचिव गगन गोयल ने बताया कि आज की बैठक की अध्यक्षता हरिद्वार से फाउंडर ट्रस्टी सचिन गोयल ने की बैठक की अध्यक्षता करते हुए फाउंडर ट्रस्टी सचिन गोयल ने सुझाव दिया कि इस भंडारे में 108 कन्यायो का पूजन किया जाए। इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि कटरा स्थित दुर्गा रेसीडेंसी एवम् दुर्गा भवन में 16 वे भंडारे का आगाज कन्या पूजन से होगा। मां वैष्णों देवी धाम कटरा में नव वर्ष के पावन अवसर पर लगने वाले 16 वे भंडारे को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चूकी हैं। ट्रस्ट से जूड़ी सभी राज्यों की सभी शाखाओं के सभी सदस्यों एवं सभी राज्यों के प्रभारियों को भंडारे की अपनी-अपनी ड्यूटियां सौंप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि 16 वां भंडारा 29 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी 2026 तक दूर्गा भवन कटरा ,विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन कटरा एवम् भूमिका मंदिर कटरा में लगया जाएगा। इस अवसर पर मां वैष्णों देवी धाम पर आने जाने वाले सभी मां के भक्तों के लिए 24 घंटे अटूट भंडारे की व्यवस्था,फ्री मैडिकल कैम्प व भंडारे की चारों रात को आधा दर्जन प्रमुख गायकों की मौजूदगी के मां भगवती का गुणगान किया जाएगा।

ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि भंडारे नव वर्ष की पूर्व संध्या का आयोजन एमएच वन श्रद्धा चैनल पर लाइव टेलीकास्ट होगा इस भंडारे में भारत के कोने कोने से एवम् ट्रस्ट की शाखाओं से

जुडे भक्तजन मां वैष्णों के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जैन ने मां वैष्णो के सभी भक्तजनों से निवेदन किया कि वो इस पुनीत पर्व पर अपने परिवार सहित शामिल होकर मां वैष्णो के दर्शन करे एवम् भंडारे में अपनी सेवाएं प्रदान करे बैठक में ट्रस्ट की ओर से भविष्य में बनने वाली धर्मशाला हेतु जमीन खरीदने को लेकर भी चर्चा हुई।


केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

वसूली एवं विधिक अनुभाग, परिमंडल कार्यालय, द्वितीय तल, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़
दूरभाष संख्या 0172-2602431, 2663733, ई-मेल rlcochd@canarabank.com

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2), 8 (6) एवं (9) के अधीन ई-नीलामी के माध्यम से चल/अचल संपत्तियों की बिक्री सूचना**

**ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.12.2025 को सायं 5.00 बजे तक**

**ई-नीलामी की तिथि: 24.12.2025 को प्रात: 11.30 बजे से दोप. 12.30 बजे (बिक्री के समापन तक 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित)**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रवर्तन तथा वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के प्रावधानों के अधीन कब्जा प्राप्त किया गया है, जिनकी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस लि. द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com/ के माध्यम से ई-नीलामी का प्रबंध किया गया है। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए 'ई-नीलामी' लिंक का संदर्भ लें।

| क्र. सं. | शाखा का नाम/ऋणी/ गारंटर का नाम एवं पता | संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | निर्दिष्ट तिथि पर कुल देयताएं | आरक्षित कीमत (रु. में) | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. में) | खाता संख्या का विवरण / आईएफएससी कोड / कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केनरा बैंक, एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा, श्री मनोज एस.आर., सहायक महाप्रबंधक, दूरभाष: 0172-2601664, 8727971300 ई-मेल: cbzww®@canarabank.com<br>ऋणी:-मेसर्स एमडीएफ फूड्स एण्ड फार्मा, गाँव नलवी, तहसील शाहबाद, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136130, भागीदार:- (1) श्री मंदीप पांचाल पुत्र सुभाष चंद्र, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा 136135 (2) श्री रवि पुत्र सुभाष चंद्र, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (3) श्रीमती संतोष रानी पत्नी सुभाष चंद्र, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135, गारंटर:- (1) श्रीमती राखी पुत्री अमरनाथ, गाँव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (2) श्रीमती अनु पुत्री किशन, गांव शहजादपुर, इस्माईलाबाद रोड, शाहबाद, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 (3) श्री मनोज कुमार पुत्र जगदीश चंद, मकान सं. 119, वार्ड सं. 6, अनाज मंडी चीका, हरियाणा-136034 | शहजादपुर, तहसील शाहबाद मारकंडा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा स्थित औद्योगिक सह रिहायशी प्लाट एवं स्ट्रक्चर, 1 कनाल 8 मरला, 3 कनाल 4 मरला का 7/16 हिस्सा बियरिंग खेवट सं. 5, खतौनी सं. 5, आयत सं. 32 खसरा सं. 12/2/3(3-4)। 1 कनाल 3 मरला, 2 कनाल 14 मरला का 27/54 हिस्सा बियरिंग खेवट सं. 6, खतौनी सं. 6, खसरा सं. 13/2/2/2(2-14)। कुल भूमि-2 कनाल 11 मरला। सब-रजिस्ट्रार शाहबाद (मा) के साथ पंजीकृत, वसीका सं. 426 दिनांक 21.05.2019 के अंतर्गत पंजीकृत। | 30.09.2025 को कुल देयताएं: रु. 2,33,03,933.09 जमा 01.10.2025 से आगामी ब्याज | Rs. 1,64,00,000/- | Rs. 16,40,000/- | 209272434 / CNRB0005220 / प्रतीकात्मक कब्जा |

**अन्य नियम एवं शर्तें-** बिक्री निम्नलिखित शर्तों से तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्दिष्ट शर्तों का विषय होगी। **ए.** संपत्तियों को ''जैसा है जहां है एवं जो है जैसा है' आधार पर भारों, यदि कोई हो, सहित बेचा जाएगा। (बैंक को भारों का ज्ञान नहीं है। भारों के विवरण हेतु निम्न 7(डी) में संदर्भित जमा धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने से पूर्व अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें। **बी.** बैंक के रिकार्ड के अनुसार संपत्ति के अंतर्गत स्थानीय स्वयं सरकार की बकाया देय राशि बैंक को ज्ञात नहीं है, इसलिए इस हेतु सूचना प्राप्त नहीं हुई है। खरीददार देय, यदि कोई हो, की अदायगी करने हेतु जिम्मेदार होगा। **सी.** नीलामी/बोली केवल वेबसाईट https://baanknet.com/ के माध्यम से 'ऑनलाईन विद्युत बोली' के माध्यम से की जाएगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाईट के माध्यम से जाने का परामर्श दिया जाता है। **डी.** संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व अनुमति के साथ 15.12.2025 एवं 16.12.2025 को सायं 03.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य किया जा सकता है। **ई.** संपत्ति आरक्षित कीमत से कम में नहीं बेची जाएगी तथा प्रतिभागी बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव सुधार सकते हैं। **एफ.** अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री उक्त वर्णित तिथि एवं समय पर वेबसाईट https://baanknet.com/ पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपना मोबाईल सं. एवं ई-मेल आईडी उपयोग करते हुए पोर्टल (https://baanknet.com/) पर पंजीकृत होने का निवेदन किया जाता है (क्रेता पंजीकरण लिंक वेबसाईट के होम पेज पर प्रदान किया गया है)। आगे इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंजीकरण और ई-केवाईसी पूरा करना और बैंक विवरण जोड़ने का निवेदन किया जाता है। एक बार पंजीकरण और ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा हो जाता है तो इच्छुक बोलीदाता/क्रेता ईएमडी अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी राशि जमा करेंगे। कृपया नोट करें कि ईएमडी राशि https://baanknet.com/ पर बनाए गए केवल ई-वॉलेट में हस्तांतरित की जाएगी। ई-वॉलेट में निधि/राशि जमा करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है: (i) 'ई-वॉलेट' में निधि/राशि जमा करने की विधि ऑनलाईन है अर्थात https://baanknet.com/ से चालान जनरेट करने के पश्चात अथवा भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन है, चालान जनरेशन के मामले में भुगतान किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से एनईएफटी ट्रांसफर/आरटीजीएस के माध्यम से किया जा सकता है। (ii) पंजीकरण, ई-केवाईसी और ई-वॉलेट में निधि/राशि का हस्तांतरण अग्रिम में पूरा किया जाना है। केवल उनके ई-वॉलेट में पर्याप्त निधि/राशि होने के पश्चात इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व ईएमडी का भुगतान करने में सक्षम होंगे। यदि प्रस्ताव एक से अधिक संपत्ति हेतु है तो बोलीदाता ई-वॉलेट प्रत्येक संपत्ति के लिए ईएमडी के समान राशि जमा करेगा। यदि राशि ईएमडी राशि के बराबर ई-वॉलेट में उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम ईएमडी जमा करने की अनुमति नहीं देगा। (iii) इच्छुक बोलीदाता आरक्षित कीमत की 10 प्रतिशत की ईएमडी राशि 23.12.2025 को सायं 5.00 बजे अथवा पूर्व में जमा करेगा। **जी.** इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करे और नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। **एच.** असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। **आई.** इच्छुक बोलीदाता पोर्टल https://baanknet.com/ पर अपना नाम पंजीकृत करें और नि:शुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। भावी बोलीदाता सेवाप्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा.लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। **जे.** असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी Ebkray.in (मेसर्स पीएसबी एलायंस लि.) के साथ बनाए गए संबंधित ई-वॉलेट में वापस कर दी जाएगी। इसके पश्चात बोलीदाता अपने पंजीकृत खाते में ई-वॉलेट से निधि/राशि निकाल सकते हैं। कृपया नोट करें कि ईएमडी पर किसी ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। **के.** नीलामी उक्त वर्णित आरक्षित कीमत से प्रारंभ की जाएगी। बोलीदाता अपने प्रस्ताव में रु.10,000/- के गुणज में सुधार कर सकते हैं। बोलीदाता 'ऑनलाईन' नीलामी के समापन पर उच्चतम बोली (जो आरक्षित कीमत से कम न हो) प्रस्तुत करेंगे, उन्हें सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित कर दिया जाएगा। बिक्री की पुष्टि सफल बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा इसकी पुष्टि का विषय होगा। **एल.** सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित होने पर तत्काल बिक्री राशि का 25 प्रतिशत (पहले से अदायगी की गई ईएमडी सहित) जमा करेगा तथा शेष राशि सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर अदायगी की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता उक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर बिक्री राशि की अदायगी करने में असफल होगा तो उसके द्वारा जमा की गई राशि बिना कोई सूचना दिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त की जाएगी तथा संपत्ति की पुन: बिक्री की जाएगी। **एम.** कन्वेयंस, स्टैंप ड्यूटी तथा पंजीकरण प्रभार आदि हेतु सभी प्रभार लागू अनुसार केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। **एन.** जब संपत्ति की बिक्री को विचारा जाएगा 50.00 लाख उक्त सफल बोलीदाता की बिक्री प्रक्रिया पर @1% टीडीएस की स्त्रोत पर कटौती की जाएगी और फार्म 26 क्यूबी में चालान प्रस्तुत करके इसे जमा करवाया जाएगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल प्रति जमा करनी होगी। **ओ.** चल संपत्ति की बिक्री उस पर लागू जीएसटी और उक्त बिक्री मूल्य का विषय अधीन है। **पी.** प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों को बदलने अथवा स्थगित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। **क्यू.** अधिक जानकारी के लिए केनरा बैंक एसएआरएम चंडीगढ़ शाखा या सेवा प्रदाता मेसर्स मेसर्स पीएसबी एलायंस प्रा. लि., कारपोरेट कार्यालय:- यूनिट 1, तृतीय तल, वीआईओएस कॉमर्शियल टावर, समीप वडाला ट्रक टर्मिनल, वडाला ईस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400037, हेल्पडेस्क संख्या-8291220220, ई-मेल: support.BAANKNET@psballiance.com से या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com से संपर्क करें। बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए केनरा बैंक की वेबसाइट (www.canarabank.com) पर प्रदान किए गए 'ई-नीलामी' लिंक का संदर्भ लें।

**विशेष निर्देशन/सावधानी**

बोलीदाता द्वारा अपने हित में अंतिम मिनट/क्षण में बोली से बचें। बोलीदाता अथवा वेंडर की ओर से इस प्रकार के मामलों में न तो केनरा बैंक और न ही सेवा प्रदाता किसी लैप्स/असफलता (इंटरनेट असफलता, पावर असफलता आदि) हेतु जिम्मेदार होगा। वार्डऑफ तथा फुटकर स्थिति से क्रम में बोलीदाता को सभी वांछित प्रबंध/विकल्प जैसेकि बैकअप, पावर सप्लाई करने का निवेदन किया जाता है तथा जिससे वह इस प्रकार की परिस्थितियों से बचने में सफल हों तथा सफलतापूर्वक नीलामी में भाग लेने हेतु सक्षम हों।

**15 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना (यथासंशोधित प्रतिभूति हित नियम 2002 के अनुसार)**

दिनांक: 04.12.2025 स्थान: चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

AP-5986


## पेज नंबर-1 का शेष

### पंजाब में 500...

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए पंजाब सरकार प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं को उजागर कर रही है, सहयोग के नए क्षेत्रों की संभावनाएं तलाश रही है और जापानी उद्योग के साथ लंबे समय की साझेदारी को और गहरा कर रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब आज भारत के सबसे अधिक कारोबार-अनुकूल राज्यों में से एक है और भारत सरकार ने व्यापार सुधार कार्य योजना (बी.आर.ए.पी.) 2024 रैंकिंग में पंजाब को अग्रणी के रूप में मान्यता दी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश सरकार द्वारा कारोबार को सुगम बनाने, पारदर्शिता और जवाबदेही पर ध्यान केंद्रित करने को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दूरंदेशी सोच है, जो नीति में स्थिरता, समय पर निर्णय लेना और निवेशकों के समय तथा विश्वास का सम्मान करने वाली शासन प्रणाली प्रदान करना है, ताकि पंजाब को वैश्विक स्तर पर उद्योग के लिए पसंदीदा गंतव्य बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब का दृष्टिकोण साझेदारों और उद्योगों के साथ मिलकर काम करना, उनकी जरूरतों को समझना और सरकार की ओर से विकास को सुनिश्चित करना है। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि पंजाब ने अपने बुनियादी ढांचे को और मजबूत करते हुए औद्योगिक क्षमता का विस्तार कर चुका है और निवेश के नए रास्ते खोल चुका है।


बिहार सरकार

**न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर सदर**

**न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर में मद्य निषेध अधिनियम, 2016 के अन्तर्गत संचालित राज्यसात वाद में संबंधित वाहन स्वामी को अंतिम रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के संबंध में**

**-: अल्पकालीन आम सूचना :-**

बजरिये न्यायालय नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, **2016** की धारा **56** (घ) के अन्तर्गत अवैध रूप से देशी/विदेशी शराब का परिवहन करने के आरोप में निम्नलिखित वाहन विभिन्न थाना काण्डों में जप्त कर अधिहरण-प्रस्ताव, पुलिस अधीक्षक, बक्सर/अधीक्षक उत्पाद, बक्सर के माध्यम से प्राप्त होने के फलस्वरूप, विधिवत उत्पाद अधिहरण वाद प्रारम्भ किया गया है। नोटिस किए जाने के बावजूद/नोटिस वापस होने के फलस्वरूप इन वाहनों के लिए कोई दावेदारी प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इस आधार पर उक्त जप्त वाहन अधिहरण करने योग्य हैं।

मद्य निषेध नियमावली, **2022** के नियम **12** (क) **(2)** में निहित उपबंधों के आधार पर शास्ति **(Penalty)** की राशि जमा कर वाहन मुक्त कराना चाहते हों, तो **15** दिनों के अन्दर **प्रपत्र-IV** में अपना आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में समर्पित करें। वाहनों की विवरणी निम्नवत है :-

| क्र0 | राज्यसात वाद संख्या | थाना काण्ड संख्या | जप्त वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | परिवहन कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार गाड़ी मालिक का नाम व पता | सुनवाई की अगली तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | 45/2025 | उत्पाद बक्सर 165/2025 | मोटर साईकिल | HR-12AQ-7613 | ललन कुमार महतो, पिता-राम सुन्दर महतो, साकिन-हाउस नं0-1134/38, सुभाष नगर, रोहतक, हरियाणा | 10.12.2025 |

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कॉलम **05** में अंकित जप्त वाहन/वाहनों में से कॉलम **06** में अंकित वाहन-स्वामी अथवा अन्य किसी व्यक्ति/संस्था का हित निहित हो तो उक्त कॉलम **07** में वर्णित निर्धारित तिथि तक स्वयं या वकालतन, न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर में उपस्थित होकर अपने-अपने वाहन के मालिकाना हक से संबंधित दावा/पक्ष व कागजात प्रस्तुत करें। अनुपस्थित होने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि उक्त गाड़ी से आपको कोई सरोकार नहीं है। तत्पश्चात उक्त जप्त वाहन को सुनवाई उपरान्त बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, **2016** की धारा-**58 (2)** के अन्तर्गत राज्यहित में अधिहरण कर लिया जायेगा।

इसे सख्त ताकीद समझें।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बक्सर सदर।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 018908 ( District ) 2025-26 नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

AP-5996


# एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में देश की 15 फेडरेशन 7 दिसंबर को होंगी शामिल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 4 दिसंबर।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में 7 दिसंबर को देश की 15 खेल फेडरेशन विश्वविद्यालय से एमओयू करने जा रही हैं। यह जानकारी यूनिवर्सिटी एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज डॉ. देवेंद्र ढुल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। डॉ. ढुल ने बताया कि इन फेडरेशनों के जुड़ने से न सिर्फ कैथल बल्कि आसपास के जिलों के खिलाड़ियों को भी बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के बेटे अशोक ध्यानचंद मुख्य अतिथि होंगे। खास बात यह है कि वे एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के ब्रैंड एंबेसडर भी बनेंगे। विश्वविद्यालय में अगले वर्ष तक कुल 15 खेल अकादमियां स्थापित करने की योजना है। 7 दिसंबर को कबड्डी अकादमी की शुरुआत की जाएगी। उसी दिन कबड्डी का विशेष मैच भी आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी तीर्थ होंगे। डॉ. ढुल ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से बाकी सभी खेल अकादमियों को भी शुरू किया जाएगा जिससे स्कूली स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक खिलाड़ी तैयार किए जा सकें। मुख्य अतिथि के रूप में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचंद कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

## 14 दिसंबर की दिल्ली में 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली होगी ऐतिहासिक: रामचंद्र गुर्जर

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की जा रही 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली में रिकार्ड तोड़ भीड़ उमड़ेगी और रैली भीड़ के सभी रिकार्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक होगी। रैली को लेकर हरियाणा सहित देश की जनता में भारी जोश व उत्साह है। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि यह रैली मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते हमलों के खिलाफ एक ऐतिहासिक आवाज बनेगी। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बुलंद करने के लिए सडक़ से सदन तक संघर्ष कर रही है। 14 दिसंबर की यह महारैली सिर्फ राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प है। हरियाणा से भारी संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे और अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने यह भी बताया कि जिला स्तर पर बैठकें, जनसंपर्क अभियान और वाहन व्यवस्थाओं सहित सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मौजूदा हालात में यह रैली देशभर के कार्यकर्ताओं के लिए एक प्रेरणादायी संदेश देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रामलीला मैदान पहुंचकर रैली को ऐतिहासिक बनाएं। कांग्रेस जिलाण्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने बताया कि 'वोट चोर, गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियां जोरों पर है और इसी क्रम में एआईसीसी मुख्यालय इंदिरा भवन में हरियाणा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी जिसमें वरिष्ठ नेताओं के साथ विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों ने भाग लिया था।

# राष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी 48 लाख के इमिग्रेशन फ्राड में साथियों संग गिरफ्तार

8 युवकों को दिखाए फिनलैंड-ऑस्ट्रेलिया-इटली में वर्क वीजा के ख्वाब

8 मोबाइल, 1 लैपटॉप, 40 पासपोर्ट, फिनलैंड के 4 टीआरसी कार्ड, 6 चेकबुक, कई मुहरें, लगभग 10 एटीएम कार्ड और 6.75 लाख नकदी बरामद, आरोपी गुरचरण के खाते में 4 लाख रुपये फीज भी करवाए





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 4 दिसंबर।** जिला के 8 युवाओं को फिनलैंड-ऑस्ट्रेलिया और इटली में वर्क वीजा के जरिए विदेश में सेटल करने के सुनहरे ख्वाब दिखाकर करीब 48 लाख रुपए ठगने वाले एक अंतरराज्यीय इमिग्रेशन फ्राड गिरोह का पंचकूला पुलिस ने पर्दाफाश किया है। 5 सदस्यीय इस गिरोह में नैशनल बॉक्सिंग प्लेयर भी शामिल है। शिकायतकर्ता महिला पंचकूला के सैक्टर-14 स्थित वेस्टएड वीजा सोल्यूशंस की प्रतिनिधि है, ने डीसीपी पंचकूला कार्यालय में इस ठगी की शिकायत दी थी।

शिकायत में बताया गया था कि वह पिछले साल उनके जानकार वीज़ा एजेंटों ने अपने ग्राहकों को फिनलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इटली का वर्क वीज़ा दिलाने के लिए आरोपी गुरचरण सिंह से संपर्क कराया था, जिसने स्वयं को वैध वर्क परमिट लाइसेंसधारक बताते हुए सफलता का झांसा दिया। प्रतिनिधि तरनप्रीत कौर ने 8 युवाओं के वीज़ा के नाम पर उसे 48,25,600 रुपये सौंपे और उनके पासपोर्ट व दस्तावेज़ भी दे दिए। आरोप है कि गुरचरण सिंह ने मार्च व अप्रैल में फर्जी उड़ान तारीखें दीं, लेकिन किसी की फ्लाइट सुनिश्चित नहीं हुई। इसके बाद अन्य एजेंट ने अपने क्लाइंट्स के साथ तरनप्रीत कौर के कार्यालय पहुंचीं और दबाव बनाकर दो ग्राहकों के 8,00,000 रुपये तरनप्रीत से ही वापस करवाए, जबकि यह राशि गुरचरण को दी गई थी। जब शिकायतकर्ता ने गुरचरण सिंह से पैसे वापस लेने की कोशिश की, तो वह फरार हो गया।

डीसीपी ने आगे बताया कि हमारी एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट इन्चार्ज योगविन्द्र सिंह व जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने टीम की साइबर सेल इन्चार्ज रामू स्वामी की टीम की मदद से कार्रवाई करते हुए 13 नवंबर को मुख्य आरोपी गुरचरण सिंह को पंजाब के नवाशहर से दबिश देकर गिरफ्तार किया और उसे पूछताछ से बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने 25 नवंबर 2025 को गिरोह के अन्य सदस्यों शहबाज उर्फ प्रजापति उर्फ गौरंग पुत्र मोहम्मद हुसैन वासी महाराष्ट्र, अनिकेत उर्फ ऋषि उर्फ कार्तिक वासी जिला मुंगेर हाल जयपुर राजस्थान तथा अंशु कुमार पुत्र राजू शाह वासी जिला मुंगेर, बिहार को दिल्ली के पहाड़गंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जांच में मिली जानकारी के आधार पर 30 नवंबर को पुलिस ने पांचवे आरोपी अजय सेठी वासी गन्नौर, जिला सोनीपत, जो कि पंकज शर्मा के फर्जी नाम का इस्तेमाल कर रहा था, समालखा पानीपत से पकड़ा। आरोपी शहबाज राष्ट्रीय स्तर का बॉक्सिंग खिलाड़ी भी रहा है। ये चारो आरोपी 5 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर हैं। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्यों ने विदेश भेजने के नाम पर कई युवाओं को मुंबई के एक होटल में करीब एक माह तक रोके रखा। आरोपियो ने मिलकर जयपुर में एक नया ऑफिस भी खोला था ताकि राजस्थान में अपना नेटवर्क फैला सके।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि अब तक आरोपियों से 8 मोबाइल, 1 लैपटॉप, पंजाब-हरियाणा-चंडीगढ़ के 40 पासपोर्ट, फिनलैंड के 4 टीआरसी कार्ड, 6 चेकबुक, कई मुहरें, लगभग 10 एटीएम कार्ड और 6.75 लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद के साथ-साथ आरोपी गुरचरण के खाते में 4 लाख रुपये फीज भी करवाए है। आरोपियो से लगातार पूछताछ जारी है।

### मास्टरमाइंड पर 6 केस दर्ज

पुलिस जांच से यह भी पता चला है कि गिरोह के सदस्य लगातार फर्जी नामों का उपयोग करते थे और उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी है। मुख्य आरोपी गुरचरण सिंह के खिलाफ पंजाब में 6 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अजय सेठी के खिलाफ दिल्ली और सोनीपत में 4 आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। इसी तरह शहबाज और अनिकेत के खिलाफ सिरसा जिले में भी मामला दर्ज है। सभी मामले विदेश भेजने के नाम पर ठगी के है। अन्य आरोपियो की तलाश जारी है और उनको भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

विदेश अवसरों के नाम पर युवाओं को ठगने वाले नेटवर्क के खिलाफ पंचकूला पुलिस की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, ऐसे अपराधी किसी भी हाल में बच नहीं सकते।

**शिवास कविराज, एडीजीपी (पुलिस आयुक्त पंचकूला- एवं- अध्यक्ष अवैध प्रवास मामले, हरियाणा)**

15वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला

# राजस्थान के कालबेलिया और तेलंगाना के मथुरी नृत्य का जमा रंग

फिजाओं में उत्तराखंड की संस्कृति का अहसास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** कलाग्राम में चल रहे 15वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में गुरुवार को दिन के सत्र में राजस्थान के कालबेलिया डांस में नृत्यांगनाओं के डांस के साथ-साथ करतबों ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। वहीं, राजस्थान के ही चकरी और तेलंगाना के गोंड जनजाति के परंपरागत लोक नृत्य मथुरी ने दर्शकों की खूब दाद बटोरी। कार्यक्रम में पंजाब के आदिवासी समुदायों के सम्मी (शाहमुखी) डांस में नृतकों ने सामयीन को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ ही मुरली राजस्थानी के लोक गायन ने राजस्थान की संस्कृति की खूबियां उकेरते हुए खूब तालियां बटोरी, उन्होंने अपने लोक गायन से श्रोताओं को बांधे रखा। तमाम फोक प्रस्तुतियों में पंजाब, खासकर ट्राईसिटी के बाशिंदों को देश के कई राज्यों की संस्कृति देखने का अवसर मिला है।

क्रीम पोडरा घेसिनी किले में मेरी निर्मला... और पारा भीड़े की बसंती छोरी रुमाझूंगा... जैसे गीत पेश कर लोक गायक राकेश खानवाल ने पंजाब की फिजाओं को उत्तराखंडी पहाड़ी संस्कृति को खूब महकाया। खानवाल ने अपनी खनकती और मखमली आवाज में पहाड़ी लोक गायन की स्वर लहरियों से फोक संगीत प्रेमियों को सम्मोहित कर दिया। उन्होंने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला और चंडीगढ़ सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यहां कलाग्राम में चल रहे राष्ट्रीय शिल्प मेले में गुरुवार को अपनी आवाज और अंदाज से खूब तालियां बटोरी। खानवाल ने जै जै बदरीनाथ जय काशी केदार जै जै हिमालय पेशकश में बताया कि क्यों उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। इसके बाद उन्होंने धुरीडाना बुरुशी फुलरौली गैलपातला..., हिमुले हल्द्वारो की चेल हिमूली हिमूली..., लाली हो लाली हौसिया पथानी... और बेडुपा को बारूमासा नरेन काफल... जैसे हिट लोक गीतों से खूब रंग जमाया। उनके सुपर हिट रहे फोक सॉन्ग्स क्रीम पोडरा... और पारा भीड़े की बसंती छोरी... पेशकर सामयीन को झूमते हुए वाहवाह करने पर मजबूर कर दिया।



### लॉकडाउन में बना शिक्षक से सिंगर

देश-विदेश में लोक गायन से उत्तराखंडी कल्चर की पहचान बढ़ाने वाले राकेश खानवाल ने कहा कि दरअसल, वे पहले शिक्षक थे। उससे पूर्व, बचपन में ही गुरुजी ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और गाने के प्रति प्रेरित किया। वे स्थानीय स्तर पर गाने लगे। बाद में, शिक्षक बने तब भी रियाज और गायन जारी रखा। कोविड-19 के लॉकडाउन में उन्होंने लोक गायन को पूरी तरह प्रोफेशनल रूप से अपनाया और तराशा, तो एक शिक्षक सिंगर बन गया।

### निदेशक फुरकान खान ने प्रतिभा पहचान दिया मौका

संगीत में एमए कर चुके खानवाल बताते हैं कि उनके चंडीगढ़ आने के बारे में जब यहां के लोगों को पता चला तो उनको यहां से सैकड़ों फैंस के मैसेज मिले। इन फैंस के प्यार ने मेरा हौसला दुगना कर दिया। उन्होंने बताया कि वे 4-5 बार चंडीगढ़ आ चुके हैं। अब उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के निदेशक फुरकान खान और उनकी टीम ने उनकी प्रतिभा को पहचान कलाग्राम के बड़े मंच पर परफोरमेंस का मौका दिया है।

# चंडीगढ़ व्यापार मंडल ने बढ़ाई सोशल मीडिया पर मौजूदगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज की शुरुआत की है, जिससे शहर के व्यापारियों को अपनी राय व्यक्त करने और बाज़ारों से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए एक नया सशक्त मंच मिल सकेगा। सीबीएम की आधिकारिक वेबसाइट www.cbmonline.in के साथ अब फेसबुक पेज भी सक्रिय हो गया है, जिसका उद्देश्य चंडीगढ़ के व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल, सौहार्द और एकजुटता को बढ़ावा देना है। इस पेज के माध्यम से व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान में मदद मिलेगी तथा मंडल संबंधित विभागों और अधिकारियों तक मुद्दों को और प्रभावी तरीके से पहुंचा सकेगा। सीबीएम के अध्यक्ष संजिव चड्ढा ने व्यापारियों से अपील की कि वे



इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करें, जिससे मंडल के कार्यों में सुगमता आए और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। सीबीएम के उपाध्यक्ष एवं आधिकारिक प्रवक्ता दिवाकर सहूंजा ने कहा कि फेसबुक पेज व्यापारियों के बीच एकजुटता और सहयोग को मजबूत करेगा। इससे चंडीगढ़ के व्यापार समुदाय की समस्याओं को अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा और उनके हितों की रक्षा के लिए बेहतर प्रयास किए जा सकेंगे।

# पंचकूला के सरकारी सीजेएम कार्यालय में तैनात ड्राइवर पर हमला

तीन नामजद समेत 7-8 अज्ञात पर केस दर्ज

कार रोककर की कहासुनी, फिर शुरू हुआ हमला

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** पीरमुछल्ला क्षेत्र में रॉयल एम्पायर सोसायटी में रहने वाला सूरज कुमार जोकि सीजेएम पंचकूला कार्यालय में सरकारी ड्राइवर के पद पर तैनात है पर रविवार देर शाम हुए हमले के मामले में ढकोली थाना पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों और 7-8 अज्ञात युवकों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। घायल चालक का उपचार सेक्टर-6 सिविल अस्पताल, पंचकूला में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, सूरज कुमार (49) निवासी रॉयल एम्पायर सोसायटी, पीरमुछल्ला रविवार रात करीब 8.15 बजे अपने नौकर और पालतू कुत्ते के साथ कार (एसआर-26सीई-2834) में घूमने निकले थे। नवप्रीत मेडिकोज़ के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो (पीबी-65 एम-0022) को उसके चालक हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी, निवासी ककराली, ने उनकी कार के आगे रोक लिया। गाड़ी साइड करने की बात पर हरप्रीत व उसके साथ बैठे सतनाम सिंह से कहासुनी हो गई। इसी दौरान मौके पर मौजूद 7-8 युवक भी आरोपियों के साथ मिल गए।

### मोबाइल छीनकर तोड़ा, वीडियो डिलीट की

सूरज ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनानी चाही तो हरप्रीत ने फोन छीनकर वीडियो डिलीट कर दी और गुस्से में मोबाइल जमीन पर पटककर तोड़ दिया। इसी बीच आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। हरप्रीत ने उनके सिर पर घूंसा मारा जबकि रूपिंदर (निवासी पीरमुछल्ला) ने किसी वस्तु से उनके नाक पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। समूह में शामिल अन्य युवकों ने भी लात-घूंसे मारे और कार की चाबी छीन ली। हमले के बाद सभी आरोपी पास के एक मकान में जाकर छिप गए।

### बेटे को भी धमकाया

घटना के बाद सूरज ने 112 नंबर पर कॉल कर परिजनों को सूचना दी। उनका बेटा मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने डंडे और गंडासे लेकर उसे भी धमकाने की कोशिश की। परिजनों ने सूरज को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मेडिकल जांच के बाद बयान देने के लिए फिट माना। मेडिकल रिपोर्ट में दो चोटें दर्ज की गई हैं।

### बीएनएस की कई धाराओं के तहत केस दर्ज

ढकोली थाना पुलिस ने सूरज कुमार के बयान पर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी, रूपिंदर, सतनाम व 7-8 अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 126(2), 351(2), 191(3), 190 व 324(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला दर्ज, जीरकपुर पुलिस सक्रिय जांच में जुटी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** जीरकपुर में एक नाबालिग लड़की के लापता होने तथा उसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के संदेह में मामला दर्ज किया गया है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह ऑटो चालक हैं और अपने परिवार के साथ जीरकपुर में रह रहे हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार, उनकी बड़ी बेटी जो सरकारी स्कूल भबात में कक्षा 6 की छात्रा है, दिनांक 1 दिसंबर 2025 को रात लगभग 10 बजे घर से अचानक गायब हो गई। बयान के अनुसार लड़की रसोई में चटनी बनाने गई थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। परिवार द्वारा आस-पास खोजबीन करने के बावजूद लड़की का कोई पता नहीं चल सका। शिकायतकर्ता को संदेह है कि कोई अज्ञात व्यक्ति शादी का वादा कर उसे बहला-फुसलाकर ले गया है।

थाने में बयान दर्ज होने के बाद एएसआई राजीव कुमार द्वारा शिकायतकर्ता की पत्नी को भी बुलाकर बयान दर्ज किया गया, जिसमें उन्होंने भी घटना की पुष्टि की।

जांच और बयानों के बाद मामले में धारा 137(2), 96 बीएनएस के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एयरफोर्स में तैनात वारंट ऑफिसर ने फंदा लगाकर की जीवनलीला समाप्त

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 31क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रहने वाले एयरफोर्स में तैनात वारंट ऑफिसर ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर कर ली। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एयरफोर्स कर्मी को इलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान गांव बहलाना के रहने वाले 50 वर्षीय लूना राम के ह्वह्य हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि मृतक एयरफोर्स में वारंट ऑफिसर के पद पर तैनात था। वीरवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे पता चला कि उसने घर में फंदा लगा लिया है। मामले की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची थाना का 31 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा।जांच जारी है।

### बीएससी के छात्र ने घर में फंदा लगाकर की जीवनलीला समाप्त

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 19 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रहने वाले एक बीएससी के छात्र ने घर में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से उतार कर सैक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान 21 वर्षीय एक युवक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि छात्र अपने परिवार सहित रहता था। और सैक्टर 32 के कॉलेज में बीएससी फर्स्ट ईयर का छात्र था। बुधवार देर रात को दरवाजे के पीछे लगी कुंडी में बेल्ट से गला बांधकर फंदा लगा लिया। जब परिवार वालों ने सुबह देखा कि बेटा उठा नहीं तो वह फंदे से झूल रहा था। जिसके चलते घर में हड़कप मच गया। जानकारी से पता चला कि छात्र के एग्जाम चल रहे थे। पेपर के लिए पढ़ाई पूरी ना होने के चलते दो पेपर उसने ड्रॉप भी किए। इसी के चलते उसने फंदा लगा लिया। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जांच जारी है।

# किराना दुकान की आड़ में चल रहा था शराब का अवैध कारोबार

एक्साइज विभाग और पुलिस की संयुक्त रेड में चंडीगढ़ ब्रांड की 99 बोतलें बरामद

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** जीरकपुर क्षेत्र में शराब की तस्करी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए एक्साइज विभाग लगातार सखूत कदम उठा रहा है। इसी सिलसिले में आज एक्साइज निरीक्षक गुरप्रीत सिंह, सर्कल जीरकपुर के नेतृत्व में तस्करी के खिलाफ एक बड़ी संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया। अंबाला रोड जीरकपुर पर एक्साइज विभाग की टीम – एएसआई जगतार सिंह और हेड कांस्टेबल बलकार सिंह के साथ नाकाबंदी कर शराब वाहनों की जांच की जा रही थी।उसी दौरान सूचना मिली कि बिशनपुरा में एक किराना दुकान पर चंडीगढ़ से लाई गई शराब अवैध रूप से बेची जा रही है, जहाँ बड़ी मात्रा में स्टॉक मिलने की आशंका है।



### टीम की त्वरित कार्रवाई, दुकान पर छापा

सूचना की पुष्टि होते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दुकान के अंदर मौजूद व्यक्ति ने पूछताछ पर अपना नाम कृष्ण कुमार निवासी बिशनपुरा, जीरकपुर बताया।

### दुकान की तलाशी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ

75 बोतलें टैंगो ऑरेंज ब्रांड (75ब्र शराब), 24 बोतलें रॉयल जनरल व्हिस्की (केवल चंडीगढ़ बिक्री योग्य), इस तरह कुल 99 बोतलें शराब बरामद की गई, जिनकी पंजाब में बिक्री गैर-कानूनी है।

### न लाइसेंस, न परमिट

दुकान मालिक से लाइसेंस और परमिट दिखाने को कहा गया, लेकिन वह कोई भी दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लंबे समय से चंडीगढ़ से शराब लाकर पंजाब में ऊंचे दामों पर बेच रहा था।

### दर्ज हुआ मामला – होगी कड़ी कार्रवाई

बरामद शराब को थाने में जमा करवा दिया गया है, और आरोपी कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ पंजाब एक्साइज अधिनियम 61/1/14 के तहत केस दर्ज किया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस द्वारा एक जांच अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। टीम के अनुसार, नेटवर्क बड़ा हो सकता है और आगे की जांच में और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।

# एमसी रोड कमेटी ने जरूरी डेवलपमेंट कामों को मंजूरी दी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ की रोड कमेटी की चौथी मीटिंग वीरवार को यहां दलीप शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने और नागरिक सुविधाओं को मज़बूत करने के मकसद से कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई।

मीटिंग में कमेटी के दूसरे सदस्य नरेश पंचाल, मनौर, गुरचरणजीत सिंह, सुमन देवी, राजिंदर सिंह, और महेशिंदर सिंह सिद्धू के साथ-साथ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के सीनियर अधिकारी और संबंधित इंजीनियर भी शामिल हुए। कमेटी के सामने सोच-विचार के लिए तीन रफ़ कॉस्ट एस्टीमेट पेश किए गए। डिटेल में चर्चा के बाद, कमेटी ने सभी प्रपोज़ल को एकमत से मंजूरी दे दी। पहला मंजूर किया गया प्रोजेक्ट माननीय पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट (सीओसीपी नंबर 838 ऑफ़ 2021) के निर्देशों के मुताबिक, सेक्टर 38 वेस्ट के कम्युनिटी सेंटर में मौजूदा किचन को तोड़कर एक नया किचन बनाना था। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 16.71 लाख रुपये है, जिसका मकसद लोगों के लिए कम्युनिटी इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना है।

कमेटी ने मनीमाजरा के मोटर मार्केट में अलग-अलग जगहों पर सीमेंट कंक्रीट (सीसी) फ्लोरिंग लगाने और बिछाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है, ताकि कचरा अलग करने के काम को आसान और ज़्यादा व्यवस्थित तरीके से किया जा सके। इस काम की अनुमानित लागत 14.41 लाख रुपये है। इसके अलावा, कमेटी ने सेक्टर 33 के कम्युनिटी सेंटर में काउंसलर रूम की खास मरम्मत को मंजूरी दी है, जिसकी अनुमानित लागत 5.52 लाख रुपये है, जिससे पब्लिक सर्विस डिलीवरी के लिए बेहतर सुविधाएं पक्की होंगी। चेयरपर्सन ने लोगों को फायदा पहुंचाने और शहर के सिविक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए इन मंजूर प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने पर ज़ोर दिया।



# एमसी चंडीगढ़ ने वेस्ट सेग्रीगेशन और होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी के अंकुर स्कूल में 'स्वच्छता की कार्यशाला' का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने आज पंजाब यूनिवर्सिटी के अंकुर स्कूल में एक असरदार 'स्वच्छता की कार्यशाला' का आयोजन किया, जिसका मकसद स्टूडेंट्स और स्टाफ के बीच सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। वर्कशॉप में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और यह ज़मीनी स्तर पर ज़िम्मेदार वेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के लिए एक ज़रूरी प्लेटफ़ॉर्म के तौर पर काम आया। इस मौके पर प्रदीप कुमार, आईएएस स्पेशल कमिश्नर, एमसी चंडीगढ़ चीफ गेस्ट के तौर पर मौजूद थे। उनके साथ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की आईईसी टीम के रिसोर्स पर्सन और खास अधिकारी भी थे।



स्टूडेंट्स और टीचर्स को संबोधित करते हुए, स्पेशल कमिश्नर ने शहर के लिए एक साफ़ और ग्रीन भविष्य बनाने में युवाओं की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने पार्टिसिपेंट्स को सोर्स पर ही वेस्ट प्रोसेसिंग के सबसे अच्छे तरीकों को अपनाने के लिए बढ़ावा दिया, और बताया कि कैसे घर के लेवल पर छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलाव पर्यावरण के लिए बड़े फ़ायदे ला सकते हैं। इन-कंपाउंड होम कम्पोस्टिंग के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने आसान, प्रैक्टिकल तरीके बताए जिन्हें परिवार किचन और गार्डन के कचरे को पोषक तत्वों से भरपूर कम्पोस्ट में बदलने के लिए अपना सकते हैं।

उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि वे सफ़ाई के एंबेसडर बनें और अपने परिवारों और समुदायों को कचरे को सोर्स पर ही अलग करने के लिए प्रेरित करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण और चंडीगढ़ के सफ़ाई लक्ष्यों में सार्थक योगदान मिल सके।

वर्कशॉप के दौरान होम कम्पोस्टिंग पर एक लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी ऑर्गनाइज़ किया गया, जिससे मौजूद लोगों को इस प्रोसेस का प्रैक्टिकल अनुभव हुआ। इंटरैक्टिव सेशन ने स्टूडेंट्स को कम्पोस्टिंग की आसानी और असर को समझने में मदद की और उन्हें अपने घरों में इस तरीके को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने कम्युनिटी के नेतृत्व वाले वेस्ट मैनेजमेंट को मज़बूत करने और चंडीगढ़ को ज़ीरो-वेस्ट, पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार शहर बनने की दिशा में सपोर्ट करने के लिए लगातार पब्लिक आउटरीच और अवेयरनेस एक्टिविटीज़ के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# नगर निगम बनायेगा 1200 स्ट्रे डॉग्स के लिए शेल्टर होम

डड्डूमाजरा व रायपुरकलां में जमीन की निशानदेही की गई

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एमसीसी गंभीर

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ, 4 दिसंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम की तरफ से लगभग 1200 स्ट्रे डॉग्स के शेल्टर होम बनाने की प्लानिंग पर काम किया जा रहा है। इसके लिए डड्डूमाजरा व रायपुरकलां में जमीन भी तस्दीक की गई है। इसके लिए विशेष बैठक का आयोजन भी किया गया है। नगर निगम चंडीगढ़ ने सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के आदेश के बाद शहर में स्ट्रेडॉग्स को लेकर बड़ी तैयारी आरंभ कर दी है। 7 जनवरी से पूर्व कोर्ट के आदेश का पालन करना अनिवार्य है।

अधिकारियों की मानें तो अभी एमरजेंसी बेसिस पर ये 'शेल्टर होम' बनाये जायेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर में आदेश दिये थे कि स्ट्रेडॉग्स को स्कूल-कालेज अस्पताल और बस स्टैंड से दूर रखना चाहिए। आदेश के अनुसार कैच किये गये स्ट्रे डॉग्स को उसी जगह पर वापस नहीं छोड़ा जायेगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। उन्हें शेल्टर होम में रखा जायेगा। चंडीगढ़ व इसके निकटवर्ती राज्यों में कोई भी शेल्टर होम नहीं है, क्योंकि पहले इनका प्रावधान भी नहीं था। इस प्रकार एमसीसी ने इसके लिए पहले जमीन देखनी शुरू की। एमसी ने रायपुरकलां, डड्डूमाजरा में इस कार्य के लिए जमीन की निशानदेही की है। यह एमसी की ही जमीन है। शेल्टर होम यहीं पर तैयार किया जायेगा। इसका निर्णय एकाध दिन में हो जायेगी।



### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा शेल्टर होम

शेल्टर होम पूरी तरह से सैनिटाइज्ड वेंटिलेशन व पर्याप्त रोशनी के साथ होंगे। हर शेल्टर होम में प्रतिदिन 2-3 बार भोजन, पानी, डाक्टर की निगरानी, समय-समय पर टीकाकरण, साफ सफाई की व्यवस्था होगी। इसमें सभी जानवरों का रिकार्ड भी मेंटेन किया जायेगा। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था भी रहेगी। इसके अलावा पशुओं के डाक्टर की पूरी निगरानी के साथ इनको रखा जायेगा।

### 1000 कुत्तों के लिए 221 गुना 127 फुट की जगह जरूरी

अभी तक कुत्तों के शैल्टर हाउस के लिए किसी प्रकार के नियम तय नहीं किये गये थे। किंतु वाइल्ड लाइफ बोर्ड ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइंस के अनुसार स्ट्रे डॉग्स के लिए शेल्टर होम स्थापित करने और उनके संचालन के लिए विशेष नियम और एसओपी निर्धारित किये हैं। नगर निगम भी उन्हीं मापदंडों के अनुसार ही शेल्टर होम बनाने की तैयारी कर रहा है। सौ कुत्तों के लिए 70 गुना 40 फुट, पांच सौ के लिए 57 गुना 90 फुट और एक हजार के लिए 221 गुना 127 फुट जगह की जरुरत होगी। नगर निगम की वित्तीय स्थिति मौजूदा समय में ठीक नहीं है। किंतु सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना भी तो नहीं की जा सकती है।

सम्पादकीय

# लाडो लक्ष्मी योजना में एकमुश्त राशि से बदलेंगे महिलाओं के हालात

देश में चुनाव के दौरान महिलाओं को लक्षित करके पेंशन की भांति एक राशि देने के वादे लगातार सामने आ रहे हैं। यह प्रयोग सभी राजनीतिक दल अपना रहे हैं, हालांकि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एनडीए ने जिस प्रकार से महिलाओं को दस हजार रुपये की राशि छोटे रोजगार अपनाने के नजरिए से प्रदान की, वह कारगर रही है। अब हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार ने भी अपनी लाडो लक्ष्मी योजना के प्रारूप में बदलाव लाते हुए अगर उसे महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण से और प्रभावी तरीके से जोड़ा है तो यह सराहनीय प्रयास ही है। सरकार ने अब हर तीन महीने में 6300 रुपये की एकमुश्त राशि जारी करने का ऐलान किया है। यानी एक बार में एक बड़ी राशि लाभार्थी महिलाओं के खाते में आएगी, जिससे वे स्वरोजगार के संबंध में भी काम कर सकेंगी। सरकार नवंबर माह की दूसरी किस्त के रूप में 7 लाख से ज्यादा महिलाओं के खाते में 148 करोड़ रुपये भिजवा चुकी है।

**मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर विकास के नए पायदान चढ़ रही है और प्रदेश में सभी वर्गों का समान रूप से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने पहले दिन से ही जिस प्रकार लोक कल्याणकारी निर्णय लेने शुरू किए हैं, उनका सिलसिला लगातार जारी है। सरकार ने शपथ लेने के तुरंत बाद जिस प्रकार युवाओं को नौकरियों का उपहार दिया था, उसके बाद अब सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को आवास, बेटे-बेटी की शादी एवं अन्य जरूरतों के लिए ऋण लेने की योजनाओं को लागू किया है। इसके अलावा सरकार ने दान की जमीन पर बीते 20 साल से काबिज दोहलीदार, बुटीमार, भोंडेदार, मुकररीदार को मालिकाना हक दिया है। इसके अलावा सरकार ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के अनुसार 2.34 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए हैं।**

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को राज्य सरकार 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर जारी कर चुकी है। इस योजना के तहत उन परिवारों जिनकी आय 1 लाख रुपये वार्षिक है की पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह 2100 रुपये देना तय किया गया है। निश्चित रूप से ऐसे घर-परिवारों को आर्थिक मदद मिलनी जरूरी है, जिनकी आय बेहद कम है। एक लाख रुपये तक की आय से आज के समय में घर चलना बेहद मुश्किल है। राज्य में रोजाना 3 से 4 हजार महिलाओं की ओर से इस योजना के लिए आवेदन किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि आवेदन के 24 से 48 घंटे के अंदर सारी वेरिफिकेशन कर ली जाती है और आवेदक को मोबाइल फोन पर मैसेज आ जाता है। जाहिर है, प्रदेश में यह योजना लोकप्रिय हो गई है और अब इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इसके तहत छह माह की बजाय 3 माह में एकमुश्त राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है तो इससे बड़ी राशि हाथ में आने से पात्र महिलाओं को और लाभ होगा। ऐसी रिपोर्ट सामने आ रही हैं, जिनमें पाया गया है कि बिहार में महिलाओं को एकमुश्त राशि रोजगार के लिए प्रदान करने की वजह से उनके जीवन में व्यापक सुधार आया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बिहार के विधानसभा चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों के लिए सघन प्रचार किया था और इसका फायदा वहां एनडीए उम्मीदवारों को बखूबी मिला। बिहार में योजना को लागू करने से पहले भाजपा इसे हरियाणा में लागू कर चुकी थी। हालांकि बिहार में जो परिवर्तन किया गया, अब उसी का संशोधन हरियाणा में भी किया गया है। गौरतलब है कि दूसरे राज्यों में भी सरकारों की ओर से ऐसी योजनाएं लागू करने की घोषणा की गई थी लेकिन अपना आधा या लगभग पूरा कार्यकाल पूरा करने के बावजूद वे सरकारें इसे लागू नहीं कर पाई। हालांकि हरियाणा में एक साल पूरा होने के दौरान राज्य सरकार इस योजना को लागू कर चुकी थी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार निरंतर विकास के नए पायदान चढ़ रही है और प्रदेश में सभी वर्गों का समान रूप से विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने पहले दिन से ही जिस प्रकार लोक कल्याणकारी निर्णय लेने शुरू किए हैं, उनका सिलसिला लगातार जारी है। सरकार ने शपथ लेने के तुरंत बाद जिस प्रकार युवाओं को नौकरियों का उपहार दिया था, उसके बाद अब सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को आवास, बेटे-बेटी की शादी एवं अन्य जरूरतों के लिए ऋण लेने की योजनाओं को लागू किया है। इसके अलावा सरकार ने दान की जमीन पर बीते 20 साल से काबिज दोहलीदार, बुटीमार, भोंडेदार, मुकररीदार को मालिकाना हक दिया है। इसके अलावा सरकार ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के अनुसार 2.34 लाख नए बीपीएल कार्ड बनाए हैं। सरकार की ओर से अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में 103 श्रेणियों में भर्तियों के लिए आवेदन मांगे हैं। इन भर्तियों में गरीब परिवारों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार की ओर से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अब मातृशक्ति उद्यमिता नाम से योजना को शुरू करना यह बताता है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी इस विषय में कितने गंभीर हैं। इस योजना के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने वाली महिलाओं को 5 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। ग्रामीण और शहर में रहने वाली महिलाएं इसके लिए पात्र होंगी। हरियाणा की विकास यात्रा को अभी तमाम पड़ाव देखने बाकी हैं। प्रदेश का विकास मॉडल देश के दूसरे राज्यों को दिशा दिखा रहा है। निश्चित रूप से हरियाणा जल्द सबसे विकसित प्रदेश होगा।

# क्या भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध का कारण बन सकता है सर क्रीक विवाद

## ब्रिटिश राज से पहले सर क्रीक का मूल नाम हुआ करता था बाण गंगा

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह, डीआईपीआरओ आर

- सर क्रीक की दलदली जमीन पर भारत का दावा मजबूत
- पड़ोसी देश भी जता रहा है अपना हक
- संबंधित क्षेत्र से करीब 125 किलोमीटर दूरी पर स्थित है पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर सिंध प्रांत की राजधानी कराची

सर क्रीक भारत और पाकिस्तान के मध्य करीब 96 किलोमीटर लंबा दलदली खाड़ी इलाका है, जो भारत के गुजरात राज्य और पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सीमा पर स्थित है। कच्छ के रण में स्थित यह क्षेत्र अरब सागर में जाकर खुलता है। सन 1947 में भारत और पाकिस्तान के विभाजन के समय से ही सीमा विवाद क्षेत्र बना हुआ है, जिस पर दोनों देशों के अलग-अलग दावे हैं। सामरिक और आर्थिक दृष्टि से यह क्षेत्र भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह समुद्री सीमा, मछली पकड़ने के अधिकार और संभावित तेल एवं गैस भंडार से जुड़ा है। सीमा के निर्धारण को लेकर इस क्षेत्र के लिए दोनों देशों के बीच मतभेद विभाजन के समय से ही चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसका भौगोलिक महत्व है। यह ज्वारीय मुहाना है, जिसका तात्पर्य यह है कि इसमें समुद्र का पानी अंदर तक आता है। उच्च ज्वार के दौरान, उसमें पानी भर जाता है, और निचले ज्वार के दौरान यह दलदल में बदल जाता है। ब्रिटिश राज से पहले इसका मूल नाम बाणगंगा था। जिससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह क्षेत्र भारतीय संस्कृत से भी जुड़ा है। वैसे तो पूरे पाकिस्तान और संबंधित क्षेत्र में भारतीय सामाजिक परम्पराएं, नैतिक प्रतिमान की गुंजायमान रहे है। जानकारों की मानें तो यह भारत के गुजरात और पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सीमा पर स्थित है। विभाजन के समय सरहदबंदी नहीं होने के चलते दोनों देश सर क्रीक का दावा ठोकते आ रहे है। जब सीमा निर्धारित ही नहीं हुई तो पाकिस्तान दावा कैसे कर सकता है। भारत-पाकिस्तान सर क्रीक सीमा विवाद इसके मुहाने से सर क्रीक के शीर्ष तक, और सर क्रीक के शीर्ष से पूर्व की ओर पश्चिमी टर्मिनस पर निर्दिष्ट रेखा के एक बिंदु तक सीमांकन से उपजा है। इस बिंदु से आगे, सीमा स्पष्ट रूप से 1968 के ट्रिब्यूनल द्वारा परिभाषित के रूप में तय की गई है। यह विवाद कच्छ के रण में 96 किलोमीटर लंबे मुहाने को लेकर है जो भारत के गुजरात को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से अलग करता है।

सूत्रों की मानें तो सर क्रीक की खाड़ी का विवाद से पुराना रिश्ता रहा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी के सेनापति चार्ल्स नेपियर ने 1842 में सिंध जीतने के बाद उस प्रदेश का प्रशासन मुम्बई राज्य को सौंप दिया था। इसके बाद सिंध में अपना प्रशासन चला रही अंग्रेज सरकार ने सिंध और मुम्बई प्रांत के बीच के सीमा रेखा खींची थी जो कच्छ के मध्य से गुजरती थी। अंग्रेज़ी सरकार अपने अधिकृत नक्शे में सिंध और कच्छ के बीच की सीमा रेखा को कच्छ के रण तक खींचने के बाद खाडी के प्रदेश के पास अटका हुआ दिखाती थी। संबंधित विषय का मतलब सीमा का निर्धारण




हुआ ही नहीं तो पाकिस्तानी दावा कैसा। इस विषय को लेकर भारत का राष्ट्रवादी दृष्टिकोण बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देता है कि पक्ष तो भारत का भी मजबूत है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता के बाद पाकिस्तान ने खाड़ी के संबंधित क्षेत्र पर अपना मालिकाना हक जताया. इसके जवाब में भारत का प्रस्ताव था कि कच्छ के रण से लेकर खाडी के मुख तक की एक सीधी रेखा को सीमा रेखा मान लेना चाहिए। परंतु यह प्रस्ताव पाकिस्तान को मंजूर नहीं था। इस क्षेत्र से पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा भारतीय मछुआरों को उठा ले जाने की खबरें आती रहती है। सियाचिन के बाद सर क्रिक भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढाने वाली एक और सीमा रेखा है। वर्तमान में भारत ने जिस प्रकार अपना दावा आक्रामक तरीके से मजबूत किया है उनको लेकर पड़ोसी देश कुछ सहमा हुआ सा लगता है।

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसी साल तीन अक्तुबर को दावा किया है कि पाकिस्तान सर क्रीक के नज़दीकी इलाकों में सैन्य ढांचे विकसित कर रहा है। विजयादशमी के मौके पर गुरुवार को राजनाथ सिंह गुजरात के कच्छ में एक सैन्य अड्डे पर आयोजित शस्त्र पूजा में शामिल होने पहुंचे थे. जहां उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कई बातें कही। आज़ादी के 78 साल हो चुके हैं इसके बावजूद सर क्रीक क्षेत्र में सीमा विवाद को हवा दी जा रही है. भारत ने बातचीत के जरिए इस विवाद को सुलझाने की कई कोशिश की हैं लेकिन पाकिस्तान की नीयत में ही खोट है, उसकी नीयत साफ़ नहीं हैं. पाकिस्तानी सेना ने जिस तरह से सर क्रीक से सटे इलाकों में अपने सैन्य ढांचों का विस्तार किया है, वो उसकी मंशा को दर्शाता है। इसके बाद एक अन्य कथन में राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि सिध भारत का हिस्सा हो सकता है। कराची सिंध प्रांत की राजधानी है, जो संबंधित क्षेत्र से करीब 125 किलोमीटर दूर है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा शहर है और बड़ी बंदरगाह भी है। रक्षा मंत्री की पाकिस्तान को चेतावनी, अगर पाकिस्तान की ओर से उस क्षेत्र में किसी तरह का दुस्साहस किया जाता है तो उसका इतना निर्णायक जवाब दिया जाएगा । इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। इशारों ही इशारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बहुत कुछ कह जाते है।

विशाल और महान देश भारत बदलते समय के साथ साथ बहुत शक्तिशाली हो चुका है। राष्ट्रवादी विचारधारा आए दिन मजबूत होती जा रही है। देश की सामरिक शक्ति और अर्थव्यवस्था उंचे पायदान की ओर अग्रसर है। ऐसे में सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले दिनों में भारत विकास के नए अध्यायों का सूत्रपात करने जा रहा है। आज देश का सामरिक,आर्थिक नेतृत्व अपेक्षाकृत बहुत मजबूत हो चला है,जिसका सीधा श्रेय जाता है ताकतवर और दूरदर्शी नेतृत्व को, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में है और उनके साथ है उनकी पूरी टीम और देश के करोड़ों लोगों का आशीर्वाद।

यही तो लोकतंत्र की प्रथम पहचान है। पिछले करीब 12 वर्ष में देश में नए नए बदलाव आए है। जो यह बताने के लिए काफी है कि देश की बागडोर आज सुदृढ हाथों में है। जाहिर है कि पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर की चोट अभी भूला भी नही है। वैसे पड़ोसी देश की फितरत ही ऐसी है कि वह बार बार मार खाने के बाद भी ओछी हरकतों से बाज नहीं आता। भारत का मुख्य उद्देश्य तो हर एंगल से देश को ताकतवर बनाए रखने का है और यह निरन्तरता में जारी भी रहना चाहिए।

### अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

## यमुनानगर के निकट कट्टर खाड़कू तोची परिवार सहित मारा गया

चंडीगढ़। खुंखार खाड़कू हरमीत सिंह उर्फ तोची जिसकी पंजाब, हरियाणा, राजस्थान दिल्ली व चंडीगढ़ पुलिस कई सालों से बड़ी सरगर्मी से तलाश कर रही थी गत रात्रि हरियाणा में यमुनानगर जिला के गांव गुमथला राव के निकट सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान मारा गया तोची के अलावा मरने वालों में उसकी पत्नी, पुत्र और उनके साथ सफर कर रहा एक अज्ञात युवक शामिल है। हरियाणा पुलिस प्रमुख कल्याण सिंह रुद्र के अनुसार तोची 160 से भी अधिक हत्याओं के मामलों में पुलिस को वांचित था। और इस पर 10 लाख रुपए का इनाम रखा हुआ था। हरियाणा पुलिस की इस खाड़कू की मुख्यमंत्री भजनलाल के अतिरिक्त प्रधान सचिव एमएलवर्मा व उनके परिवार के सदस्यों की हत्या में शामिल व गत दिनों पावर ट्रास मिशन को उड़ाने के प्रयास के मामलों में वंचित था।

## शराब पीने के बाद हुई हत्या का मामला हल, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़। यहां के सेक्टर 7 में एक 50 साला व्यक्ति अशोक कुमार की गत 29 नवंबर की रात की हुई हत्या का मामला चंडीगढ़ पुलिस ने हल कर लेने का दावा किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस संबंध में बलदेव सिंह व अजीत कुमार को हिरासत में ले लिया गया। बलदेव सिंह यहां के गांव खुड्डा अलीशेर में स्कूटर मकैनिक और अजीत कुमार सेक्टर 7 में पेंटर का काम करता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हिरासत में लिए गये इन दोनों व्यक्तियों ने उस रात अशोक कुमार के साथ शराब पीने के बाद इनका आपस में इस बात को लेकर झगड़ा हो गया था कि अशोक कुमार उनसे तो शराब पी लेता है लेकिन उन्हें कभी नहीं पिलाता इस मामले को लेकर आपस में झगड़ा बढ़ गया। वापसी पर उन्होंने रास्ता में अथलेटिक्स स्टेडियम के पास एकांत जगह देख कर हिरासत में लिए गए इन दोनों व्यक्तियों ने अशोक कुमार के सिर पर पत्थर दे मारा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। अशोक कुमार का शव अगले दिन राहगीरों ने जब वहां पड़ा हुआ देखा तब जाकर इस हत्या कांड का पता चला मृतक एयर फोर्स के 3 बीआरडी, डिपो में कलर्क के तौर पर कार्यरत था।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

2013 - यमन की राजधानी सेना में रक्षा मंत्रालय परिसर पर आतंकवादी हमले में 52 लोगों की मौत।

2008 - रूस के राष्ट्रपति दामित्री मे देवेदेव ने अगली पीढ़ी की परमाणु अभियांत्रिकी को भारत के साथ संयुक्त रूप से विकसित करने का प्रस्ताव किया। कांग्रेस ने अशोक चाव्हाण को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की।

2007 - अमेरिका में लड़ाकू विमान एफ़-16 मिसाइलरोधी प्रणाली से लैस किया गया। पाकिस्तान की सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल तक मीडिया पर लगे प्रतिबन्धों को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज किया।

2005 - एक नये क़ानून द्वारा ब्रिटेन में समलैंगिक पुरुष (गो) और समलैंगिक स्त्री (लेस्बियन) का वैध सम्बन्ध स्थापित करने की मान्यता दी गयी।

2003 - चेचेन्या में ट्रेन में आत्मघाती हमले में 42 लोगों की मृत्यु, जबकि 160 घायल। राष्ट्रकुल देशों के शासनाध्यक्षों का चार दिवसीय सम्मेलन अबुजा में प्रारम्भ।

2001 - अफ़ग़ानिस्तान में हामिद करजई के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन पर चारों गुट सहमत।

2000 - अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में जार्ज बुश के पक्ष में फैसला दिया।

1999 - चेचेन्या में रूस ने अस्थायी तौर पर सेना तैनात करने की घोषणा की।

1998 - रूस 2002 में भारतीय नौसेना को 'क्रिवाक श्रेणी' के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत देने पर सहमत।

1993 - मुलायम सिंह यादव पुनः (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने थे।

1992 - भारत के अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में स्थित बाबरी मस्जिद का विवादास्पद ढांचा गिरा दिया गया। इसके साथ ही भारत के अनेक हिस्सों में दंगे भड़क उठे।

1990 - विवादास्पद लेखक सलमान रुश्दी दो वर्ष के अंतराल के बाद पहली बार लोगों के सामने आये।

1989 - मुलायम सिंह यादव पहली बार (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने

1974 - माल्टा गणराज्य घोषित।

1971 - भारत ने बंगलादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी।

1960 - अफ़्रीकी देश घाना ने बेल्जियम के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किये।

1950 - सिक्किम भारत का संरक्षित राज्य बना।

1946 - भारत में होमगार्ड संगठन की स्थापना हुई।

1943 - जापानी हवाई जहाज ने कोलकाता पर बम गिराया।

1917 - रूस में नई क्रांतिकारी सरकार गठन तथा रूस-जर्मनी के बीच युद्ध विराम।

1657 - शाहजहां के छोटे बेटे मुराद ने खुद को बादशाह घोषित किया।

## बोल ब्यूटीफुल

**शशि थरूर:** मैं ही नहीं, तमाम लोग ऐसा सोचते है कि विराट कोहली को अपना संन्यास तोड़कर टेस्ट क्रिकेट में वापसी करनी चाहिए। वहां अभी भी उनकी जगह है।



**निधि राजदान:** इंडिगो की कई उड़ानों में देरी और उनका रद होना दर्शाता है कि विमानन जैसा क्षेत्र दो कंपनियों के भरोसे नहीं होना चाहिए। दो कंपनियों के वर्चस्व में यात्रियों को ही क्षति उठानी पड़ सकती है।

**विजय गोयल:** अवसर खुद को विशेषज्ञ बताने वाले डाग लवर्स हमेशा एक टूलकिट लेकर आते है, ताकि गलती भटकते कुत्तों की न होकर पीड़ित की ही साबित हो जाए।

**आशुतोष:** दिल्ली और उसके आसपास प्रदूषण से हाल बेहाल है, मगर प्रदूषण पर नियंत्रण की कोई योजना नहीं दिखती। ऐसे कैसे विकसित भारत बनेगा?

**प्रतीक सिंह:** इसे यूजर पर छोड़ना चाहिए कि उसे संचार साथी एप अपने फोन में चाहिए या नहीं? इसे यूजर पर थोपा नहीं जा सकती

# 613 पदों पर मात्र 151 पास, एचपीएससी पर खड़े हुए गंभीर सवाल

दैनिक अर्थ प्रकाश

हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के रिजल्ट से लगता है कि हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफेसर बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने के लायक ही नहीं हैं। कमीशन के रिजल्ट से सिद्ध होता है कि हरियाणा के तो क्या देश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों ,जहां बच्चे पढ़ रहे हैं, वे भी बच्चों को असिस्टेंट प्रोफेसर बनाने में सक्षम नहीं है। क्या ऐसे संस्थान बंद नहीं कर देने चाहिए, जो बच्चों को पढ़ाने के लिए अध्यापक ही नहीं बना पाएं। कमीशन द्वारा जारी अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के सब्जेक्ट नॉलेज के परिणाम में 151 अभ्यर्थियों को पास दर्शाया गया है जबकि कमीशन द्वारा कुल 613 पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था यानी 613 पदों के मुकाबले केवल 151 अभ्यर्थियों को पास किया गया है। कमीशन द्वारा कुल पदों का दोगुना भी पास नहीं किया गया, जबकि कमीशन द्वारा जारी नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि साक्षात्कार के लिए दो गुना अभ्यार्थियों को बुलाया जाएगा। यहां दो गुना साक्षात्कार के लिए बुलाना तो दूर की बात पास ही केवल 151 अभ्यर्थियों को किया गया है। पास किए गए अभ्यर्थियों में जनरल कैटेगरी के 136 अभ्यार्थियों को पास किया गया है, जबकि जनरल कैटेगरी की 312 पोस्ट थी।



डिप्राइव्ड एस सी कैटिगरी में केवल एक बच्चे को पास किया गया है, जबकि इस कैटेगरी के 60 पद थे । इसी तरह से ओ एस सी कैटेगरी में केवल दो अभ्यर्थियों को पास किया गया है। इसमें भी 60 पद थे। बी सी ए कैटेगरी के केवल पांच अभ्यर्थियों को पास किया गया है जबकि इस कैटेगरी के 85 पद आरक्षित थे । इसी प्रकार से बी सी बी के लिए कुल पदों की संख्या 36 थी, इसमें भी केवल तीन अभ्यर्थियों को पास दर्शाया गया है। कमीशन द्वारा जारी विज्ञापन में इकोनामिक वीकर सेक्शन के 60 पद आरक्षित किए गए थे ,इसमें केवल छः अभ्यर्थियों को पास किया गया है। बता दें कि अगस्त 2024 में हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा इन पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था इसके बाद भी अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए आवेदन करने की दो बार समय सीमा बढ़ाई गई।




इस सब के बाद कमीशन द्वारा विगत 8 जून 2025 को बेसिक नॉलेज का यानी प्रिलिमनरी टेस्ट लिया गया जिसमें लगभग 2000 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। बेसिक टेस्ट में उत्तीर्ण हुए 2000 बच्चों की सब्जेक्टिव नॉलेज परीक्षा 17 अगस्त 2025 को आयोजित की गई । जिसमें केवल मात्र 151 अभ्यर्थी ही पास हुए हैं। अब हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए रिजल्ट नोटिफिकेशन में यह भी कहा गया है कि कुल पदों के दोगुना अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। रिजल्ट में जो बच्चे पास दिखाए गए हैं उनका अभी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होना है। पहले इन अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंटेशन वेरीफिकेशन होगा फिर इनमें से कितने अभ्यर्थी बच पाएंगे जो साक्षात्कार के लिए योग्य होंगे। हरियाणा के बच्चे जहां यूपीएससी तक की परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं ,वे एचपीएससी की परीक्षा में क्यों फेल हुए जा रहे हैं ।

यह एक यक्ष प्रश्न है। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए इन पदों के लिए वही बच्चे एलिजिबल थे, जिन्होंने यूजीसी द्वारा नेट व जेआरएफ की परीक्षा पास की हुई थी। इन परीक्षाओं के साथ-साथ बहुत ऐसे अभ्यर्थी थे जिन्होंने अच्छे-अच्छे विश्वविद्यालयों से पीएचडी की हुई थी। इस भर्ती प्रक्रिया के परिणाम में कहां चूक रही है। इस बारे या तो हरियाणा सरकार या फिर हरियाणा लोक सेवा आयोग ही बता सकता है।

-सतीश मेहरा

**मुख्यमंत्री ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कलियारा में बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का किया लोकार्पण**

# कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए जल्द जारी होगी अतिरिक्त धनराशि

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा विपक्ष के विरोध के बावजूद कई महत्त्वपूर्ण सुधार लागू किए गए हैं। इन ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप, प्रदेश अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में देश में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पूर्व सरकार के कार्यकाल में यह 21वें स्थान पर था।

यह बात मुख्यमंत्री ने आज शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कलियारा में नवनिर्मित बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण करने के उपरांत कही। यह स्टेडियम 3.36 करो? रुपये की लागत से बनाया गया है, जिसमें बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट और फिटनेस सेंटर की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 100 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को



आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के कलियारा विद्यालय में भी सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने को स्वीकृति दी गई है। यहां विज्ञान और वाणिज्य वर्ग शुरू किए जाएंगे तथा उचित ड्रेस कोड लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में विद्यार्थियों को मोबाइल फोन लेकर आने की अनुमति नहीं होगी, ताकि वे अपनी पढ़ाई, खेल व सह-पाठ्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार कांग?ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 460 करो? रुपये जारी कर चुकी है, जिससे यहां ब? विमानों की आवाजाही संभव हो सकेगी। इससे पर्यटन को ब?ावा मिलेगा, हवाई सम्पर्क सुविधा में सुधार होगा और क्षेत्र में रोजगार के और अधिक अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए शीघ्र ही और धनराशि भी जारी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र राज्य सरकार की दूसरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और पुराने उपकरणों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की नवीन मशीनरी से बदलने पर बल दिया गया है। सरकार आईजीएमसी शिमला, टांडा चिकित्सा महाविद्यालय तथा चमियाणा स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एम्ज दिल्ली जैसी अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करो? रुपये जारी कर चुकी है। इससे विभिन्न बीमारियों के लिए अधिक सटीक रक्त जांच रिपोर्ट उपलब्ध होंगी।

उन्होंने क्षेत्र के किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पहली बार प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं, मक्की और हल्दी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री (डॉ.) कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के जीवन में ब?ा परिवर्तन लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कांग?ा जिले के लुथान में सुख-आश्रय परिसर के माध्यम से बेसहारा बच्चों, महिलाओं और वृद्धजनों को आश्रय सहयोग प्रदान करने की पहल की है। यह आधुनिक आवासीय परिसर मुख्यमन्त्री सुख-आश्रय योजना के तहत 400 व्यक्तियों की क्षमता के साथ बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशे के समूल नाश के लिए व्यापक अभियान चला रही है। समाज के सभी वर्गों को आगे आकर युवाओं को इस सामाजिक बुराई को ज? से उखा?ने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग देना चाहिए।

उप-मुख्य सचेतक एवं स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने कांग?ा हवाई अड्डे का विस्तार कार्य शुरू करवाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे के विस्तार से निकट भविष्य में क्षेत्र में समृद्धि आएगी। उन्होंने प्राकृतिक खेती को ब?ावा देने की पहल की भी सराहना करते हुए कहा कि यह पहल किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है।

आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, विधायक सुरेश कुमार, कमलेश ठाकुर और अनुराधा राणा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू ने किया धर्मशाला में आधुनिक फोरेंसिक डिवीजन और डीपीआरसी भवन का उद्घाटन



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (आरएफएसएल उत्तरी क्षेत्र) धर्मशाला में डिजिटल फॉरेंसिक डिवीजन और उन्नत उपकरण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। यह सुविधा लगभग तीन करो? रुपये की अत्याधुनिक अवसंरचना से निर्मित की गई है, जिसमें ऐसे उन्नत उपकरण शामिल हैं, जो क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन से भी डेटा निकालने और उसका विश्लेषण करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, लगभग 1.05 करोड़ रुपये की लागत से एक उन्नत उपकरण प्रयोगशाला स्थापित की गई हैं, जिसमें अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरण लगाए गए हैं। इन प्रयोगशालाओं में लगाए गए उपकरणों की कुल कीमत लगभग 1.50 करोड़ रुपये है। ये सुविधाएं हिमाचल प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में फॉरेंसिक जांच में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। यह नया प्रभाग विशेष रूप से उन मामलों में, जहां सजा सात वर्ष या उससे अधिक हो, अपराध स्थल से सबूतों को संरक्षित करने में जांच एजेंसियों की मदद करेगा। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) कांग?ा के 3.92 करो? रुपये की लागत से निर्मित नए भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने जिला परिषद, कांगड़ा के डीपीओ कर्मचारी आवास का शिलान्यास भी किया, जिस पर लगभग 2.26 करोड़ रुपये व्यय होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक सुरेश कुमार, मुख्य सचिव संजय गुप्ता और सचिव (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज) सी. पॉलरासु भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## अभिलाषी विवि ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 4 दिसंबर।** अभिलाषी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजियोथैरेपी ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय था– सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांग समावेशी समाज का निर्माण। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. प्रोमीला अभिलाषी तथा डॉ. कपिल कपूर (रजिस्ट्रार) ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. चौधरी ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिव्यांगजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक अधिक समावेशी समाज का निर्माण समय की आवश्यकता है। उन्होंने विज्ञान एवं



प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए यह संदेश दिया कि समावेशी समाज ही वास्तविक सामाजिक प्रगति का आधार होता है।

कार्यक्रम में डॉ. पी.सी. शर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. डी.के. मिश्रा (डीन, स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज) सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और समन्वयक उपस्थित रहे।

छात्रों द्वारा प्रस्तुत विविध कार्यक्रमों ने आयोजन को आकर्षक बनाया, जिनमें थीम-आधारित रंगमंचीय प्रस्तुति, वक्तृत्व प्रतियोगिता तथा अन्य सहभागिता गतिविधियाँ शामिल थीं। डॉ. शैलजा और डॉ. निकिता ने दिव्यांगजन के साथ कार्य करने के अपने अनुभव साझा किए तथा पुनर्वास प्रक्रिया को समझने में सहानुभूति और सहयोग की शक्ति पर प्रकाश डाला।

स्कूल ऑफ फिजियोथैरेपी की समन्वयक डॉ. अर्चना ने विश्वविद्यालय प्रबंधन– माननीय कुलाधिपति डॉ. आर.के. अभिलाषी, माननीय प्रो-कुलाधिपति डॉ. एल.के. अभिलाषी, माननीय कुलपति प्रो. एच.के. चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, डॉ. नर्वदा अभिलाषी (अध्यक्ष), डॉ. प्रोमीला अभिलाषी (उपाध्यक्ष) तथा सचिव नरेंद्र कुमार–के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर सहयोग से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सका।

## नशे पर वार : ऊना में 'एंटी-चिट्टा अभियान' तेज

**डीसी-एसपी ने ली बैठक, संवेदनशील पंचायतों में नशा निवारण समितियों को तुरंत सक्रिय होने निर्देश**

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला प्रशासन ने 'एंटी-चिट्टा अभियान' को जिले में मिशन मोड पर आगे बढ़ाते हुए निर्णायक गति दी है। उपायुक्त जतिन लाल ने चिट्टा और नशे को लेकर चिन्हित संवेदनशील पंचायतों की नशा निवारण समितियों की गुरुवार को बैठक कर उन्हें तत्काल सक्रिय मोड में काम करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में नशा और तस्करी को समाप्त करने के लिए अभियान को और प्रभावी बनाना प्राथमिकता है।

जतिन लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का लक्ष्य नशा-मुक्त हिमाचल है। प्रदेश सरकार ने चिट्टे को जड़ से मिटाने की व्यापक मुहिम शुरू की है। इस दिशा में



जनभागीदारी सबसे आवश्यक है।

डीसी जतिन लाल ने बताया कि जिले की सभी 245 पंचायतों में समितियां गठित की गई हैं, जिनमें से चिट्टे को लेकर चिन्हित जिले की 10 संवेदनशील पंचायतों पर विशेष फोकस किया गया है। गुरुवार को इन्हीं 10 पंचायतों की नशा निवारण समितियों के साथ बैठक कर उन्हें उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि समिति का प्रत्येक सदस्य अपने क्षेत्र को चिट्टा-मुक्त बनाने का व्यक्तिगत संकल्प ले।

उन्होंने नशे से जुड़ी हर सूचना प्रशासन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के व्यवहार में आने वाले बदलावों को समझना अत्यंत आवश्यक है और ऐसी हर सूचना जो नशे की दिशा में संकेत दे, उसकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचाना प्रत्येक सदस्य का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यह मत सोचें कि हम जानकारी क्यों दें, समाज के प्रति अपना दायित्व समझें, यह सबकी साझा जिम्मेदारी है।

उन्होंने दोहराया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और मामले में तुरंत पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले में चिट्टे की सप्लाईङ्कडिमांड चेन को तोड़ना सबसे अहम है, जिसके लिए समुदाय, युवाओं और परिवारों के बीच समितियों को निरंतर संवाद बनाए रखना होगा।

उन्हें कहा कि समितियों को सरकार ने गंभीर जिम्मेदारी सौंपी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पंचायतों में चिट्टे-नशे पर जागरूकता के लिए विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। जल्द ही इसके निर्देश जारी कर दिए जाएंगें। इनका एजेंडा नशा निवारण पर केंद्रित होगा।

**समितियों की हफ्ते में एक बैठक अनिवार्य, एसडीएम करेंगे समीक्षा :** उपायुक्त ने निर्देश दिए कि संवेदनशील पंचायतों की समितियां सप्ताह में एक बार अनिवार्य रूप से बैठक करें और इसकी सूचना दो दिन पूर्व एसडीएम के कार्यालय को भेजें, ताकि उपायुक्त और एसपी स्वयं भी समयङ्कसमय पर निरीक्षण कर सकें। एसडीएम मासिक समीक्षा करेंगे। समिति अध्यक्ष बैठक की कार्यवाही एसडीएम को भेजेंगे जबकि सदस्य सचिव (हेड कांस्टेबल) इसकी विस्तृत रिपोर्ट एसपी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने कहा कि समितियां अपने क्षेत्र में नशे की स्थिति का आकलन, नियमित समीक्षा, नशा बेचने वालों व उपभोक्ताओं की पहचान, पुलिसङ्कप्रशासन को त्वरित सूचना, स्कूलों व समुदाय में जागरूकता कार्यक्रम, प्रभावित परिवारों की सहायता और सामुदायिक एक्शन प्लान तैयार करने जैसे कार्यों पर फोकस करें।

समितियों में सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य अध्यक्ष बनाए गए हैं और क्षेत्र के पुलिस हेड कांस्टेबल सदस्य सचिव हैं। इनके साथ पंचायत सचिव, महिला मंडल/युवक मंडल प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक और ग्राम रोजगार सहायक सदस्य होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से की जाएगी गेहूं खरीद प्रक्रिया : राजीव शर्मा

**ऊना (रोहित शर्मा)।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए ऊना जिले में गेहूं की खरीद का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा अधिकृत नोडल एजेंसी हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान अपनी गेहूं की बिक्री के लिए https://hpappp.nic.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पोर्टल पर टोकन सेवा शुरू होने के बाद किसान अपने निर्धारित समय स्लॉट के लिए ऑनलाइन टोकन बुक कर सकेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

### 361 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए इंटरव्यू 10 व 11 को

**सोलन (यशपाल कपूर)।** मैसर्ज निम्र इंडस्ट्रीज प्रा. लि. नालागढ़ मे 21 पद व मैसर्ज सिद्धार्थ सुपर स्पिनिंग मिल नालागढ़ में 110 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू उप रोजगार कार्यालय नालागढ़ में 10 दिसम्बर, 2025 को आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश कुमार ने कहा कि मैसर्ज़ ऑरो स्पिनिंग मिल बद्दी में 200 पद तथा मैसर्ज स्काई मर्चेट शिमला में 30 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 11 दिसम्बर, 2025 को उप रोजगार कार्यालय अर्की में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई., फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीकल, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन व आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन पदों की विस्तृत जानकारी आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. में प्राप्त कर सकते हैं। सभी योग्य एवं इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। जगदीश कुमार ने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित 10 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 10.30 बजे उप रो?गार नालाग? तथा 11 दिसम्बर, 2025 को उप रो?गार कार्यालय अर्की में प्रातः 10.30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### शूलिनी विश्वविद्यालय में कंप्यूटर गेमिंग टूर्नामेंट का आयोजन

**सोलन (यशपाल कपूर)।** शूलिनी विश्वविद्यालय के जॉयपैड सिम्फनी क्लब द्वारा आयोजित एक उच्च-ऊर्जा बहु-शीर्षक गेमिंग टूर्नामेंट, लॉक इन 2.0, परिसर में आयोजित एक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में पाँच लोकप्रिय ई-स्पोर्ट्स खिताब फीफा, फ्री फायर, बीजीएमआई, वैलोरेंट और टेककेन शामिल थे और विश्वविद्यालय के गेमिंग समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला और एसोसिएट डीन छात्र कल्याण प्रो. नीरज गंडोत्रा ने भाग लिया। फीफा में, वत्सल ने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चैंपियनशिप का खिताब जीता। बीजीएमआई में, डोगरा राइफल्स टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि टीम टी-हुक उपविजेता रही। वैलोरेंट में टीम इटरनल सिन ने दमदार खेल दिखाया, जिसने विजयी खिताब जीता। टेककेन में, कार्तिक ने प्रथम पुरस्कार जीता, उसके बाद परमबीर सिंह उपविजेता रहे। फ्री फायर में, फॉर द विन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि नेमलेस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण : मनमोहन

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला के समस्त बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए कृषि आधारित क्षेत्र तथा पशुपालन में अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा सकें। मनमोहन शर्मा आज यहां जिला स्तरीय सलाहकार समिति की 181वीं त्रैमासिक बैठक तथा यूको ग्रामीण स्वरो?गार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की 53वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत के प्रत्येक वार्ड को बैंकिंग तथा ऑनलाइन बैंकिंग के बारे में जागरूक करना आवश्यक है ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार ना हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक सदस्य को वित्तीय शिक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन करें। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा



योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व स्टैंड अप इंडिया योजना, डॉ. वाई.एस. परमार ऋण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला वासियों को अधिक से अधिक ऋण व जीवन बीमा के अंतर्गत कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर के.सी.सी. अभियान पर अधिक बल देने के निर्देश भी दिए ताकि लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि बैंक वार्षिक ऋण योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। समय पर लक्ष्य प्राप्त होने से लोगों की आर्थिक आवश्यकताएं बेहतर तरीके से पूरी की जा सकती हैं। उन्होंने किसानों के अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड बनाने, कृषि उपकरणों के लिए ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को ब?ावा देने के निर्देश भी दिए।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करने की सम्भावनाएं तलाशनी चाहिएं। यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिएं, जो युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकें।

भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक राहुल जोशी ने बैंकों को समय-समय पर जारी होने वाले दिशा-निर्देशों की जानकारी दी तथा इनकी अनुपालना का आग्रह करते हुए सभी बैंक अधिकारियों से खण्ड स्तरीय कार्यशाला तथा प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए।

बैठक में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत सलाहकार समिति द्वारा बैंकों को ऋण प्रदान करने के लिए दिए गए लक्ष्यों की सघन समीक्षा भी की गई।

बैठक में ?िला के अग्रणी बैंक यूको बैंक की प्रबंधक तमन्ना मोदगिल द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सोलन जिला में 30 सितम्बर, 2025 तक 4398 लाभार्थियों को 214.53 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई।

## डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 3 दिसबर।** हिमाचल प्रदेश और भारत में दिव्यांग अधिकारों के क्षेत्र के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। साम्फिया की संस्थापक एवं कार्यकारी निदेशक डॉ. श्रुति मोरे भारद्वाज को भारत के राष्ट्रपति द्वारा ÷राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. श्रुति को ÷दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर÷ श्रेणी में चयनित किया गया है। यह पुरस्कार हिमाचल प्रदेश के दुर्गम और पर्वतीय क्षेत्रों में बच्चों की विकासात्मक विकलांगताओं के लिए उनके एक दशक से अधिक समय से किए जा रहे परिवर्तनकारी कार्य की मान्यता है। एक दशक का परिवर्तनकारी नेतृत्व मुंबई से कुल्लू आकर बाल पुनर्वास सेवाओं में आई भारी कमी को दूर करने वाली व्यावसायिक चिकित्सक डॉ. श्रुति ने कई नवोन्मेषी पहलें शुरू कीं, जिनमें प्रमुख हैं आश चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर ङ्क प्रारंभिक हस्तक्षेप, थैरेपी और विशेष शिक्षा की एकीकृत सेवाएँ, थैरेपी ऑन व्हील्स ङ्क ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों तक पहुँचने वाली मोबाइल पुनर्वास इकाई, डी.ई.आई.सी के सहयोग से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के डिस्ट्रिक्ट अरली इन्टर इंटरवेंशन सैंटर में आर.बी.एस.के कार्यक्रम हेतु तकनीकी सहयोग। इन सभी पहलों के केंद्र में माता-पिता की भागीदारी है, जिन्हें बच्चों का पहला और सबसे महत्वपूर्ण थेरेपिस्ट माना गया है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए डॉ. श्रुति ने कहा–÷इस यात्रा में मुझे समुदायों, संस्थाओं और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के माता-पिता से अथाह समर्थन मिला है।

**प्रदर्शन** **कांग्रेस की तीन साल सुशासन के नहीं कुशासन और दुःशासन की सरकार**

## जिन्हें लाज से मुंह छिपाना था, वो जलसे मना रहे हैं : अनुराग

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम कांग्रेस सरकार के व्यवस्था पतन 3 साल के खिलाफ भाजपा के प्रदर्शन कार्यक्रम में अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए हिमाचल की कांग्रेस सरकार की नाकामियों पर बिंदुवार प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी को लाज के चलते मुंह छुपाना था वो आज जलसे मना रही है और कांग्रेस ने तीन साल सुशासन के नहीं कुशासन और दुःशासन की सरकार हिमाचल में चलाई है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कांग्रेस सरकार दावा करती है कि यह तीन साल व्यवस्था परिवर्तन के साल थे मगर इन तीन सालों में कांग्रेस ने हिमाचल की जनता को वह दिन दिखाये हैं जिसके बारे में न कभी



किसी ने सोचा था, न सुना था और न ही कभी देखा था। पूर्वर्ती भाजपा सरकार ने हिमाचल में विकास और आर्थिक उन्नति का जो ढांचा ख?ा किया था कांग्रेस सरकार ने उसे पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने जा रहे हैं और इतने ही समय में डिफॉल्टर सरकार बनकर रह गई जिसने हिमाचल को डिफाल्टर स्टेट बनाकर रख दिया है। जिन्हें लाज से मुँह छुपा लेना चाहिए था वह जलसे मनाने की तैयारियां कर रहे हैं। जहाँ इन्हें देवभूमि हिमाचल की जनता से मा?ी माँगनी चाहिएवहाँ ये हिमाचल के जश्न-ए-बर्बादी का मह?िल सजा रहे हैं। यह तीन साल सुशासन के नहीं कुशासन और दुःशासन की सरकार के हैं। तीन सालों में आपने राज्य का सत्यानाश किया है और अगले दो सालों में सर्वनाश करेंगें। हिमाचल एक ऐसा राज्य है जहाँ कामदार विपक्ष में हैं और आरामदार सरकार में हैं

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि हिमाचल में आज आर्थिक आपातकाल है क्योंकि मित्रों की सरकार ने मौज मस्ती के नाम पर खजाना खाली कर दिया। तीन सालों के अंदर हिमाचल प्रदेश जैसे एक छोटे से राज्य के ऊपर एक लाख करो? का कर्ज, यह चमत्कार सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। आपने एक अच्छे भले विकासशील राज्य को दिवालिया बनाकर छोड़ दिया है। क्या यही व्यवस्था परिवर्तन है ? जो सरकार नीलामी और आम लोगों के जेब पर डाका डालने के स्तर तक चली गयी हो वह हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का दावा कर रही है। इन तीन सालों में हिमाचल की जनता ने कांग्रेस के कुशासन और दुःशासन का जो दंश झेला है ऐसे में जनता ने मन बना लिया है 2027 में ऐसे आरामदार को परमामेंट आराम देने का काम करेगी और कुशासन और दुःशासन पार्टी को हिमाचल से बाहर करने का काम करेगी।


**HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI VIBHAG**
**NOTICE INVITING E-TENDER**

Online bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer Jal Shakti Division Sunder Nagar on behalf of the Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in Two covers for the under mentioned work from the contractors/firms of an appropriate class enlisted with HP Jal Shakti Vibhag.

| Sr No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cos of tendor form | time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Restoration of rain damages to WSS/LWSS to NC PC habitation in GP Slapper Kangoo Dehar Jambla Baroti Nalag Chanol Salwana and Samoun in Tehsil Sundernagar Distt. Mandi (H.P.) (SH: C/O trench weir and providing laying jointing and testing of MS pipe 200mm & 300mm dia in gravity main) | Rs. 29,42,129/- | Rs. 58,900/- | Rs. 1500/- | Three months |

Schedule of tendering:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid submission start date | 03.12.2025 | 5:00 PM |
| 2 | Bid submission end date and time | 12.12.2025 | 5:00 PM |
| 4 | Opening of Cover 1 | 15.12.2025 | 11:30 AM |
| 5 | Opening of Financial bid | Date and place to be notified separately | |

**Terms and Conditions:-**

Tender documents, Term and conditions and other instruction can be downloaded or viewed online from the portal https://hptenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Jal Shakti Division Sundernagar.**

RO No. 4862_2025-2026 AP-5983

## पीजीआई के ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर को नेशनल अवॉर्ड मिला

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** पीजीआई ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर ने 28 से 30 नवंबर तक हुए दो बड़े नेशनल डेंटल कॉन्फ्रेंस में नेशनल लेवल पर अच्छी पहचान बनाई है।

प्रोफेसर और हेड, प्रो. एस.पी. सिंह को विशाखापट्टनम में इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी कॉन्फ्रेंस में आउटस्टैंडिंग प्रोफेसर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ऑर्थोडॉन्टिक्स यूनिट के एडिशनल प्रोफेसर, डॉ. संजीव वर्मा को लगातार तीसरे टर्म के लिए एग्जीक्यूटिव कमेटी के लिए चुना गया। मंगलुरु में आइएपीएचडी नेशनल कॉन्फ्रेंस में, यूनिट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के एडिशनल प्रोफेसर, डॉ. अर्पित गुप्ता को पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री में सबसे ज्यादा नेशनल रिसर्च आउटपुट के लिए मशहूर मणि भाग्यलक्ष्मी आइएपीएचडी सिल्वर जुबली एंडोमेंट अवॉर्ड मिला, और यूनिट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. निशांत मेहता को तंबाकू छोड़ने पर फोकस्ड उनकी इनोवेटिव रिसर्च के लिए बेस्ट पेपर अवॉर्ड मिला।

## हाईकोर्ट के दखल के बाद चंडीगढ़ में लगी पाबंदी, पंचकूला में जारी, एमसी मूक

# मंडी में रंगीन लाइटें लगाकर बेच रहे सब्जियां

लोगों का कहना नगर निगम रंगीन लाइटों पर लगाए प्रतिबंध

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** पड़ोसी शहर चंडीगढ़ में रंगीन लाइटें लगा कर सब्जी बेचने वाले वेंडरों पर कार्रवाई कर इस कार्रवाई को तुरंत रोकने के निर्देश जारी किए गए थे। अब यही खेल पंचकूला की हर हफ्ते लगने वाली सब्जी मंडी में खेला जा रहा है। रंगीन लाइटें लगा कर लोगों को बासी सब्जियां ताजा दिखाने की कोशिश कर बेची जा रही हैं। ऐसे में लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। यह मुद्दा शहर में नया नहीं है। मामले की गंभीरता को समझते हुए, पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने पहले चंडीगढ़ के बाजारों में रंगीन लाइटों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, और फैसला सुनाया था कि खरीदारों से पैसे ठगने से रोकने के लिए फल और सब्जी के स्टॉल के लिए सिर्फ सफेद लाइट की इजाजत दी जाए। गुप्ता ने कहा कि हालांकि ये निर्देश चंडीगढ़ के मार्केट के बारे में जारी किए गए थे, लेकिन पड़ोसी पंचकूला में



भी यही समस्या है। नगर निगम को लोगों से पैसे ऐंठने से रोकने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। लोगों का कहना है कि वेंडरों से स्टॉल लगाने के लिए रोजाना फीस लेने के बावजूद, सिविक बॉडी कथित तौर पर सही लाइटिंग सहित फेयर ट्रेड प्रैक्टिस का पालन पक्का करने में नाकाम रही।

### वेंडर अपना रहे नए नए तरीके

एक स्थानीय निवासी ने सोशल मीडिया पर कड़ी आलोचना करते हुए मजाक में कहा, हरियाणा पहले से ही इनोवेशन में लीडर है। पंचकूला के सब्जी और फल बेचने वालों (कथित तौर पर अधिकारियों की मिलीभगत से) द्वारा फलों और सब्जियों के लिए रंगीन लाइट का इस्तेमाल करके अनजान ग्राहकों को धोखा देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले नए तरीकों को देखिए। कोई स्टैंडर्ड क्यों नहीं है? यह बिल्कुल भी अलाउड नहीं है और न ही यह नैतिक रूप से सही है।

### म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से दखल देने की अपील

सॉल्यूशन बॉक्स के फाउंडर मोहित गुप्ता ने भी यही चिंता जताई और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से दखल देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम को नियम लागू करने चाहिए ताकि रंगीन लाइटों का इस्तेमाल न हो। यह खुली धोखाधड़ी है। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है? लोग इसे लेकर परेशान हैं। हम इस मुद्दे को कॉर्पोरेशन के सामने उठाएंगे। लोगों को उम्मीद है कि कॉर्पोरेशन हाई कोर्ट के फैसले के मुताबिक सुधार के कदम उठाएगा और पंचकूला के मार्केट में कस्टमर्स के लिए ट्रांसपेरेंसी पक्का करेगा।

**पत्तेदार चीजों के लिए हरी, सेब और अनार के लिए लाल लाइटें :** शहर में सब्जी बेचने वाले अपने प्रोडक्ट का असली रूप छिपाने के लिए रंगीन लाइट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे लोग ठगे हुए और निराश महसूस कर रहे हैं। दूसरी तरफ नगर निगम ने इस मामले में अपनी आंखें मूंद रखी हैं। यह तरीका हफ्ते के अलग-अलग दिनों में अलग-अलग सेक्टर में लगने वाली मंडियों में आम हो गया है। कहा जा रहा है कि बेचने वाले फलों और सब्जियों के रंग से मिलती-जुलती लाइट का इस्तेमाल करते हैं। पत्तेदार चीजों के लिए हरी, सेब और अनार के लिए लाल, वगैरह जिससे ग्राहकों के लिए यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि वे जो खरीद रहे हैं वह कितना ताजा और क्वालिटी का है।

## शक्ति चेतना उत्सव में चंडीगढ़ पधारेंगे सिद्ध गुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव

जीरकपुर में होटल पार्क प्लाजा में 7 दिसंबर को करेंगे प्रवचनों की अमृतवर्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, (अप्रस)।** विश्वधर्म चेतना मंच, चण्डीगढ़ केन्द्र के तत्वावधान में 7 दिसंबर को सिद्ध गुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दिव्य सानिध्य में चंडीगढ़ के साथ लगते जीरकपुर में शक्ति चेतना उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव का शुभारंभ होटल पार्क प्लाज़ा अम्बाला-चण्डीगढ़ नेशनल हाईवे, जीरकपुर में रविवार को शाम 4.15 बजे से होगा। शान्ति एवं अहिंसा के अग्रदूत सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव 192 देशों में घूम-घूम कर ऐसे समाज, राष्ट्र एवं विश्व के निर्माण में संलग्न हैं जहां किसी भी प्रकार का जातिवाद, सम्प्रदायवाद नहीं है, सिर्फ मानवता है। महायोगविभूति परमात्मीय ऊर्जा सम्पन्न ऐसे %सिद्ध गुरुवर% का इस युग में सान्निध्य मिलना हम सबका अहोभाग्य है।

सौम्य साधारण व्यक्तित्व योगविभूति सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने न केवल सांसारिक शिक्षा में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया अपितु आध्यात्मिक क्षेत्र में भी आगम, निगम, वेद, पुराण, गुरुग्रंथ साहिब, रामायण, बाइबिल, कुरान, उपनिषद, महाकाव्य, भगवद्गीता जैसे पवित्र दैविक शास्त्रों का पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया। सिद्ध गुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव का सन्देश एवं उपदेश है, अपनी आत्मा को ऊपर उठाओ, शक्तिशाली बनाओ, दैविक बनाओ। तुम सब भगवान् के भेजे हुए ईश्वरीय दूत हो। तुम जन्म से ही विजेता हो और जन्मे ही हो जीतने के लिए। मैं तुमसे, परिवार से परमात्मा तक की यात्रा करवाते हुए तुम्हें मुक्त भी करवाऊंगा। जीवन को ऐसे जियो कि यह जीवन औरों और आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श बन जाए।

## नयागांव में अवैध रेहड़ी-फड़ी वालों पर कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** नगर काउंसिल नयागांव के कार्यकारी अधिकारी मनप्रीत सिंह के निंदेशोनुसार नयागांव के मेन बाजार में दुकानो के सामने अवैध व अव्यवस्थित रूप से रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों के खिलाफ नगर काउंसिल नयागांव के सुप्रीडेंट सैनीटेशन व चीफ इंसपैक्टर जंग बहुदुर तथा एसआई संतोष वर्मा ने उच्च अधिकारियो के निंदेशों पर अपना रवैया सख्त कर लिया है। मेन मार्केट्स में रेहड़ी-फड़ी वालों का कब्जे किये वाला सामान नगर काउंसिल की टीम ने उठाया है । उनके साथ नयागांव पुलिस के ऐ एस आई निंभय सिंह की टीम भी थी । नगर काउंसिल प्रशासन ने इन्हें यहां पर अब दो दिन का अल्टीमेटम दिया है, इसके बाद प्रशासन व पुलिस कार्रवाई करेगी। मेन बाजार के मार्ग पर हर रोज लगने वाले जाम व दुर्घटनाओं को देखते हुए नगर काउंसिल प्रशासन व पुलिस ने इन पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है। पुलिस विभाग जल्द ही नगर काउंसिल प्रधान बीबी बलविन्द्र कौर मंड तथा सभी पार्षदो द्वारा व्यापार मंडल के प्रधान श्री उमेश गुलियानी के साथ बैठक करेगा और रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों द्वारा मेन बाजारों के मार्ग कब्जा करने के कारण सुबह और शाम के समय जाम लगना आम बात हो गई है। यही नहीं इस मार्ग पर दुर्घटनाएं भी बढ़ गई है। यह जाम दुकान के आगे और तंग जगह पर लग रही रेहड़ियों के चलते लग रहा है। नगर काउंसिल व पुलिस प्रशासन हर रोज इन रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों को हटा रहा है, लेकिन वह मौका देखते ही दोबारा अपनी रेहड़ी सजा लेते हैं। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे अपनी दुकानो का सामान चारपाई लगा कर या टेबल लगा कर बाहर सजाया होता है व कुछ दुकानदारो द्वारा रेहडी लगवा कर उसकी एवज में उनसे किराया लिया जाता है। नगर काउंसिले की सेनेटरी इंसपैक्टर श्रीमति संतोष वर्मा ने आज बार-बार अनाउंसमेट करके चेतावनी दी गई । उन्होने रेहडी व फडी वालो का कुछ सामान उठवाया है । बताया गया है कि कार्यकारी अधिकारी मनप्रीत सिंह सिंह के दिशा निर्देश के बाद उन्होंने कार्रवाई शुरू की है। पहले कई बार अनाउंसमेट करके चेतावनी भी दी है । अवैध रूप से जो भी रेहड़ी-फड़ी लग रही है उन्हें दो दिन का समय दिया गया है।

## एमसी चंडीगढ़ ने एंटी-एनक्रोचमेंट ड्राइव चलाई; 25 गाड़ियां इंपाउंड

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ के जॉइंट कमिश्नर, श्री हिमांशु गुप्ता के निर्देशों पर, एनफोर्समेंट विंग ने आज मोटर मार्केट, सेक्टर 28 और बुड़ैल इलाके में सख्त एंटी-एनक्रोचमेंट ड्राइव चलाई।

मोटर मार्केट सेक्टर 28 में ड्राइव के दौरान, मैकेनिक पब्लिक सड़कों पर गाड़ियां रिपेयर करते हुए पाए गए, जिससे ट्रैफिक में रुकावट और परेशानी हो रही थी। सख्त कार्रवाई करते हुए, टीम ने 15 कारें इंपाउंड कीं और नियम तोड़ने वालों के मौके पर ही चालान काटे। बुड़ैल में भी ऐसी ही ड्राइव चलाई गई, जहां गैर-कानूनी तरीके से पार्क की गई और एनक्रोचमेंट करने वाली 10 गाड़ियां इंपाउंड की गईं।

आज की ड्राइव के दौरान कुल 25 गाड़ियां इंपाउंड की गईं।




म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने दोहराया है कि पब्लिक जगहों को एनक्रोचमेंट से मुक्त रखने, ट्रैफिक का आसान मूवमेंट पक्का करने और सिविक ऑर्डर बनाए रखने के लिए ऐसे एनफोर्समेंट ड्राइव रेगुलर और सख्ती से चलाए जाएंगे। नागरिकों और दुकानदारों से अपील की गई है कि वे गैर-कानूनी पार्किंग और सड़क पर कब्ज़ा न करें, ऐसा न करने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## इक्लैट-25 में चमकी प्रतिभा की रोशनी, छात्रों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध

मानव मंगल हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियों से संस्कृति और कल्पनाशीलता को दिया नया आयाम

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** मानव मंगल हाई स्कूल, सेक्टर-21 के तीसरी से पांचवीं कक्षा के छात्रों द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक स्टेज शो 'इक्लैट-25' का शानदार आयोजन किया गया। मानव मंगल स्मार्ट स्कूल, सेक्टर-64 के सभागार में हुए इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता की ऐसी छाप छोड़ी कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर प्रस्तुतियां दीं और अपनी मनमोहक अदाओं व लाजवाब प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। समारोह की शुरुआत स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति से हुई जिसमें साल भर की उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों ने भगवान गणेश की आराधना से की। उन्होंने मनमोहक प्रस्तुति देकर विघ्नहर्ता श्री गणेश के आशीर्वाद का आह्वान किया। गणेश वंदना पर आधारित इस सुंदर नृत्य ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। बच्चों ने पूर्ण समर्पण और भावपूर्ण अभिव्यक्ति के साथ यह प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। इसके बाद मंच पर एक ऐसी अनंत प्रेम कहानी को जीवंत किया गया, जो हर युग में अमर रहती है – बच्चे और माँ के बीच का अटूट संबंध। 'माँ – एक एहसास' शीर्षक वाली इस प्रस्तुति ने दर्शकों की भावनाओं को गहराई से छू लिया और मातृत्व की ममता, त्याग और स्नेह का हृदयस्पर्शी चित्रण किया।

इसके बाद विद्यार्थियों ने 'फूड इज लाइफ' शीर्षक से प्रस्तुत नृत्य प्रदर्शन के माध्यम से भोजन की बचत का संकल्प लिया। उन्होंने संदेश दिया कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है, इसलिए इसे बर्बाद करना मानवता और प्रकृति दोनों के साथ अन्याय है। छात्रों ने दर्शकों को प्रेरित किया कि वे भोजन की कद्र करें, उसे व्यर्थ न जाने दें और इस दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाकर बड़ा बदलाव लाने में योगदान दें।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों की दृष्टि आत्मविश्वास की नींव : रंजीता मेहता

**पंचकूला।** सार्थक स्कूल, सेक्टर 12 पंचकूला में गुरुवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजीता मेहता मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं और उन्होंने शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह निशुल्क नेत्र जांच शिविर कोशेर ऑप्टिक्स टेक्नोलॉजी द्वारा सामाजिक



दायित्व के तहत आयोजित किया गया। प्रबंध निदेशक समर महापात्रो ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके आने के लिए आभार व्यक्त किया। रंजीता मेहता ने कहा कि बच्चों की दृष्टि उनके भविष्य और आत्मविश्वास की नींव होती है। उन्होंने बच्चों को आंखों की सुरक्षा के लिए मोबाइल का सीमित उपयोग, सही रोशनी में पढ़ाई और नियमित नेत्र जांच जैसे सरल लेकिन आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बचपन में की गई छोटी सावधानियाँ जीवनभर दृष्टि को सुरक्षित रखती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्क्रीन टाइम और पढ़ाई की आदतों पर नजर रखना, समय-समय पर आंखों की जांच करवाना और किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करना माता पिता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जागरूक अभिभावक ही बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने नेत्र जाँच शिविर टीम और कोशेर ऑप्टिक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड की इस सामाजिक पहल की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बैठक आयोजित

**रायपुररानी (सोनू)।** उपमंडल अधिकारी नागरिक शिवजीत भारती की अध्यक्षता में बुधवार को एनीमिया मुक्त भारत एवं एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक समीक्षा एवं जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और पंचायती राज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

एसडीएम शिवजीत भारती ने अधिकारियों से कहा कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का काम नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग का संयुक्त प्रयास है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को आयरन-फोलिक एसिड की खुराक से वंचित न रखा जाए।

## खनन माफिया का पुलिस पर हमला, टिप्पर छीन कर भागे तो पुलिस ने पीछा कर दबोचे दो आरोपी

नानकपुर में टिप्पर के ड्राइवर ने बुलाए साथियों ने की पुलिस से झड़प

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पिंजौर के गांव मढ़ावाला चौकी के अंतर्गत आते नाकपुर के मार्ग पर देर रात को खनन माफिया ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया। गाड़ियों में सवार होकर आए खनन माफिया बदमाश पुलिस से पकड़े गए अपने खनन के टिप्पर को छुड़ा कर मौके से फरार हो गए।

सूचना पर इतनी ही देर में पिंजौर थाना और चौकी की टीम मौके पर पहुंची। जिस पर दोनों स्कार्पियों को पीछा किया गया तो एक को पकड़ लिया गया। जिसमें



से बैठे युवकों ने खुद को हिमाचल प्रदेश के सोलन में कैम्बवाला गांव के बलवंत और गुरदेव सिंह बताया। पिंजौर थाना पुलिस ने ईएचसी प्रवीन की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पिंजौर थाना पुलिस ने सभी के खिलाफ माइनिंग एक्ट, पुलिस का रास्ता रोकने, सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है।

**पुलिस गश्त में रोका खनन में लिप्त टिप्पर :** प्रवीन कुमार ने बताया कि उनकी टीम 3 दिसंबर को रात करीब एक बजे गश्त पर थी। इस दौरान चितकारा युनिवर्सिटी बद्दी की तरफ नानकपुर दुकानों के पास एक बिना नम्बर का टिप्पर अवैध खनन से भरा आता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने रोकने का इशारा किया और ड्राइवर ने टिप्पर को रोक लिया। जिसके बाद ड्राइवर ने किसी को फोन पर बताया कि गाड़ी पुलिस ने पकड़ ली है। प्रवीन के मुताबिक इसकी सूचना मंढावाला पुलिस चौकी को दी।



## स्वामी रसिक महाराज का सेक्टर 42 में भव्य स्वागत

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** नवनियुक्त सनातन धर्म परिषद, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) एवं नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज का चंडीगढ़ सेक्टर 42 में आगमन पर कांग्रेस नेता एवं सीनियर डिप्टी मेयर जसवीर सिंह बंटी ने पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्वामी रसिक महाराज ने प्रेरणादायी संदेश देते हुए कहा कि जीवन में शेर बनो, सिंहासन की चिंता मत करो। जो व्यक्ति मेहनत और लगन से जनसेवा करता है, भगवान उसे अवश्य फल देते हैं। चंडीगढ़ में चल रहे विकास कार्यों के लिए संत रसिक महाराज ने सीनियर डिप्टी मेयर जसवीर सिंह बंटी की दिल से प्रशंसा की और उनके प्रयासों को सराहा। स्वागत कार्यक्रम में रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 42 के प्रधान राजकुमार शर्मा, पवन सिंगला, मलकीत सिंह, राकेश कुमार, दीप भट्टी, चरणजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में सेक्टरवासी उपस्थित रहे।

## दुर्घटना में गई युवक की जान के बाद पीजीआई में डीसीडी डोनेशन से मिली दो मरीजों को नई जिंदगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** पीजीआई में दुर्घटना में मृत युवक के डोनेशन आफ्टर सर्कुलेटरी डेथ (डीसीडी) से एंड-स्टेज रीनल फेलियर से जूझ रहे दो मरीजों को नई जिंदगी मिली है। मृतक ऑर्गन डोनेशन के लिए एक अहम पड़ाव में संस्थान ने एक अचानक हुई दुखद घटना को दूसरों के लिए जान बचाने के अवसर में बदलने का फैसला किया, जिससे दोनों किडनी का सफल ट्रांसप्लांट हुआ। यह डोनेशन परिवार के इरादे से मुमकिन हुआ।



प्रो. विपिन कौशल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट और नोडल ऑफिसर, रोटो नॉर्थ, ने कहा कि पीजीआई ने अब 20 डीसीडी डोनेशन करवाए हैं, और यह साल का तीसरा डीसीडी केस है। जिला कैथल निवासी एसआई विजय कुमार और पीएस कत्याल को उनके प्रोएक्टिव रिस्पॉन्स और शानदार सपोर्ट के लिए हम दिल से धन्यवाद देते हैं, जिससे जान बचाने वाले इंटरवेंशन मुमकिन हुए।

एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हुए युवक को 21 नवंबर को पीजीआई लाया गया था। उसे अचानक कार्डियक अरेस्ट हुआ। रिससिटेटिव और इंटेंसिव केयर उपायों के बावजूद, उसे बचाया नहीं जा सका।

कार्डियक अरेस्ट होने और सभी नेशनल डीसीडी प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, मेडिकल टीम ने सर्कुलेटरी क्राइटेरिया के आधार पर मौत की घोषणा की। इस दुख की घड़ी में मृतक के परिवार ने सभी अंग दान करने की सहमति दे दी।

## कालका नप क्षेत्र में 1 करोड़ 34 लाख रुपये के विकास कार्यों का भव्य शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कालका।** कालका विधानसभा के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा। कालका नगर परिषद क्षेत्र में जन-सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कुल 1 करोड़ 34 लाख की लागत से कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। यह पहल कालका विधानसभा को हरियाणा की अग्रणी विधानसभा बनाने की दिशा में एक और निर्णायक कदम है।

ये परियोजनाएँ केवल सड़कों अथवा गलियों का निर्माण भर नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों के जीवन को सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम हैं। बेहतर बुनियादी ढाँचा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाएँ—इन्हीं मूलभूत आधारों पर हमारा विकास दृष्टिकोण निरंतर आगे बढ़ रहा है।

इस दौरान विधायक कालका शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता हमेशा से जनसेवा रही है। हर वार्ड तक मूलभूत



सुविधाएँ पहुँचना हमारा दायित्व है। माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा श्री नायब सिंह सैनी जी के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग के कारण कालका क्षेत्र में विकास की गति लगातार बढ़ रही है। मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार प्रकट करती हूँ।

उन्होंने कहा कि विकास की यह यात्रा यहीं थमने वाली नहीं है। आने वाले समय में भी इससे बड़े, विस्तृत और जन-हितैषी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। नई सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट्स, सामुदायिक ढाँचा, खेल एवं शिक्षा से संबंधित कार्य—हर दिशा में योजनाबद्ध तरीके से प्रगति जारी है। हमारा लक्ष्य कालका को हरियाणा की हश. 1 विधानसभा के रूप में स्थापित करना है।

आज के कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिकों और नगर परिषद के माननीय पार्षदों ने भी विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा का हार्दिक धन्यवाद किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा और स्थानीय स्तर पर सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार आएगा।

पार्षदों ने भी विधायक महोदया को क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास, उनके सक्रिय सहयोग और हर वार्ड की मांगों को प्राथमिकता देने के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विधायक जी द्वारा दिए जा रहे निरंतर समर्थन से नगर परिषद क्षेत्र में वास्तविक और सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

अंत में विधायक शक्ति रानी शर्मा ने सभी नागरिकों, पार्षदों और जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद करते हुए कहा आप सभी के सहयोग, विश्वास और जनभागीदारी से ही यह विकास यात्रा आगे बढ़ रही है। मिलकर हम कालका को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाएँगे।

# चीनी मिल किसानों की धड़कन, क्षेत्र की पहचान : अरविंद शर्मा

गोहाना चीनी मिल में 25वें पेराई सत्र 2025-26 की शुरुआत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना। चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल, गोहाना के 25वें पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ गुरुवार को प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने किया। इस दौरान सहकारिता मंत्री डॉ. शर्मा ने गोहाना क्षेत्र के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह चीनी मिल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं बल्कि क्षेत्र की धड़कन, किसानों की आशा और हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। उन्होंने बताया कि गोहाना क्षेत्र ने इस मिल की स्थापना के लिए जिस संघर्ष का सामना किया, आज उस प्रयास का परिणाम क्षेत्र की प्रगति के रूप में सामने है। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी रीटा शर्मा भी मौजूद रही।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गन्ना किसानों के लिए अगेती किस्म का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्म का भाव 408 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। बीते पेराई सीजन में प्रदेश के किसानों को 1211 करोड़ रुपये



का भुगतान किया गया, जिनमें गोहाना शुगर मिल के किसानों को 80 करोड़ रुपये और सोनीपत शुगर मिल के किसानों को 103 करोड़ रुपये का भुगतान शामिल है। सहकारी चीनी मिलों में लागू ऑनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों की मिल पहुंच व्यवस्था में 10 से 12 घंटे की कमी आई है। गन्ना कटाई में लेबर एवं छिलाई संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु कृषि विभाग के सहयोग से सब्सिडी पर हार्वेस्टिंग मशीनें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जा रही है।

डॉ. शर्मा ने याद दिलाया कि पिछले वर्ष उन्होंने पुराने गन्ना किसानों को दोबारा मिल से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, मिल निदेशकों और अधिकारियों से इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की अपील की।सहकारी चीनी मिल गोहाना के चेयरमैन एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने पिराई सत्र की बधाई दी और किसानों को आह्वान किया कि वे मील में साफ-सुथरा गन्ना लेकर आए ताकि इस साल और अधिक रिकवरी मिल सके। इसके अलावा किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं दी जाएगी।

इस मौके पर हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ के प्रबंध निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम अंजलि क्षोत्रिय, शुगर मिल गोहाना की एमडी अंकिता वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, बलजीत मलिक, गोहाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन कृष्ण सैनी, महिला जिला अध्यक्ष रीना शर्मा, रणदीप लठवाल, आहुलाना के सरपंच कुलदीप, ओमप्रकाश शर्मा, राकेश, करतार सिंह मलिक, बलवान तथा ओमबीर वत्स सहित सैकड़ों गणमान्य किसान मौजूद रहे।


सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

AP-5975

सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

AP-5975


# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ़ हरियाणा के खिलाड़ी तरुण कुमार ने जीता सिल्वर मेडल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

राई। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ़ हरियाणा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी तरुण कुमार ने कोटा, राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में फेंसिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। तरुण कुमार के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। उनके कोच बतेरी भारद्वाज ने लगातार प्रशिक्षण, अनुशासन और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया, जिसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोच को भी हार्दिक बधाई दी है। इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अशोक कुमार एवं रजिस्ट्रार श्री जसविंदर सिंह और प्रो योगेश चन्दर ने कहा कि तरुण कुमार का यह शानदार प्रदर्शन स्पोर्ट्स



यूनिवर्सिटी ऑफ़ हरियाणा की उच्च स्तरीय खेल शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रणाली का प्रतिफल है। विश्वविद्यालय ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करता रहेगा और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयाँ छूने के लिए निरंतर अवसर प्रदान करता रहेगा। हम तरुण और उनके कोच बैटरी भारद्वाज को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि तरुण कुमार का यह प्रयास अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ़ हरियाणा खेल उत्कृष्टता की दिशा में इसी तरह आगे बढ़ती रहेगी।

# ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'स्वीकार' जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

सोनीपत (अप्रस)। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हैबिटेट क्लब, रेड क्रॉस कार्यालय के निकट, 'स्वीकार- न्याय और सम्मान' (ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए जागरूकता अभियान) के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम श्री जगजीत सिंह, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व श्री प्रचेता सिंह, माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव के मार्गदर्शन में तथा जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अभियान का संचालन एवं जागरूकता संबोधन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता विनोद शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने वहाँ उपस्थित ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगो के विधिक अधिकारों, सम्मानजनक जीवन, समान अवसरों, समाज में स्वीकृति तथा न्याय सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

मैं, मीतू मेहता पत्नी स्वर्गीय उमेश शर्मा निवासी गाँव- ढग्गर, परवाणू, तहसील- कसौली, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) ने अपना नाम मुस्कान शर्मा से बदलकर मीतू मेहता रख लिया है।
एपी-5975

मैं, प्रियंका भट्ट पत्नी नितेश डिमरी, घर नंबर 31 ब्लॉक A2, सावित्री एन्क्लेव, VIP रोड, ज़ीरकपुर, पोस्ट ऑफिस- ज़ीरकपुर, जिला- SAS नगर (मोहाली) पंजाब-140603 कि मेरी बच्ची नित्या डिमरी के बर्थ सर्टिफिकेट में मेरा नाम 'प्रियंका' लिखा है। 'प्रियंका' और 'प्रियंका भट्ट' एक ही व्यक्ति के नाम हैं, यानी कि मैं।
एपी-5977

मैं, अनिल कुमार पुनिया ( इंडियन एयर फोर्स सर्विस नंबर 763745-जी, रैंक सर्जेंट) पुत्र रत्ती राम निवासी मकान नंबर 307/16, नेहरू गार्डन कॉलोनी, मध्य मार्ग, जिला कैथल ब्यान करता हूँ कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम मिलोन पुनिया (Milon Punia) से बदलकर मिलन पुनिया (Milan Punia) रख दिया है।
एपी-5978

मैं, राकेश गोयल पुत्र स्वर्गीय श्री बैजनाथ गोयल, निवासी मकान संख्या 203, जीएच-83, सेक्टर-20, पंचकूला, हरियाणा मेरा संपत्ति दस्तावेज़, आवंटन पत्र संख्या 1484 दिनांक 10.06.1982, और स्थानांतरण पत्र संख्या 26037 दिनांक 24.12.1992, मकान संख्या 2316, सेक्टर-15, पंचकूला, खो गया है। डीडीआर 052 दिनांक 03.12.2025, पुलिस स्टेशन, चंडीगढ़ में दर्ज है । यदि किसी को मिले तो उपरोक्त पते पर भेजें।

मैं, सुषमा पत्नी सुरजीत कुमार, निवासी वार्ड नं. 5 गली नं. 6 गांधी कॉलोनी, समालखा, पानीपत हरियाणा ने अपना नाम सुषमा जन्मतिथि 23.3.1997 से बदलकर सुषमा यादव जन्मतिथि 23.7.1997 कर लिया है।

मैं, गुरु दयाल पंडित, पुत्र श्री गोखुल पंडित, निवासी मकान नंबर 1054, गोविंदपुरा, मनीमाजरा, चंडीगढ़, ने अपना नाम गुरु दयाल पंडित से बदलकर गुरु दयाल पंडित कर लिया है।

मैं, ममता पुत्री कंवर पाल, निवासी गेट नंबर 03, ट्रांसफॉर्मर के पास, खरक मंगोली, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम ममता से ममता देवी में बदल लिया है।
एपी-5980

मैं, सीता अजय यशपाल, पत्नी अजय यशपाल, निवासी हाउस नंबर 9-D, प्रथम तल, सेक्टर 125, सनी एन्क्लेव, खरार, मोहाली, पंजाब 140301, इसके द्वारा घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम अब SEETA A YASHPAUL से बदलकर SEETA AJAY YASHPAUL हो गया है।
एपी-5981

मैं, सोनू कुमार पुत्र मान सिंह वासी मकान नं 144, वार्ड नं. 7, घिर, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर सोनू से सोनू कुमार रखा है।

मैं, रीटा देवी पत्नी सतीश सैणी वासी मकान नं. 236, नंदा कॉलोनी फरकपुर, जगाधरी, यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर रीटा सैणी रखा है।

मैं, सतीश कुमार पुत्र अत्तार सिंह वासी मकान नं. 236, नंदा कॉलोनी फरकपुर, जगाधरी, यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर सतीश सैणी रखा है।
एपी-5985

I, Arun Kumar Jain R/o SCF 16-17, Sector 28-C, Chandigarh, my father's name wrongly mentioned in my Pan Card Jatinder Kumar Jain instead Jai Inder Kumar Jain
एपी-5987

सर्वसाधारण जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि सीता देवी पत्नी श्री जीत राज भट्ट, निवासी मकान नंबर 538, सैनी विहार, फेस-2, बलटाना, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब, पिन कोड- 140604, भारत सूचित करती हूं कि मेरे नाबालिग पुत्र ध्रुव भट्ट, जिसकी आयु 13 वर्ष है, के स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पति का नाम गलती से जीत राज लिखा गया है। मेरे पति का वास्तविक नाम जीत राज भट्ट है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाए।
एपी-5988

I, Dimple Garg, D/o Sh. Rajinder Garg, resident of Ferozepur Cantt, hereby declare that I have changed my name and shall henceforth be known as Dimple Bansal, W/o Deepak Bansal, resident of I-904, Victoria Heights, Peer Muchalla, Zirakpur – 140603.

मैं, विपिन पुत्र शिव कुमार पांडे, निवासी एच नंबर 698, स्मॉल फ्लैट्स, धनास, सेक्टर 14, चंडीगढ़ - 160014 ने अपना नाम बदलकर विपिन कुमार पांडे रख लिया है।

मैं, शिव कुमार पुत्र नंद किशोर पांडे, निवासी एच नंबर 698, स्मॉल फ्लैट्स, धनास, सेक्टर 14, चंडीगढ़ - 160014 ने अपना नाम बदलकर शिव कुमार पांडे रख लिया है।
एपी-5989

मैं, नवनीत कौर, सैन्य संख्या- JC 355831X रैंक- सूबेदार नाम- धरम सिंह की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट-439 इंजीनियर स्क्वायड लेह न्योमा सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गाँव- धीर, पोस्ट; शंकरपुर, तहसील- बटाला, जिला- गुरदासपुर, राज्य- पंजाब, पिन- 143505 घोषणा करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि गलती से 26/06/1980 दर्ज है, लेकिन सिविल/ सरकारी दस्तावेजों के अनुसार मेरी सही जन्मतिथि 05/10/1980 है। शपथ पत्र संख्या-11AA219127, दिनांक- 04/12/2025

मैं, Service No. 15678551F, Rank HAV, MD IRAD SK, S/o Sh. Sakender SK, वर्तमान पता Qtr No. 6373, Sector-E, Chandimandar Cantt, Panchkula, Haryana, द्वारा यह घोषित करता/करती हूँ कि मेरे बच्चों के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम "MD IRADSK" गलती से दर्ज हो गया है, जो कि एक क्लेरिकल त्रुटि है। अब मैं अपने नाम की इस त्रुटि को सुधारते हुए "MD IRADSK" के स्थान पर अपना सही नाम "MD IRAD SK" दर्ज करवाना चाहता हूँ।

मैं, चेज़ल्ला उएंक्ट्यम्मा, सैन्य संख्या- 17008246एम रैंक- सिपाही नाम- चिल्ला रामकृष्ण की मां हूं स्थायी पता- हाउस नंबर-1-154, चिल्लावीध, भोगापुरम (मंडलम), वीटीसी- गुडीवाड़ा, पोस्ट- गुडीवाड़ा, उप जिला- भोगापुरम, जिला- विजयनगरम, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 531162 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम बदल लिया है। चेज़ल्ला उएंक्ट्यम्मा से बदलकर चिल्ला वेंकय्याम्मा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219125, दिनांक- 04/12/2025

मैं, चैज़ल्ला राम राव सैन्य संख्या- 17008246एम रैंक- सिपाही नाम- चिल्ला रामकृष्णा का पिता हुं स्थायी पता- हाउस नंबर-1-154, चिल्लावीध, भोगापुरम (मंडलम), वीटीसी- गुडीवाड़ा, पोस्ट- गुडीवाड़ा, उप जिला- भोगापुरम, जिला- विजयनगरम, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 531162 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम चैज़ल्ला रामा राव से बदलकर चिल्ला रामाराव कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219126, दिनांक- 04/12/2025

मैं, राम प्रताप गौर, सैन्य संख्या- 14839433L रैंक- हवलदार/MT नाम- मंगला गौर का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 18, खेरस (बिधनू), बिधनू, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - 209214 पर तैनात हूँ घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम राम प्रताप गौर से बदलकर रामप्रताप गौर कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219122, दिनांक- 04/12/2025

मैं, रामप्रताप गौड़, सैन्य संख्या- 14839433L रैंक- हवलदार/MT नाम- मंगला गौड़ का पिता हूं जो वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 18, खेरस (बिधनू), बिधनू, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - 209214 पर तैनात हूँ घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1961 से 01/01/1961 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219123, दिनांक- 04/12/2025

मैं, राधिका देवी, सैन्य संख्या- 14839433L रैंक- हवलदार/MT नाम- मंगला गौड़ की माँ हूँ वर्तमान में यूनिट- 519 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 18, खेरस (बिधनू), बिधनू, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - 209214 पर तैनात हूँ घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/07/1964 से 01/01/1964 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 219124, दिनांक- 04/12/2025

I, NELLI TEJASWI is legally Wedded Spouse of Army No: 16120460A Rank: NK Name: Marri Adibabu Presently Residing At Village: 1-69A/4-26, Harijanaveedhi, Bheemavaram, Badangi mandalam, Bheemavaram, Bhimavaram, Vizianagaram, State: Andhra Pradesh, Pin: 535578 declare that I have Correct My Date of Birth from 14/05/1993 to 14/05/1995.

I, MARRI CHITTIYYA am Father of Army No: 16120460A Rank: NK Name: Marri Adibabu Presently Residing At Village: 1-69A/4-26, Harijanaveedhi, Bheemavaram, Badangi mandalam, Bheemavaram, Bhimavaram, Vizianagaram, State: Andhra Pradesh, Pin: 535578 declare that I have Correct my Date of birth from 22/07/1969 to 01/01/1976.

I, MARRI PUSPAMMA am Mother of Army No: 16120460A Rank: NK Name: Marri Adibabu Presently Residing At Village: 1-69A/4-26, Harijanaveedhi, Bheemavaram, Badangi mandalam, Bheemavaram, Bhimavaram, Vizianagaram, State: Andhra Pradesh, Pin: 535578 declare that I have changed my name from MARRI PUSPAMMA to MARRI PUSHPAMMA and Also Correct my Date of birth from 02/04/1976 to 01/01/1978.
एपी-5992

मैं, नीलम पुत्र श्री लक्ष्मण दास, निवासी सापेहरा (66), अंबाला, पिलखनी, हरियाणा, ने अपना नाम नीलम से नीलम कुमार में बदल लिया है।
एपी-5994

I, Manju Baghla W/o Arun Kumar R/o H. No. E 3880, Street No. 2, Shakti Nagar, Fazilka 152123 Pb, have changed name Manju to Manju Baghla

I, Arun Kumar S/o Sat Pal R/o E-3880, Street No.2, Shakti Nagar, Fazilka 152123 Pb, have changed name Arun Baghla to Arun Kumar

I, Pardeep Singh S/o Rama Nand R/o Kothi No. 132, Professor Enclave-4, Opposite Punjabi University Patiala, Punjab have changed my name from Pardeep Singh Jhagra to Pardeep Singh
एपी-5995

बोली सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहीद बलबीर सिंह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र में चार सूखे वृक्षों की खुली नीलामी 19 दिसंबर 2025 दिन शुक्रवार को सवेरे 11 बजे होगी॥ नियम व शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस विद्यालय में 9.30 सवेरे से 3.30 के बीच संपर्क करें। प्रधानाचार्य, मो. 9416802728
एपी-5998

बेदखली सूचना

मैं, कृष्णा (आधार नः 3836 6312 8237) पुत्र स्व. श्री हरि गियान निवासी मकान नः 47, हरियाणा हाऊसिंग बोर्ड, सैक्टर-19, पंचकूला हरियाणा-134112 यह कि प्रिंस आधार नम्बर 4827 4162 7109 पुत्र भगत सिंह मेरे कहने सुनने में नहीं है। मैं अपने पोते को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उसके किये गये किसी भी कानूनी और गैर-कानूनी कार्य/कार्यों के जिम्मेदार नहीं होऊँगी।
एपी-5977

मैं, सुशील देवी पत्नी स्व. श्री जरनैल सिंह निवासी गांव जैजैवन्ती, डाकखाना गढ़वाली, तह. जुलाना जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रोहित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5980

मैं, गुलज़ार सिंह पुत्र प्रेम राम निवासी #144, घेल कलां, अंबाला शहर घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी मनप्रीत कौर मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इसके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिंमेवार होगा।
एपी-5980

मैं, इकबाल पुत्र बारु पता - नवादा आर , तहसील बापौली, जिला पानीपत ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र तसलीम व उसकी पत्नी आस्मा,पुत्र आरिफ व उसकी पत्नी सोनी, और पुत्र साजीम ये पांचों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मै इन पांचों से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल व इन से संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में इनके साथ लेन देन व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5993

आवश्यक सूचना अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।



PUBLIC NOTICE

I, Sheela, w/o Vinod r/o Jonti, North West Delhi, Delhi 110081, state that my house (Property ID No. 3B7TYEU4), which measures 100 square yards, has two original registries, Registry No. 3844 dated 16-01-1989 and Registry No. 3376 dated 20-03-1987, lost them on 19-11-2025. I have not found them despite extensive search. I have filed a missing report (No. 132570072501580) in this regard. I inform the general public that if anyone finds my above mentioned registries, they should contact me at my above address.

AP-5991

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

AP-5984

Notice

Sealed quotations are called through Regd. Post upto 21-12-2025 12.0 clock from wholesale chemists for purchase of medicines, surgical, lab and blood bank required for JAN AUSHADHI GENERIC DRUG STORE inside Civil Hospital Pathankot. Detail of the terms and conditions and list of items required can be obtained from O/o SMO/ JAS Civil Hospital Pathankot on any working days. All bidders are invited at the time of opening quotation on dated 22-12-2025 at 2.00 pm. sharp. The undersigned reserve the right to accept or reject all the quotations without assigning any reason.

SMO cum Member Secretary
Rogl. Kalyan Samiti
Civil Hospital, Pathankot

AP-5982

लामडिंग मंडल पर विज्ञापन परिसम्पत्तियों हेतु ई-नीलाम

ऑक्सन कैटलॉग संख्या. ADVT-LMG-48-25

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

AP-5976

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

AP-5997

सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

AP-5975

AP-5990

सार्वजनिक सूचना

AP-5979

जो कोई भी इससे संबंधित है उसके लिए

AP-5974

AP-5972

सार्वजनिक सूचना

संपदा अधिकारी, HSVP के समक्ष अर्जन एस्टेट का नाम, पंचकूला

AP-5973

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज का कांग्रेस पर तीखा हमला

# 'रेणुका चौधरी की भौं-भौं अब कांग्रेस की ऑफिशियल भाषा'

जातीय जनगणना पर राहुल गांधी को विज का जवाब- 'मोदी को समझने के लिए सौ जन्म लेने पड़ेंगे'

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर विपक्ष के आरोप खारिज- विज बोले- योजना ने हरियाणा में सुधार दिखाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज विभिन्न राजनीतिक घटनाक्रमों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कई मुद्दों पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने संसद में कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी द्वारा कुत्ता लेकर आने और विशेषाधिकार प्रस्ताव पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर अनिल विज ने पूरे कांग्रेस संगठन को कठघरे में खड़ा किया और कटाक्ष करते हुए कहा कि 'रेणुका चौधरी का भौं-भौं करके वहां से जाना इस बात को दिखाता है कि अब यह कांग्रेस की ऑफिशियल भाषा बन गई है। वह पार्टी की प्रवक्ता भी हैं, संभवतः इसी लिए कुत्ते को लेकर आई ताकि देश को दिखाया जा सके कि कांग्रेस के पीछे से कौन बोलता है।'

आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए श्री विज ने अटल बिहारी वाजपेयी के नाम का हवाला देकर कांग्रेस की तुलना को गलत बताया और कहा कि वाजपेयी बढ़ते तेल दामों के विरोध में बैलगाड़ी से आए थे। उन्होंने तंज कसकर सवाल करते हुए कहा कि आप किसके विरोध में आए हो? आपका कुत्ता किस बात से परेशान है? क्या उसे रोटी नहीं देते, क्या वह प्रोटेस्ट करने आया था?

**जातीय जनगणना पर राहुल गांधी को जवाब:** राहुल गांधी द्वारा मोदी सरकार पर जातीय जनगणना को लेकर ठोस योजना न होने के आरोप पर श्री अनिल विज ने कहा कि 'राहुल गांधी को नरेंद्र मोदी को समझने के लिए अभी सौ जन्म और लेने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जो भी काम करते हैं, पूरी योजना और रणनीति के साथ करते हैं।

### 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और हरियाणा यूनिवर्सिटी विवाद पर विज की प्रतिक्रिया

हरियाणा कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी की घटना को लेकर उठाए प्रश्नों का विज ने कड़ा जवाब दिया और कहा कि 'अगर एक जगह कोई गलत घटना हो गई तो इसका अर्थ यह नहीं कि योजना गलत है। अर्थात जहां राम होता है, वहां रावण भी होता है। ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' का परिणाम है कि हरियाणा में कन्याओं के जन्म की दर में स्पष्ट सुधार हुआ है। यह योजना कांग्रेस नेताओं के विरोध के बावजूद जारी रहेगी।'

### रूस के राष्ट्रपति का भारत आगमन- दोनों देशों के नेता कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर करेंगें चर्चा- विज

रूस के राष्ट्रपति के भारत दौरे को लेकर अनिल विज ने कहा कि 'अतिथि देवो भवः – हम उनका हार्दिक स्वागत करते हैं। दोनों देशों के नेता कई महत्वपूर्ण योजनाओं और सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।'

### ममता बनर्जी के एसआईआर संबंधित आरोपों पर टिप्पणी, तथ्यहीन और भ्रामक प्रचार - विज

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा एसआईआर के डर से आत्महत्याओं के दावों पर विज ने कहा कि यह तथ्यहीन और भ्रामक प्रचार है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपनी कमजोरियों को छुपाने के लिए ऐसी झूठी बातें फैला रही हैं। संविधान स्पष्ट कहता है कि वोट डालने का अधिकार केवल उसी व्यक्ति को है जो भारत का निवासी है।

---

सिरसा में नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और समाज में मीडिया की भूमिका पर 'वार्ता' का आयोजन

# सकारात्मक रिपोर्टिंग एवं सामूहिक प्रयास से समाज में बदलाव संभव: उपायुक्त शांतनु शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**सिरसा, 4 दिसंबर।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रेस इंफोरमेशन ब्यूरो, चंडीगढ़ द्वारा वीरवार को हरियाणा के सिरसा में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित मीडिया कार्यशाला 'वार्ता' का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और समाज में मीडिया की भूमिका आदि विषयों पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य इन विषयों पर विभिन्न आयामों पर सरकार और चौथे स्तंभ के बीच सार्थक संवाद और विचारों के उपयोगी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। जिला प्रशासन की ओर से इस मीडिया कार्यशाला में उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यशाला में उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका एवं किसानों और औद्योगिक संस्थानों के योगदान से अबकी बार पराली जलाने की घटनाओं में पिछले वर्ष के मुकाबले काफी कमी आई है। विभाग और किसानों के बीच में बेहतर सामंजस्य स्थापित हुआ है। प्रशासन द्वारा विभिन्न मुहिम चलाकर पर्यावरण से संबंधित लोगों को जागरूक किया गया। सभी के सामूहिक प्रयासों से जिला में पराली जलाने की घटना में कमी आई है और फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसानों को जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के प्रति जनता में जागरूकता लाने में मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि आजकल नशा सभी के लिए एक चिंता का विषय है, इसके समाधान के लिए प्रशासन के साथ-साथ लोगों को भी अपनी सहभागिता निभाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा दवाइयों की दुकानों पर समय-समय पर चेकिंग की जाती है और कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

सिरसा पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि मीडिया को संवेदनशीलता अपनाते हुए सही तथ्यों पर आधारित समाचारों को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मीडिया सकारात्मक समाचारों को भी प्राथमिकता से प्रदर्शित करें। यदि लोगों में यह बात प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए कि नशा से निजात पाई जा सकती है, जिससे नशे से ग्रस्त लोगों को मुख्यधारा में आने में सहायता मिलेगी। नशा पीड़ितों को नशा मुक्ति केंद्रों में जाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### आलीशान होटल कर रहे जीएसटी की चोरी

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** टोहाना शहर में वैसे तो न कोई पर्यटक स्थल है और ना ही कोई बड़ी इंडस्ट्री फिर भी हर रोज गलियों में व रेजिडेंशियल एरिया में आलीशान होटल व रेस्टोरेंट खोले जा रहे हैं। इन होटल में कितने कमरे हैं जो लोग कमरों में आकर रहते हैं और जो लोग ठहरने के लिए आते हैं उन लोगों को कोई भी पक्का बिल नहीं दिया जाता कई होटल वालों के पास तो जीएसटी का नंबर तक नहीं है यह कार्य कई बने नए होटल वह कई वर्षों से चल रहे होटल संचालक कर रहे हैं ज्यादातर होटल में लोकल लोगों को ही आधार कार्ड की एंट्री की होती है पर की प्रशासन उनसे यह भी सवाल नहीं कर सकता है कि जब कस्टमर लोकल है तो उसको कमरा लेने वह रात ठहरने की जरूरत क्या पड़ती है क्या यह जो होटल सिर्फ रातों को लोकल लोगों के ठहरने के लिए बनाए जाते हैं। कई होटल रेस्टोरेंट वालों को नगर परिषद में कोई भी नाम तक दर्ज नहीं है और ना ही उन्हें कभी जरूरत समझी है यह सब होटल प्रशासन की मिली भगत से ही चलते प्रतीत हो रहे हैं।

### एसडीएम ने बाल विवाह के खिलाफ दिलाई सामूहिक शपथ



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय परिसर में कर्मचारियों और नागरिकों को बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने स्तर पर बाल विवाह रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि यह प्रथा बच्चों के भविष्य को प्रभावित करती है और उनके शिक्षा, स्वास्थ्य तथा विकास के अधिकारों को गंभीर नुकसान पहुँचाती है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी रूढ़ियों को खत्म करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि किसी भी परिवार या समुदाय में बच्चों को समय से पहले विवाह के लिए मजबूर न किया जाए। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों और नागरिकों से कहा कि यदि कहीं भी बाल विवाह की आशंका या प्रयास दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित विभागों को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। यदि सभी लोग अपने स्तर पर सतर्कता और जागरूकता दिखाएँ, तो इस कुप्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। इस दौरान डीएसपी उमेद सिंह, नायब तहसीलदार रसविंदर सिंह, बीडीपीओ राहुल श्योकंद, बलजीत सिंह, एआईपीआरओ डॉ विनय बेनीवाल, अधीक्षक मुकेश बजाज, एसईपीओ माया गोदारा, कृषि विषय विशेषज्ञ अजय ढिल्लो, सुपरवाइजर रचना, पोषण कॉर्डिनेटर नेन्सी, पुष्प राज सहित अन्य कर्मचारी व नागरिक मौजूद रहे।

### ग्लोब हेरिटेज स्कूल ने खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन




**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल ने सांसद खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जुडो प्रतियोगिता में 9 खिलाडियों ने 6 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाडियों में राशि, भगत राम, केशव राणा, कुणाल, युवराज, अमृतपाल और रजत पदक जीतने वालो में प्रियल, सार्थक व हितेन शामिल रहे। स्कूल में पहुंचने पर विजेताओं का स्वागत स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल व प्रधानाचार्या रीतू सिंगला द्वारा किया गया। महासचिव संजीव अग्रवाल ने खिलाडियों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में एक उत्तम कदम है और उस पर पदक लाना खिलाडियों व उनके प्रशिक्षकों की मेहनत व लगन का नतीजा है। प्रधान रंजना गोयल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अमित सिंघल सहित स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

### स्वस्थ युवा ही विकसित भारत की नींवः पूर्व विधायक

**शहजादपुर (अप्रस)।** आधुनिक खेल स्टेडियम बड़ागढ़ में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने केंद्र व हरियाणा सरकार की खेल नीतियों की सराहना करते हुए बताया कि हाल ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ागढ़ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हॉकी एस्ट्रोटर्फ और सिंथेटिक ट्रैक के निर्माण का शिलान्यास किया है। महोत्सव में दौड़, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन भाजयुमो जिला अध्यक्ष अनमोल सोबती के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# सिरसा सांसद कुमारी शैलजा 6 दिसंबर को नरवाना दौरे पर

धमतान साहिब में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 649वें पावन जन्मोत्सव समागम में होंगी शामिल

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग

**नरवाना, 4 दिसंबर।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव कुमारी शैलजा 6 दिसंबर, शनिवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के विशेष दौरे पर रहेंगी। यह जानकारी नरवाना के नगर पार्षद आशुतोष शर्मा ने प्रेस से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कुमारी शैलजा गांव धमतान साहिब स्थित रविदास मंदिर में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 649वें पावन जन्मोत्सव समागम में शिरकत करेंगी, जहां बड़ी मात्रा में संगत के पहुंचने की संभावना है। पार्षद आशुतोष शर्मा ने कहा कि इस धार्मिक समागम में गुरु रविदास जी महाराज की वाणी का कीर्तन, भजन, प्रवचन और उनके आदर्शों का विशेष वर्णन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पावन अवसर पर देश-प्रदेश के अनेक प्रतिष्ठित संत पहुँच रहे हैं, जिनमें बाबा जगदीशदास जी (बोपूर वाले), बाबा विजेंद्रदास जी (हांसी वाले), बाबा दिव्यानंद जी, और बाबा परमजीत जी (टोहाना वाले) विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके साथ ही प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय गायिका गिन्नी माही भी समागम में अपनी हाजिरी लगाएँगी और गुरु रविदास जी की शिक्षाओं एवं समानता, मानवता और सामाजिक सद्भाव के संदेश पर आधारित भजन प्रस्तुत करेंगी।

---

# गीता जयंती से लौट रहे चार दोस्तों की कार हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 4 दिसंबर।** गीता जयंती देख घर वापिस लौट रहे कार में सवार चार दोस्तों में से सड़क दुर्घटना में एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दो को मामूली चोटे बताई जाती है। दुर्घटना की सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। दुर्घटना बुधवार देर रात्रि की बताई जाती है। मरने वाले की पहचान नितिन उर्फ शिवम मलिक निवासी लाडवा के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक शिवम बुधवार को अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ कार में कुरुक्षेत्र गीता जयंती देखने के लिए गए थे। गीता जयंती देखकर वापिस आते समय बुधवार देर रात्रि लाडवा-पिपली मार्ग पर निवारसी मोड़ से आगे एक निजी स्कूल के पास अज्ञात वाहन चालक के साथ आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार कार चालक नितिन उर्फ शिवम मलिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आगे बैठे दूसरे दोस्त की टांगे टूट गई और गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि कार को पहले किसी अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार फिर डंफर ने टक्कर मारी। टक्कर मारकर वाहन चालक मौके से अपना वाहन लेकर फरार हो गया। वहीं कार में सवार दो अन्य दोस्त भी कार से उतरकर चले गए। लाडवा पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। लाडवा पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी।

बताया जाता है कि मृतक नितिन उर्फ शिवम घर में अकेला कमाने वाला था। मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। मृतक की करीब पांच साल पहले शादी हुई थी। उसके पास एक करीब चार वर्षीय बच्ची है और पत्नी गर्भवती है, जिसकी कभी भी डिलवरी हो सकती है। 26 नवम्बर का मृतक नितिन का जन्मदिन भी था।

---

### जयराम अस्पताल में 6 से लगेगा निःशुल्क दंत स्वास्थ्य कैंप

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति की ओर से जयराम नेत्र, दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल, कैनाल रोड में 6 दिसंबर से निःशुल्क दंत स्वास्थ्य कैंप लगाया जाएगा, जो 10 दिसंबर तक लगातार जारी रहेगा। समिति के प्रधान कैलाश सिंगला और संयोजक विनोद मंगला ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध कराना है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कैंप में अनुभवी दंत चिकित्सक डॉ. शशि बाला अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी। शिविर में डेंटल एक्स-रे, पायरिया का उपचार, दांतों की सफाई, मसूड़ों से खून आने की समस्या का इलाज, बिना दर्द दांत निकालना, मुँह की सड़न का उपचार, आरसीटी, बतीसी लगाना, आड़े-तिरछे दांतों का इलाज, कृत्रिम दांत लगाना, पीले दांतों को सफेद करने की प्रक्रिया समेत दंत स्वास्थ्य से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

---

# एनआईटी कर्मचारी संघ चुनाव में बड़ा मोड़ अदालत का फैसला मीना के पक्ष में

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 4 दिसंबर।** एनआईटी कर्मचारी संघ के प्रधान पद के उम्मीदवार राकेश कुमार मीना ने आज मीडिया से बातचीत के दौरान विपक्ष द्वारा फैलाए गए भ्रम और झूठे दावों पर बड़ा खुलासा किया।

मीना जी ने बताया कि उनके चुनाव को कमजोर करने के उद्देश्य से विपक्ष ने माननीय अदालत में अपील दायर की थी, जिसमें यह दावा किया गया था कि वे प्रधान पद के लिए पात्र नहीं हैं।

लेकिन माननीय अदालत ने निष्पक्षता बरतते हुए विपक्ष की अपील को पूरी तरह खारिज कर दिया और स्पष्ट रूप से कहा कि राकेश कुमार मीना प्रधान पद के लिए पूर्णतः योग्य हैं।

अदालत के इस फैसले ने कर्मचारी संघ में चुनावी माहौल को पूरी तरह बदल दिया है और मीना समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

**सभी कर्मचारियों के हितों में काम करना ही मेरा मुख्य उद्देश्यः राकेश कुमार मीनाः** अदालत से न्याय मिलने के बाद राकेश कुमार मीना ने सभी कर्मचारियों से हाथ जोड़कर शांतिपूर्ण अपील की है कि– 'एनआईटी कर्मचारी संघ के सभी साथियों से विनम्र निवेदन है कि इस बार 'अलमारी' के चुनाव निशान पर अपना मूल्यवान वोट देकर हमारे पैनल को अधिकतम समर्थन दें, ताकि हम सब मिलकर कर्मचारी हितों की रक्षा और उन्नति के लिए मजबूत व सार्थक कार्य कर सकें।'

**कर्मचारियों के बीच बढ़ता भरोसाः** कर्मचारियों का कहना है कि राकेश कुमार मीना हमेशा से ईमानदारी, पारदर्शिता और कर्मचारी कल्याण से जुड़े मुद्दों पर अग्रणी रहे हैं। उनकी साफ छवि और संघर्षशील नेतृत्व ही उन्हें इस पद के लिए सबसे योग्य बनाता है। आगामी चुनाव में अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 'अलमारी' चुनाव निशान को मिलने वाला समर्थन इतिहास रच पाता है या नहीं।

---

# जेडी इंटरनेशनल स्कूल सफीदों में जूनियर स्पोर्ट्स मीट 2025

अर्थ प्रकाश/दीवान




**सफीदों, 4 दिसंबर।** जेडी इंटरनेशनल स्कूल, सफीदों में 4 दिसंबर को भव्य जूनियर स्पोर्ट्स मीट का आयोजन अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस वार्षिक खेल महोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना है। पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों का जोश और शिक्षक-अभिभावकों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने योग्य रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमेन श्री सुरेश कुमार भारद्वाज, स्कूल डायरेक्टर श्री विजय कुमार भारद्वाज तथा स्कूल प्रिंसिपल श्री जितेंद्र गंभीर ने संयुक्त रूप से की। खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किए गए मुख्य अतिथि श्री गुलाब सिंह सैनी, चेयरमैन- एशियन कबड्डी फेडरेशन, का विद्यालय परिवार ने पारंपरिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा जीवन में निरंतर प्रयास और अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया।

स्पोर्ट्स मीट की शुरुआत मार्च-पास्ट से हुई, जिसमें विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने अनुशासित कतारों और तालमेल भरे कदमों के साथ अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद प्रिंसिपल श्री जितेंद्र गंभीर ने छात्रों को खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जुड़े मूल्यों के बारे में प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

दिनभर में विभिन्न स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित किए गए, जिनमें 200 मीटर,100 मीटर और 50 मीटर दौड़ , कलेक्ट द कॉइन,डंक रेस,हर्डल रेस, बैलेंस रेस, लेमन एंड स्पून रेस तथा अन्य मनोरंजक खेल शामिल रहे। छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप सेकलेक्ट द कॉइन, रेस', बैलेंसिग रेस' और 'लेमन-स्पून' जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम में आनंद और उत्साह को और बढ़ा दिया। खेल परिसर में बच्चों का उत्साह, दर्शकों की तालियाँ और प्रतियोगियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पूरे माहौल को ऊर्जा से भरते रहे।

---

# एसडीएम शिवजीत भारती ने सुनीं जनसमस्याएं, कार्रवाई के दिए निर्देश



अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 4 दिसंबर।** एसडीएम शिवजीत भारती ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सेतु का काम करता है, जिसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित होता है।

शिविर में बिजली, सड़क, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड सहित अनेक शिकायतें प्रस्तुत की गईं। गांव हांडी खेड़ा के टहल सिंह ने मानदेय न मिलने की समस्या रखी। गांव डैहर के सोहन लाल तथा बिमल कुमार ने फैमिली आईडी में गलत बिजली कनेक्शन जुड़ने से हो रही परेशानियों के बारे में बताया। वार्ड-7 की दर्शनी देवी ने गली में बने रैम्प से संबंधित समस्या रखी। गांव रामपुर की सोनिया ने आधार नंबर गड़बड़ी की शिकायत की, जबकि काला आम्ब की ममता और रतौर गांव के निर्मल सिंह ने बीपीएल कार्ड से जुड़ी समस्याएं रखीं।

एसडीएम ने अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और सभी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता से किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

## हेमसा की ज्वाइंट डायरेक्ट डायरेक्टर के साथ मीटिंग सम्पन्न

# टीचर के बाद चलेगा क्लर्कों का ट्रांसफर ड्राइव

सभी खाली पदों पर प्रमोशन का मात्र आश्वासन

हेमसा ने बुलाई 19 को राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग, आंदोलन का होगा ऐलान

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 4 दिसंबर।** सर्व कर्मचारी संघ से सम्बन्ध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल की 11सूत्रीय मांगपत्र को लेकर ज्वाइंट डायरेक्ट के साथ शिक्षा सदन में आपसी वार्ता मीटिंग सम्पन्न हुई। राज्य सचिव भूपेंद्र शर्मा ने मांग पत्र प्रस्तुत कर रखा कर्मियों का पक्ष। बिंदुवार चर्चा करते हुए राज्य सचिव ने कहा कि हर बार मीटिंग में सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। शिक्षा विभाग फिल्ड कर्मियों की समस्याएं ज्यों की त्यों खड़ीहै बल्कि बढ़ती ही जा रही हैं। ऑनलाइन ट्रांसफर पर हुई विस्तृत चर्चा, टीचर के बाद चलेगा क्लर्कों का ट्रांसफर ड्राइव, पोस्ट कैप्ट ना करने का दिया सुझाव। पिछले लगभग 5 वर्षो से नहीं चला ड्राइव, क्लर्कों को खाने पड़ रहे हैं धक्के नहीं हुई कोई सुनवाई, लंबे अर्से से सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है। पदोन्नति की बाट जो रहे कर्मी लगातार हो रहे है रिटायर। पदोन्नत फ़ाइलों पर डारेक्टर दफ्तर में जमी पड़ी है धूल। शिक्षा विभाग फिल्ड में 729 क्लर्क, 23 आंकड़ा सहायक, 173 सहायक, 56 उपाधीक्षक 13 अधीक्षक के पद खाली पड़े हैं। सब ऑफिस में लगातार वर्क लोड बढ़ रहा है।ना ही पदोन्नति हो रही ना ही वर्क लोड अनुसार पद स्वीकृत किए जा रहे। इस प्रकार के भेदभाव व अफसर शाही की कार्य प्रणाली से फिल्ड कर्मियों में रोष बढ़ता ही जा रहा है। समय पर पदोन्नति ना करना विभाग का दोष है लेकिन सजा कर्मियों को भुगतनी पड़ रही हैं। ना ट्रांसफर, ना पदोन्नति, ना ही वेतनमान में बढ़ोतरी, ना पेंशन, क्लर्कों की लगातार बढ़ रही है टेंशन। मामूली वेतन प्राप्त इन कर्मियों से दिनरात गुलामों की तरह काम लिया जा रहा है। सभी खाली पदों पर पदोन्नति करने पर ज्वाइंट डायरेक्ट ने कहा कि मामला प्रॉसेस में है जनवरी माह तक करने का मात्र आश्वासन।सभी सिनियर सेकंडरी स्कूलों में सहायक, बीईओ में आंकड़ा सहायक, उपाधीक्षक, डीईओ में उपाधीक्षक, डी ई ओ में स्थापना अधिकारी का पद स्वीकृत करने की मांग की। लेकिन नए पदों के लिए रेशनलाईजेशन की प्रक्रिया पूरी होने उपरांत ही विचार किया जाएगा। हेमसा प्रतिनिधि मण्डल ने मौके पर ही जताया विरोध की फिल्ड कर्मियों का लगातार शोषण किया जा रहा है जिसे किसी भी सुरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी 19 दिसम्बर को सिरसा में राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कर निर्णायक आन्दोलन करने का फैसला लिया।इस अवसर पर संदीप सांगवान, भूपेंद्र शर्मा, सुशील पलवल, पारस कौशिक, स्वर्ण सिंह, राजेश खरकड़ा, संजीव कुमार मौजूद रहे।

# दत्तात्रेय जयंती : त्रिदेव अवतार की आराधना और आध्यात्मिक साधना का महान पर्व

दत्तात्रेय जयंती को भगवान दत्तात्रेय के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। भगवान दत्तात्रेय त्रिदेव– ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शिव) के संयुक्त अवतार माने जाते हैं। माना जाता है कि उन्होंने मानव जीवन को ज्ञान, योग, भक्ति, संयम और प्रकृति से जुड़ने की प्रेरणा दी। यह जयंती मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है, जो साधकों, योगियों, सन्यासियों और भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र दिन होता है।

भगवान दत्तात्रेय को योगियों का गुरु, त्रिगुणात्मक पुरुष और गुरु परंपरा के आदि गुरु माना जाता है। उनकी उत्पत्ति देवी अनसुया और ऋषि अत्रि के घर हुई थी। कथा के अनुसार, त्रिदेव उनकी महान तपस्या और पतिव्रता शक्ति की परीक्षा के लिए आए थे और अनसुया की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्होंने संयुक्त रूप में दत्तात्रेय के रूप में जन्म लिया।



यह दिन आत्मज्ञान, योग साधना और गुरु कृपा प्राप्त करने का विशेष पर्व माना जाता है। दत्तात्रेय जयंती पर भक्त भगवान के ज्ञान, त्याग, वैराग्य और प्रकृति से सीखने वाली जीवन शैली को आत्मसात करने का प्रयास करते हैं।

इस दिन भक्त व्रत रखते हैं, मंत्रों का जाप करते हैं, दत्तात्रेय चालीसा और स्तोत्र का पाठ करते हैं, आध्यात्मिक साधना और ध्यान में समय बिताते हैं।

भगवान दत्तात्रेय ने प्रकृति को अपना गुरु मानकर 24 गुरुओं से जीवन के सत्य सीखने की प्रेरणा दी। उनके प्रमुख संदेश हैं- प्रकृति हमारा सबसे बड़ा शिक्षक है। योग, ध्यान और आत्मचिंतन जीवन को सार्थक बनाते हैं। भौतिक सुखों की लालसा त्यागकर ज्ञान और संतोष की ओर बढ़ना चाहिए। गुरु का महत्व जीवन के पथ को प्रकाशित करने में अहम होता है।

**दत्तात्रेय जयंती पूजन विधि इस प्रकार है–**

मंदिरों में भगवान दत्तात्रेय की मूर्ति या चित्र की पूजा की जाती है। मंत्र–'ऊँ द्रम दत्तात्रेयाय नमः' का जाप किया जाता है।

भक्त पूर्णिमा का व्रत रखते हैं और भजन-कीर्तन करते हैं।

गिरनार (गुजरात), औंढा नागनाथ (महाराष्ट्र), पिथापुरम (आंध्र प्रदेश) और नारायणपुर (कर्नाटक) जैसे स्थानों पर विशेष मेले और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं।

इस दिन साधक गहरी योग साधना और ध्यान करके आंतरिक शांति और ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।

यह पर्व केवल धार्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि यह मानव जीवन को सरलता, सद्गुण, आत्मज्ञान और गुरु भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह हमें सिखाता है कि सच्चा ज्ञान बाहरी दुनिया में नहीं, बल्कि अपने भीतर खोजा जाना चाहिए।

दत्तात्रेय जयंती आध्यात्म, योग, गुरु भक्ति और आत्मज्ञान का पर्व है। यह हमें सिखाता है कि प्रकृति, गुरु और आत्मचिंतन जीवन के वास्तविक मार्गदर्शक हैं। यदि हम भगवान दत्तात्रेय के संदेशों को अपनाएँ, तो हम एक संतुलित, शांत और ज्ञानपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

# व्यक्ति व समाज के जीवन का महत्व साधारण नहीं बल्कि व्यापक और गहरा है: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने फरमाया कि व्यक्ति और समाज के जीवन का महत्व साधारण नहीं बल्कि व्यापक और गहरा है। मनुष्य जब पैदा होता है तब न तो उसमें कोई मानवीय गुण होते हैं और न ही कोई सामाजिक गुण। समाज निर्माण का स्वर-संगीत, वस्तुत- परिवार के स्वर-सप्तकों की झंकार करने में निनादित हो सकेगा। परिवार निर्माण हृदय एवं उसका क्षेत्र विस्तार धड़ है। व्यक्ति उसका सिर और समाज हाथ पैर का ढाँचा ढकोसला। यदि विश्व मानव की स्थिति सुधारनी है तो रुग्ण हृदय की चिकित्सा करनी होगी अन्यथा धडकन्, रक्तचाप, शोथ से लेकर गतिरोध होने पर मरण संकट की आशंका बनी ही रहेग जब व्यक्ति जीवन यात्रा के बिलकुल मध्यवर्ती पड़ाव पर पहुँच जाता है। उस समय अनुभव होता है कि खाली घर का सूनापन किस कदर उबाऊ हो जाता है।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा घर में प्रवेश करते ही जब अन्दर से स्वागत करने वाली कोई आवाज नहीं होती तो व्यक्ति अपने को बाहरी दुनिया से निकलने पर, जहाँ अधिकांश सम्बन्ध स्वार्थों के सम्बन्ध होते हैं, अधिकांश रिश्ते केवल औपचारिक होते हैं और



वातावरण में बनावटीपन भरा रहता है- ऐसी दुनिया से बाहर आने पर घर की खामोशी व्यक्ति को अपने अकेलेपन का अहसास कराती है। विशेषत- ऐसे व्यक्ति जिन्हें विवाह के बाद यह अकेलापन मिला है वे अनुभव करते हैं कि सूने घर में प्रवेश और पत्नी की मुस्कान के स्वागत का अनुभव करते हुए घर में प्रवेश करने में कितना भारी अन्तर होता है?'' पारिवारिक जीवन में, जीवन- साथी उस मित्र की आवश्यकता को पूरा करता है, जो पूर्णतया निष्पक्ष, निर्दोष और यथासम्भव सही परामर्श देता है। इसलिए कि परिवार में पति- पत्नी के लाभ व हित एक- दूसरे पर निर्भर करते हैं, उन्हें दोनों का लाभ साथ-साथ दीखता है और वे परस्पर दूसरे पक्ष की भलाई में अपनी भलाई समझते हैं। केवल उत्तरदायित्वों के बोझ से खिन्न होकर पारिवारिक जीवन के प्रति निराश और उदास दृष्टिकोण अपना लिया जाय तो दुःखी व परेशान रहने के अलावा और कोई परिणाम नहीं निकलता।

## अभय मुनि महान तपस्वी और मंत्र साधक मुनि थेः सीएम सैनी

अभय मुनि महान तपस्वी और मंत्र साधक मुनि थे जब भी उनसे कभी मिलना होता तो हमेशा ही तपस्या मे लीन रहते थे। ऐसे संत मुनि का संसार से जाना एक बडी क्षति है जो कभी पूरी नही हो सकती लेकिन मैंने मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक का जीवन भी बहुत नजदीक से देखा जो इस उधेड उम्र मे भी समाज के कल्याण मे दिन रात लगे हुए है। उनके ऊपर उम्र , सर्दी गर्मी, धूम छांव कभी मैने हावी होते नही देखे। आज के इस संसार मे मुनिश्री जैसे संत बेहद ही दुर्लभ है। ये शब्द हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जीआलोक से आर्शीवाद लेते हुए कहे। श्री सैनी ने कहा मनीषीसंत ने समाज मे जो एक सर्वधर्म की अनूठी पहल चलाई वह बेहद ही दुर्लभ और आज के समाज की सबसे अहम जरूरत है।





नोकरियां यहां देखें

**केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर व अन्य के**
कुल पदः 179
आवेदन की अंतिम तिथिः 6 दिसंबर ,2025
योग्यताः डॉक्टरेट की डिग्री
आयु सीमाः अधिकतम 55 साल
करें आवेदनः
**cau.nic.in**

**पंजाब आंगनवाड़ी में कर्मी सहित अन्य के**
कुल पदः 6110
आवेदन की अंतिम तिथिः 10 दिसंबर ,2025
योग्यताः12वीं पास
आयु सीमाः 18 से 37 साल
करें आवेदनः
**sswed.punjab.gov.in**

**प्रादेशिक सेना में सोल्जर में जनरल ड्यूटी के**
कुल पदः 716
योग्यता 10वीं पास
आयु सीमा 18 से 42 साल
आवेदन करें :
**territorial army.in**

**टीएन-एमआरबी में अस्सिटेंट सर्जन के**
कुल पदः 1100
आवेदन की अंतिम तिथि :11 दिसंबर, 2025
योग्यताः एमबीबीएस
आयु सीमाः अधिकतम 37 साल
करें आवेदनः
**mrb.in.gov.in**

**सेल में मैनेजमेंट ट्रेनिंग के**
कुल पदः124
आवेदन की अंतिम तिथिः 5 दिसंबर, 2025
योग्यताः इंजीनियरिंग यू जी
आयु सीमाः अधिकतम 28 साल
करें आवेदनः
**sailcarriers.com**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
**arthparkash.com** देखें


# यह विश्व दीवारों के लिए बहुत छोटा है

महापुरुषों-सन्तों-भक्तों ने हमें यही शिक्षाएं दी थीं कि पारब्रह्म परमात्मा-ईश्वर-निराकार घट-घट में बसता है- घट-घट अंतरि सरब निरंतरि केवल एक मुरारी।

एक मुरारी ही घट-घट में बसता है इसलिए कोई पराया या बेगाना नहीं है, सारे खुदा के बन्दे हैं-
यह मखलूक सारी है कुनबा खुदा का।
और
वसुधैव कुटुम्बकम

ये पंक्तियां तो हम वर्षो से सुनते-पढ़ते चले आ रहे हैं लेकिन इस धरती को हम एक कुम्ब का हिस्सा नहीं मानते हैं। हमारी अपनी-अपनी बिरादरियां, हमारी अपनी-अपनी कौमें, हमारे अपने-अपने ऐसे स्वरुप बनकर रह गए हैं और हमने अपनी जातियों, अपने मजहबों की दीवारें इस तरह से खड़ी कर ली हैं जहां पर इस वसुधा पर बसने वला एक कुटुम्ब का अंग नहीं है।

हम समुदायों, जातियों, धर्मों, देशों इत्यादि के आधार पर विभाजित समूह बने हुए हैं। सन 1987 के अंत में या 1988 के शुरु में दास को बर्लिन की दीवार देखने का अवसर मिला। उस समय वह दीवार यथावत थी और बहुत विशाल तथा मजबूत दिखाई दे रही थी। फिर जब 1990 या 1991 में वहाँ जाना हुआ तो वह



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

दीवार नदारद थी। कुछ वर्ष बाद जब फिर वहां जाना हुआ तो उस दीवार के कुछ टुकडों को सम्भाल करके रखा गया था जिन पर कुछ इबारतें लिखी हुई थीं। एक इबारत ने मेरे दिल को छू लिया कि यह विश्व दीवारों के लिए बहुत छोटा है कुछ रोज पहले ही यानिकि 8 नवम्बर को एक समारोह का आयोजन बर्लिन मेंकिया गया जहाँ दास को भी बोलने के लिये आमंत्रित किया गया था। चूंकि वार्षिक सन्त समागम बहुत नजदीक आ चुका था इसलिए दास उस आयोजन का हिस्सा नहीं बन सका जिसका मुख्य विषय था 'दीवारों रहित विश्व' महापुरुषों-भक्तों ने हमें कभी भी अलग-अलग नहीं किया उन्होंने तो इसी बात का एहसास कराया कि-

इक्को नूर है सभ दे अन्दर नर है चाहे नारी ए। ब्राह्मण खतरी वैश हरिजन इक दी ख़लकत सारी ए।

हम सब परमात्मा की सन्तान हैं। सभी बाधाएं मानव निर्मित हैं न कि परमात्मा की तरु से बनाई हुई। एक नवजात शिशु जन्म से ही अबोध होता है। उसकी कोई भाषा नहीं होती। ऐसी सूरत में क्या होता है, जब उस बचचे के असली माता-पिता की भाषाएवं धर्म से अलगब भाषा या धर्म वाला उस बच्चे को गोद ले लें। वह बच्चा सहज रुप से अपने माता-पिता, जिनके साथ वह रह रहा है, की भाषा और रीति-रिवाजों को सहज में ही अपना लेता है। इसके विपरीत यह तर्क किसी के द्वारा भी स्वीकार नहीं किया जाएगा कि गोद लेने वाले माता-पिता मराठी सीखना आरम्भ करें क्योंकि बच्चा जिस परिवार से गोद लिया गया है वह मराठी है।

यह सर्वमान्य है कि बच्चे की कोई भाषा नहीं होती। हम सब बिना किसी भाषा के जन्म लेते हैं। चाहे वह सदियों पहले की बात हो या वर्तमान की बात हो। इसलिए जैसा कि पहले कहा है लोगों को बांटने वाले सभी अवरोध, अंधकार में रह रहे मानव द्वारा बनाए हुए हैं, चाहे वो युगों पूर्व बनाए गए हों या आज के समय में।

## पंचांग

शुक्रवार, 5 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:59 ए एम, सूर्यास्तः 05:24 पी एम, चन्द्रोदयः 05:36 पी एम, चन्द्रास्तः 07:22 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः प्रतिपदा - 12:55 ए एम, दिसम्बर 06 तक, नक्षत्रः रोहिणी - 11:46 ए एम तक, योगः सिद्ध - 08:08 ए एम तक, क्षय योगः साध्य - 03:49 ए एम, दिसम्बर 06 तक, करणः बालव - 02:48 पी एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 12:55 ए एम, दिसम्बर 06 तक, सूर्य राशिः वृश्चिक, चन्द्र राशिः वृषभ - 10:15 पी एम तक, राहुकालः 10:54 ए एम से 12:12 पी एम, गुलिक कालः 08:18 ए एम से 09:36 ए एम, यमगण्डः 02:48 पी एम से 04:06 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:51 ए एम से 12:33 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:04 ए एम से 09:46 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:33 पी एम से 01:14 पी एम, अमृत कालः 08:59 ए एम से 10:22 ए एम, अमृत कालः 01:06 ए एम, दिसम्बर 06 से 02:30 ए एम, दिसम्बर 06

## भविष्य फल



**मेषः** अपने जीवनसाथी के मामलों में जरूरत से ज्यादा दखल देना उसकी झुंझलाहट का कारण बन सकता है।

**वृषः** इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी करते हैं, उनको जीवन में खूब सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुनः** आज आप भविष्य की योजनाओं पर गहराई से सोच सकते हैं। आप भविष्यस्थल पर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

**कर्कः** प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। परिवार की शांति अचानक आयी समस्याओं की वजह से भंग हो सकती है।

**सिंह :** आज आप अपनी कोई बात दूसरे के सामने खुलकर रख पायेंगे। आप अपने जीवन में उन्नति करेंगे।

**कन्याः** आज आपको कोई लम्बी यात्रा करनी पड़ सकती है। आज आप अपने काम में पूरी तरह से खरे उतरेंगे। पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त रहेंगे।

**तुलाः** दिन बहुत लाभदायक नहीं है इसलिए अपनी जेब पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें। परेशानी में पड़ सकते हैं।

**वृश्चिकः** आज थोड़ी–सी मेहनत से आपको बड़ा मुनाफा होगा। कंप्यूटर से जुड़े स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन शानदार रहेगा।

**धनुः** आज आपको अपने प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद–विवाद न करने की सलाह हैं।

**मकरः** कुछ लोगों के लिए आकस्मिक यात्रा दौड़–भाग भरी और तनावपूर्ण रहेगी।

**कुंभः** सेहत में सुधार आयेगा।आज आपको लाभ के कई सारे मौके मिलेंगे। आपका कोई जरूरी काम समय से पूरा हो जायेगा।

**मीनः** आज मांगलिक प्रसंग आयोजित किए जाएंगे। प्रवास का आयोजन किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य के सम्बंध में प्रश्न खड़े होंगे।

# एचपीएससी असिस्टेंट प्रोफेसर परिणाम पर मचा हंगामा, 75 प्रतिशत पद खाली

सांसद कुमारी सैलजा ने की सरकार से पारदर्शी जांच की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा कॉलेज कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर (इंगलिश) भर्ती के लिए आयोजित की गई सब्जेक्टिव नॉलेज परीक्षा के घोषित परिणामों ने पूरे राज्य में गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लगभग 2200 अभ्यर्थियों में से केवल 151 उम्मीदवार ही न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाए, जिससे 613 स्वीकृत पदों में से लगभग 75 प्रतिशत पद खाली रहने की स्थिति बन गई है। यह तथ्य स्वयं इस परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता और मूल्यांकन प्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़े करता है। सांसद ने कहा है कि इस मुद्दे को गंभीरता से संसद में उठाएंगी और तब तक प्रयास जारी रखेंगी जब तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत ढंग से पुनर्समीक्षित न हो जाए।

मीडिया को जारी बयान में



सांसद कुमारी सैलजा कहा कि विशेष रूप से चिंता की बात यह है कि असफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों में बड़ी संख्या यूजीसी, नेट एवं जेआरएफ योग्य युवाओं, पीएचडी धारकों तथा गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों की है। इतनी बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित और योग्य अभ्यर्थियों का असफल होना प्रश्नपत्र की कठिनाई स्तर, मूल्यांकन मानदंड और प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह उत्पन्न करता है। इसी के साथ अनारक्षित वर्ग में चयनित लगभग 130 उम्मीदवारों में से 100 से अधिक अन्य राज्यों से होना तथा एससी और ओबीसी वर्ग के लिए निर्धारित 300 से अधिक आरक्षित पदों के अनुपात में केवल 21 अभ्यर्थियों का चयन किया जाना आरक्षण नीति के अनुपालन पर भी गंभीर सवाल उठाता है। इस स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि परिणामों से स्पष्ट है कि किसी न किसी स्तर पर गंभीर चूक हुई है, जिसके कारण हरियाणा के युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यह मामला केवल एक परीक्षा का नहीं बल्कि प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ न्याय का विषय है और इसकी निष्पक्ष समीक्षा आवश्यक है। उन्होंने सरकार और एचपीएससी से मांग की है कि पूरी भर्ती प्रक्रिया की स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, उत्तर-पुस्तिकाओं की समीक्षा या पुनर्मूल्यांकन का अवसर अभ्यर्थियों को प्रदान किया जाए तथा आरक्षण रोस्टर के पालन की स्थिति पूरी पारदर्शिता के साथ सार्वजनिक की जाए। एचपीएससी के इन परिणामों से लगता है कि सरकारी नौकरियों में हरियाणा के युवाओं के लिए दरवाजे बंद होते जा रहे हैं वहीं प्रदेश में आरक्षण को भी एक षड्यंत्र केतहत खत्म किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि हरियाणा के मेहनती युवाओं को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही या अनुचित मूल्यांकन का शिकार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह इस मुद्दे को गंभीरता से संसद में उठाएँगी और तब तक प्रयास जारी रखेंगी जब तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत ढंग से पुनर्समीक्षित न हो जाए।

# आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को आईपीओ के लिए सेबी से अंतिम मंजूरी मिली

चंडीगढ़। आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को पूँजी बाजार नियामक सेबी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से इसके इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है।कंपनी ने 8 जुलाई, 2025 को सेबी के पास अपने आईपीओ दस्तावेज जमा किए थे। यह आईपीओ प्रमोटर- प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के रूप में होगा। डीआरएचपी जमा करने की तारीख तक कंपनी का सब्सक्राइब्ड और पेड-अप शेयर कैपिटल 17,652,090 इक्विटी शेयर था। इसकी फेस वैल्यू 1 रुपए है।

प्रस्तावित बोनस इश्यू पूरा होने के बाद कंपनी की जारी, सब्सक्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 176,520,900 इक्विटी शेयरों से बढ़कर 1 रुपए फेस वैल्यू वाले 494,258,520 इक्विटी शेयर हो जाएगी।प्रस्तावित बोनस इश्यू होने के बाद (यदि होता है), तो प्रुडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स द्वारा ऑफर किए जाने वाले शेयरों की संख्या अधिकतम 49,425,852 इक्विटी शेयर होगी।

# अमेजन.इन ने सीजन ऑफ गिफ्टिंग एंड जॉय की शुरुआत करते हुए हॉलिडे टॉय लिस्ट स्टोर किया लॉन्च

शिमला। अमेजन.इन ने 2025 हॉलीडे टॉय लिस्ट की घोषणा कर दी है जिसे त्योहारों के दौरान खिलौने खरीदने के लिए प्रमुख डेस्टिनेशन के रूप में पेश किया गया है। इस बड़ी रेंज में 10 लाख से अधिक खिलौनों के कलेक्शन से चुनी गई 10000 से ज़्यादा खास डील्स शामिल हैं इसमें स्किलमैटिक्स, लेगो,बार्बी,हॉट व्हील्स, नर्फ़, फनस्कूल और मैटल गेम्स जैसे बड़े ब्रांडों के उत्पाद मौजूद हैं। हॉलीडे टॉय लिस्ट में बिल्डिंग सेट्स, बोर्ड गेम्स, एजुकेशनल टॉयज, रिमोट कंट्रोल व्हीकल्स, डॉल्स, पजल्स और कई अन्य विकल्प शामिल हैं जो टोडलर्स, जूनियर्स,टीन्स और बड़ों सभी के लिए उपयुक्त हैं।प्राइम मेंबर्स को छुट्टियों के व्यस्त सीजन में भी सेम डे और नेक्स्ट डे डिलीवरी मुफ्त मिलती है साथ ही नई लॉन्चिंग और लिमिटेड एडिशन कलेक्टिबल्स पर विशेष शुरुआती एक्सेस भी मिलता है।हॉलीडे टॉय लिस्ट में रोमांचक नए कैरेक्टर कलेक्शंस को पेश किया गया है जिनमें स्पंजबॉब, डोरेमॉन, हेलो किटी,स्मर्फ्स,लेगो वेडनेसडे और फॉर्मूला 1 कलेक्टिबल्स, इनसाइड आउट, लिलो एंड स्टिच शामिल हैं ।

# टाटा प्ले बिंज ने टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की

चंडीगढ़। टाटा प्ले बिंज के ग्राहक टाईम्स प्ले के माध्यम से फिल्में, टीवी शो, वेब सीरीज, शॉर्ट वीडियो, संगीत, समाचार, सीधा प्रसारण और पिकल बॉल जैसे खेल एक ही ओटीटी ऐप पर देख सकेंगेटाटा प्ले बिंज ने टाईम्स नेटवर्क के डिजिटल ओटीटी प्लेटफॉर्म, टाईम्स प्ले के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत टाटा प्ले बिंज के ग्राहक टाईम्स प्ले के माध्यम से हॉलिवुड फिल्में, वेब सीरीज, शॉर्ट वीडियो, पिकल बॉल और सीधा प्रसारण करने वाले 11 टीवी चैनल एक ही स्थान पर देख सकेंगे। टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को टाईम्स नेटवर्क पर मौजूद मनोरंजन, जीवनशैली, व्यापार और समाचार एक ही सदस्यता शुल्क में प्राप्त होंगे। वो मनोरंजन और समाचार के लिए रोमेडी नाउ, मूवीज नाउ, एमएनएक्स, एमएन+, जूम, टाईम्स नाउ, टाईम्स नाउ नवभारत, ईटी नाउ, ईटी नाउ स्वदेश और पिकलबॉल नाउ जैसे प्रीमियम टीवी चैनल भी देख सकेंगे। इस साझेदारी के बारे में पल्लवी पुरी, चीफ कमर्शियल एवं कंटेंट ऑफिसर, टाटा प्ले ने कहा, ''टाटा प्ले में हमारा लक्ष्य है कि हमारे दर्शक भारत एवं पूरे विश्व का मनोरंजन आसानी से एक ही जगह खोज और देख सकें। टाईम्स प्ले के साथ हमारी साझेदारी हमारे इस लक्ष्य को मजबूत बनाएगी। दर्शकों को टाईम्स नेटवर्क का प्रीमियम मनोरंजन प्राप्त होगा, जिसके लिए उन्हें अलग-अलग ऐप या सदस्यता की जरूरत नहीं पड़ेगी।''

# हरियाणा के पत्रकारों ने कन्याकुमारी में की अंतरराज्यीय बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। कन्याकुमारी के विवेकानंद केंद्र परिसर में वीरवार को 8वीं अंतरराज्यीय बौद्धिक पत्रकारिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। विवेकानंद केंद्र परिसर के इंचार्ज सुनील सिरामलू मुख्य अतिथि और रामायण दर्शन केन्द्र के इंचार्ज कृष्ण कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि का स्वागत जिला प्रेस क्लब सोनीपत (हरियाणा) की कार्यकारिणी द्वारा किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष राजेश कुमार खत्री, महासचिव सुखबीर सैनी ने क्लब के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्लब का मुख्य लक्ष्य सकारात्मक सोच, सार्थक पत्रकारिता और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफलता का मार्ग



तैयार करना है।विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार ने कहा कि पूरे भारत को विकसित करने के संकल्प के लिए हम संयुक्त रूप से प्रयासरत हैं और हरियाणा से आए पत्रकार इस मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुनील सिरामलू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रेस क्लब सकारात्मक सोच के साथ जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमेशा सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा पर जोर दिया और यदि इन्हीं सिद्धांतों को पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनाया जाए तो समाज में व्यापक परिवर्तन संभव है।इस मौके पर पत्रकार जसवीर खत्री, अनिल कुमार खत्री, कुलदीप फेमस, रणबीर रोहिल्ला, श्याम सुंदर वशिष्ठ, नीरज आंतिल, रविंद्र कुमार, अनिल कुमार, अनिल खत्री, संजीव घनघस, प्रवीण कुमार, सुनील कुमार, अरुण दूहन , विजेंद्र कुमार, सह सचिव हरीश कुमार, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर वशिष्ठ, उपाध्यक्ष सोमपाल सैनी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# हरियाणा की जेलों में कौशल विकास पहल और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों होंगे शुरू

**भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा 6 दिसंबर जिला जेल गुरुग्राम से की जाएगी शुरुआत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, हरियाणा सरकार के साथ मिलकर प्रदेश की विभिन्न जेलों में कौशल विकास केंद्रों, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और आईटीआई-स्तरीय व्यावसायिक प्रशिक्षण की शुरुआत करेगा। इसका उद्घाटन भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा 6 दिसंबर 2025 को जिला जेल, गुरुग्राम में किया जाएगा।

इस अवसर पर भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति शील नागू तथा उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश भी मौजूद रहेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी की अध्यक्षता वाली ÷विचाराधीन / जेल कैदियों के पुनर्वास एवं कौशल विकास÷ संबंधी समिति के निरंतर प्रयासों ने इस पहल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका साझा दृष्टिकोण इस विश्वास को रेखांकित करता है कि जेलों को सुधार, क्षमता निर्माण और मानवीय गरिमा के संस्थानों के रूप में विकसित होना चाहिए।

हरियाणा की जेलों में पॉलिटेक्निक और कौशल विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन सुधारात्मक न्याय के प्रति राज्य के दृष्टिकोण में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। इस पहल के तहत कैदियों को व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुँच प्राप्त होगी, जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक, वेल्डर, प्लंबर, ग्रेस मेकर, इलेक्ट्रीशियन, बुडवर्क टेक्नीशियन, सिलाई तकनीक और कॉस्मेटोलॉजी जैसे व्यवसायों में आईटीआई पाठ्यक्रम और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा शामिल है। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को वर्तमान उद्योग की मांगों के अनुरूप रोजगारपरक कौशल से परिपूर्ण करना है। इन कार्यक्रमों की न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए बल्कि कैदियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और उद्देश्य का संचार करने के लिए भी रूपरेखा तैयार की गयी है।

इस कार्यक्रम का व्यापक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रिहाई के बाद, कैदियों पर सामाजिक अस्वीकृति या आर्थिक अनिश्चितता का बोझ न पड़े, बल्कि उन्हें सार्थक रोजगार पाने के लिए आवश्यक कौशल और योग्यताएँ प्रदान की जाएँ। यह इस सिद्धांत का प्रतीक है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे उसके पिछले कर्म कुछ भी हों, अपने भीतर सुधार, विकास और पुनः एकीकरण की क्षमता रखता है। इन शैक्षिक और व्यावसायिक हस्तक्षेपों के माध्यम से, कार्यक्रम का उद्देश्य फिर से अपराध करने की दर को घटाना, वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना और कैदियों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है।

### नशा विरोधी जागरूकता अभियान कार्यक्रम का किया जाएगा उद्घाटन

सुधारात्मक परिवर्तन के साथ-साथ, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) ने एक व्यापक नशा विरोधी जागरूकता अभियान की भी संकल्पना की है , जिसका इसी कार्यक्रम के दौरान उद्घाटन किया जाएगा। यह पहल पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (हालसा) की कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति लिसा गिल के मार्गदर्शन और दूरदर्शिता के तहत आकार ले रही है। यह महत्वाकांक्षी एक महीने तक चलने वाला राज्यव्यापी नशा-विरोधी जागरूकता अभियान, पूरे राज्य में युवाओं और उनके परिवारों को प्रभावित करने वाले मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के मामलों में खतरनाक वृद्धि को दूर करने के लिए शुरू किया जाएगा। यह अभियान लक्षित सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों के बीच निरंतर व्यावहारिक परिवर्तन लाने का प्रयास करेगा। प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान की व्यापक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, समाज कल्याण और महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज संस्थाएँ, गैर-सरकारी संगठन, युवा संगठन, स्कूल एवं कॉलेज प्रशासन, पुनर्वास केंद्र और सामुदायिक नेताओं सहित विभिन्न हितधारकों को शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य और जिला स्तर पर सप्ताह-वार कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें जागरूकता रैलियों, नुक्कड़ नाटक, कानूनी साक्षरता कार्यशालाएं, परस्पर संवादात्मक स्कूल सत्र, परामर्श शिविर, सोशल मीडिया पहुँच, क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और कमजोर समुदायों के हितार्थ कार्य शामिल होंगे।

# पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, सिर में नुकीले हथियार से किए वार

**जमानत पर छूटे 18 वर्षीय आशु का शव रेलवे ट्रैक के पास मिला, पुलिस ने टारगेट किलिंग की जताई आशंका**



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 4 दिसंबर।** शहर में उस समय सनसनी फैल गई जब सुबह सैर पर निकले लोगों ने नई अनाज मंडी के पास डेहा बस्ती की ओर रेलवे लाइन के समीप एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान डेहा बस्ती निवासी 18 वर्षीय आशु के रूप में की, जो करीब 20 दिन पहले ही गैर-इरादतन हत्या के एक पुराने मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आशु की हत्या बेहद निर्मम तरीके से की गई। पहले उसके साथ जमकर मारपीट की गई और अधमरी हालत में उसके सिर पर नुकीले हथियार से कई वार किए गए। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सिर के अलावा शरीर पर भी चोट के अनेक निशान मिले हैं। हत्या के बाद उसका शव सुनसान प्लॉट में फेंक कर आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने आशंका जताई है कि बस्ती का ही एक युवक, जिसके साथ आशु की पुरानी रंजिश चल रही थी, इसी विवाद के चलते हत्या में शामिल हो सकता है। मृतक की बहन नेहा ने साफ कहा कि यह एक योजनाबद्ध हत्या है। घटना स्थल से पुलिस ने मृतक का मोबाइल और गले में पड़ा इयरफोन बरामद किया है। शहर थाना प्रभारी गीता ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस पुराने मामलों को भी रिकॉर्ड में लेकर जांच कर रही है तथा टारगेट किलिंग की संभावना से भी इंकार नहीं कर रही। डीएसपी बीरभान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मौके पर फोरेंसिक जांच की गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।




# संवेदनशील मुद्दों पर पंजाबियों के सब्र की परीक्षा ले रहा केंद्र: मीत हेयर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आज संसद सत्र के बाद एक सख्त बयान जारी करते हुए चेतावनी दी कि केंद्र सरकार पंजाब के सबसे संवेदनशील मुद्दों, जैसे कि चंडीगढ़ की स्थिति, पंजाब यूनिवर्सिटी का केंद्रीयकरण, यूनिवर्सिटी की सीनेट को खत्म करना और चंडीगढ़ को लेफ्टिनेंट गवर्नर द्वारा शासित केंद्र शासित प्रदेश बनाने के प्रस्तावों को उठाकर बार-बार 'पंजाबियों के सब्र की परीक्षा' ले रही है।

उन्होंने कहा कि इसके बजाय, केंद्र को लंबे समय से की गई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को पूरा करना चाहिए कि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी के रूप में बनाया गया था और इसे पूरी तरह पंजाब के हवाले किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब पूरे देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जिसकी अपनी कोई राजधानी नहीं है। यह उस राज्य के साथ बड़ा अन्याय है जिसने भारत के लिए सबसे बड़ी कुर्बानियां दीं और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया। इसलिए भारत सरकार को अपना वादा पूरा करना चाहिए। मीत हेयर ने याद दिलाया कि आज भी पंजाब के राज्यपाल चंडीगढ़ के प्रशासक के रूप में सेवा निभाते हैं, और ज्यादातर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पंजाब से हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'इस सब के बावजूद, केंद्र चंडीगढ़ को पंजाब से और दूर करने की कोशिश कर रहा है। हम इसका सख्त विरोध करते हैं।'

अकाली नेता हरसिमरत कौर बादल द्वारा दिए गए बयानों के बारे में मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए मीत हेयर ने कहा कि पंजाब में हर व्यक्ति जानता है कि किस सरकार के दौरान 'चिट्टा' जैसी सिंथेटिक नशीली दवाएं फैलीं और किनके साथियों के नाम नशा जांच में बार-बार सामने आए। उन्होंने हरसिमरत कौर बादल के उस हैरान करने वाले बयान की निंदा की जिसमें उन्होंने पंजाब के अंदर बीएसएफ के ज्यादा केंद्रीय नियंत्रण का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि दशकों से, सभी पार्टियों के पंजाबी सांसदों ने राज्य के संघीय अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। यहां तक कि अकाली दल ने भी कभी राज्यों को और शक्तियां देने की वकालत की थी। लेकिन आज, भाजपा के इशारे पर, बादल बीएसएफ के जरिए पंजाब का नियंत्रण केंद्र को सौंपने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि जो पहले पंजाब की रक्षा नहीं कर सके, वे अब पंजाब का अधिकार केंद्र को देना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा के साथ क्या सौदा किया है? पंजाबियों को जानने का हक है।

# सीएम के दौरे को लेकर डीसी, एसपी ने भाजपा नेताओं के साथ किया कॉलेज का दौरा

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 4 दिसंबर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सात दिसंबर को आरकेएसडी कॉलेज में होने वाली बैठक को लेकर डीसी अपराजिता एवं एसपी आस्था मोदी ने भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर सहित अन्य नेताओं के साथ आयोजन स्थल का दौरा किया। डीसी अपराजिता ने कहा कि सात दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राजनीतिक बैठक लेंगे। उनके इस दौरे में संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधी तैयारियों को पूरा कर लें। उन्होंने बिजली, जनस्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित डीएमसी को आवश्यक तैयारियों के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने एसपी उपासना सहित भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर के साथ मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रूट प्लान, मंच, पार्किंग, जलपान सहित तमाम तैयारियों पर चर्चा की। एसपी आस्था मोदी ने सुरक्षा संबंधी तैयारियों को लेकर चर्चा की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। अशोक गुर्जर ने बताया कि प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक होगी जिसमें मुख्यमंत्री की अगुवाई में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश के मंडल अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा जिला ज्योति सैनी ने बैठक को लेकर संगठन की तैयारियों के बारे में आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर आरकेएसडी कॉलेज के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, महासचिव पंकज बंसल, आरएसएस के जिला संघचालक श्याम बंसल, कॉलेज प्रिंसिपल गगन मित्तल, सुरेश संधू, महामंत्री मनीष शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारियों डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम अजय सिंह, सिविल सर्जन डा रेणु चावला सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# नारी शक्ति से विकास: महिलाओं के नेतृत्व वाली प्रगति पर फोकस करने की जरूरत

लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण हमारे उज्जवल आज और बदलते कल के लिए बेहद ज़रुरी आधार है। तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ते इस वक्त में हम लैंगिक समानता हासिल करने के लिए एक और शताब्दी तक इंतज़ार नहीं कर सकते। नारी शक्ति और भारत की विश्व को सभ्यतागत देन, महिलाओं को देवी के रूप में देखने की मूल अवधारणा को अब महज एक प्रतीक से आगे ले जाकर व्यावहारिक जीवन में लाना होगा और महिलाओं के प्रति सम्मान की हमारी विरासत को महिलाओं के नेतृत्व वाले सतत् विकास के मार्ग पर ले जाना होगा।

जब आधी मानवता की स्वतंत्रता और जीवन जीने के अवसर बढ़ते हैं, तो नए समाज में फिर से एक नई ऊर्जा का संचार होता है। लैंगिक समानता अपने आप में एक आदर्श विचार है, और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी और पर्यावरणीय प्रगति का एक शक्तिशाली कारक भी है। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की 2015 की रिपोर्ट, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों पर आधारित वर्ष 2024 का विश्लेषण और ईवाय का इंडिया@100 कार्य, मिलकर एक ठोस आर्थिक तर्क पेश करते हैं- लैंगिक अंतर को कम करने से सकल घरेलू उत्पाद में 20 से 30 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है और यह भारत के लिए 2047 तक 28 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए बेहद ज़रुरी है।

भारत एक जनसांख्यिकीय दौर से गुज़र रहा है। हमारी युवा आबादी का तभी लाभ उठाया जा सकता है, जब वह महिलाओं के लिए फायदेमंद हो। प्रजनन क्षमता घट रही है और लड़कियों तथा युवतियों की महत्वाकांक्षाएं बढ़ रही हैं, भारत अब उच्च शिक्षा में लगभग बराबरी पर है और करीब 43 प्रतिशत स्टेम छात्राएँ हैं। कई सालों तक महिलाओं के काम को अनौपचारिक और अदृश्य बनाए रखने के बाद, आखिरकार महिलाओं की श्रमशक्ति में भागीदारी फिर से बढ़ने लगी है और अब इसे बेहतर गुणवत्ता, औपचारिक और भविष्य के लिए तैयार नौकरियों में तब्दील होना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की एक खास विशेषता ऐसे प्रमुख कार्यक्रमों को लक्षित करना है, जिनमें महिलाएं प्रमुख लाभार्थी हैं। इसके अलावा बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम भी सरकार के फोकस में हैं, जो लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदनशील हैं। छात्रवृत्ति, छात्रावास और आरक्षित सीटों ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में महिलाओं की मौजूदगी को बढ़ाया है और ज्ञान, स्वास्थ्य, हरित और देखभाल अर्थव्यवस्थाओं में उनके लिए नए रास्ते खोले हैं। डिजिटल मिशन और ग्रामीण कार्यक्रमों ने करोड़ों महिलाओं को प्रशिक्षित किया है और उनके हाथों में किफायती डेटा वाले स्मार्टफोन और जन धन खाते दिए हैं, जिससे उन्हें सूचना, बाज़ार और सेवाओं तक सीधी पहुँच मिली है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा, स्वच्छ भारत और प्रधानमंत्री आवास जैसी प्रमुख योजनाओं ने करोड़ों महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा, ऋण तक पहुँच, स्वच्छता और सुरक्षित आवास जैसी सुविधाएं दी हैं, जबकि सुकन्या समृद्धि और लखपति दीदी जैसी योजनाओं ने उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और उनकी आय में बढ़ोत्तरी को मुमकिन बनाया है। अब अगले स्तर पर उन्हें निर्णायक रूप से लाभार्थी से अधिकार पति, यानी अधिकारों के प्राप्तकर्ता से पूर्ण अधिकार धारक और अर्थव्यवस्था तथा समाज में फैसला लेने वाली महिला के रूप में स्थापित करना होगा। 2030 तक लैंगिक समानता पर सतत विकास लक्ष्य 5 को प्राप्त करने का यही असल सार है।

भारत में अंतर्संबंध का अर्थ है, कि कई महिलाओं को गरीबी, जाति, जनजाति, धर्म, दिव्यांगता या स्थान के कारण कई स्तरों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। तीन तलाक के उन्मूलन ने मुस्लिम महिलाओं के विवाह अधिकारों को मज़बूत किया है। जनजातीय पृष्ठभूमि की महिला, द्रौपदी मुर्मू का भारत के राष्ट्रपति के रूप में चुनाव इस बात का प्रतीक है कि हाशिए पर रहने वाले समाज की महिला एक गणतंत्र में किस ऊँचाई तक पहुँच सकती है और लैंगिक और सामाजिक न्याय के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और गहरा कर सकती है। मौजूदा वक्त में हमें जिस कल का निर्माण करना है, वह ऐसा होना चाहिए, जिसमें विकास के ऐसे उदाहरण, असाधारण न होकर, व्यवस्था का हिस्सा हों और व्यापक रुप से दिखाई दें।

हिंसा से मुक्ति, एक लैंगिक समानता वाले समाज का अनिवार्य आधार बनी हुई है। घरेलू दुर्व्यवहार और मानव तस्करी से लेकर कार्यस्थल पर उत्पीड़न और ऑनलाइन घृणा तक, महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हर प्रकार की हिंसा को खत्म करना, हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होना चाहिए, साथ ही महिलाओं के स्वास्थ्य और यौन तथा प्रजनन अधिकारों पर निरंतर काम करना चाहिए, जो स्वायत्तता और सम्मान की गारंटी देते हैं।

राजनीतिक आवाज़ और नेतृत्व हर दूसरे हस्तक्षेप के प्रभाव को कई गुना बढ़ा देते हैं और महिलाओं को भविष्य के नियमों को आकार देने की ताकत देते हैं। जमीनी स्तर पर, पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत से 50 प्रतिशत आरक्षण ने 15 लाख महिला नेताओं को जन्म दिया है। लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम, कानून निर्माण और शासन में वास्तविक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। जैसा कि हाल ही में बिहार में देखा गया, महिलाएं चुनावी नतीजों को भी नया रूप दे रही हैं, जहां जागरूक मतदाता सुरक्षा, गतिशीलता, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में काम करने वाली सरकारों को चुन रहे हैं।

संस्कृति एक बुनियादी ढाँचा है, जिसके ज़रिए कोई भी समाज खुद को समझता है और अपने भविष्य की कल्पना करता है। सदियों से, इसका निर्माण पितृसत्ता के पुरुषवादी दृष्टिकोण से हुआ है, यहां तक कि उन सभ्यताओं में भी जहां महिलाओं की पूजा की जाती थी। आज, मीडिया और साहित्य से लेकर सिनेमा, संगीत, खेल और डिजिटल सामग्री तक, रचनात्मक उद्योगों में महिलाएँ उस पटकथा को नए सिरे से लिख रही हैं और देवी के विचार को दोबारा एक नई परिभाषा दे रही हैं, ताकि उनके प्रति श्रद्धा को घर, अर्थव्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र में समान अधिकार, समान सम्मान और साझा ज़िम्मेदारी के रूप में दर्शाया जा सके।

परिवर्तन के अगले स्तर का नेतृत्व अब संसदों के साथ-साथ कार्यालयों, बोर्ड रूम, प्रयोगशालाओं और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से भी होना चाहिए। सरकारी विभागों और राजनीतिक दलों से लेकर विश्वविद्यालयों, अनुसंधान परिषदों, स्टार्टअप्स और बड़े निगमों तक, हर संस्थान को लैंगिक समानता को अपने डीएनए में शामिल करना होगा। इसका अर्थ है कि लैंगिक समानता वाली शिक्षा से लेकर नौकरियों की मूल्य श्रृंखला तक, जहाँ लड़कियाँ कक्षाओं से आगे बढ़कर व्यापक उद्योग 4.0 व्यवस्था तंत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में करियर बना सकें। इसका एक दूसरा अर्थ ये भी है कि कॉर्पोरेट नेता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भर्ती, प्रतिधारण, दोबारा प्रवेश और पदोन्नति में समानता के लिए प्रतिबद्ध हों और वरिष्ठ प्रबंधन और बोर्ड में और ज्यादा महिलाओं को शामिल करें। इसके लिए एक शोध और नवाचार प्रणाली और एक स्टार्टअप संस्कृति को तैयार करना होगा, जहां महिला संस्थापक, वैज्ञानिक और रचनाकार समान शर्तों पर ऋण, मार्गदर्शन और बाज़ार तक पहुँच सकें।

जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, भारत ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एजेंडे के केंद्र में रखा, डिजिटल लैंगिक अंतर को पाटने, महिलाओं की श्रमशक्ति में भागीदारी बढ़ाने और महिला उद्यमिता और नेतृत्व का विस्तार करने की प्रतिबद्धताएं ज़ाहिर कीं। सशक्त महिलाएँ हमारे युग की महान बदलावकारी शक्ति हैं। अपने परिवारों, समुदायों, देशों और दुनिया को बदलने वाली परिवर्तित महिलाओं के रूप में, वे जनसांख्यिकीय लाभ उठाते हुए महिलाओं और लड़कियों को आज़ादी, विकल्प और सम्मान से जीवन जीने में सक्षम बनाती हैं। भारत अगर इस आंदोलन को इसी रफ्तार से आगे बढ़ाता है, तो एक अग्रणी शक्ति के रूप में इसकी दूसरी पारी की शुरूआत, 2047 तक विकसित भारत की यात्रा से शुरू होगी, वो यात्रा जो नारी शक्ति द्वारा प्रज्वलित और संचालित होगी।

**–लक्ष्मी पुरी**

लेखिका संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव और लैंगिक समानता तथा महिला-नेतृत्व वाले विकास की एक अग्रणी वैश्विक समर्थक हैं। लेख में व्यक्त किए गए विचार उनके व्यक्तिगत विचार हैं।

### योगी सरकार बना रही अयोध्या को सोलर सिटी

## पीएम सूर्य घर योजना से 33 हजार से अधिक लोगों ने कराया पंजीकरण

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सूर्यवंश की राजधानी अयोध्या सौर ऊर्जा सिटी के रूप मे विकसित हो रही है। अयोध्या मंडल में इसका बड़ा असर दिख रहा है। बड़ी संख्या में लोग सौर ऊर्जा कनेक्शन ले रहे हैं। इस वर्ष अब तक अयोध्या मंडल के लगभग 33269 लोग पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि 16 हजार से अधिक लोग कनेक्शन ले चुके हैं। सबसे अहम बात यह है कि रजिस्ट्रेशन कराने और कनेक्शन लेने में बाराबंकी वासी अव्वल हैं, जबकि दूसरे स्थान पर रामनगरी अयोध्या है।

बिजली की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया है। इससे लोगों को उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यकता के अनुरुप बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के लिए घोषणा की थी। इसके लिए यूपीनेडा की ओर से अयोध्या मे 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। इसके अलावा घर-घर सौर ऊर्जा स्थापित किया जा रहा है। इस योजना का प्रसार प्रचार करने के लिए सोलर सखी द्वारा डोर टू डोर कैंपेन भी चलाया जा रहा है।

सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रति किलोवॉट 10 वर्गमीटर छाया रहित छत की आवश्यकता होती है। एक किलोवॉट के रूफटॉप संयंत्र से औसतन प्रतिदिन 4-5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। संयंत्र से उत्पादित विद्युत का उपयोग भवन स्वामी द्वारा करने के उपरांत अवशेष विद्युत ग्रिड में चली जाती है। इसका नेटमीटरिंग के माध्यम से विद्युत बिल में संबंधित



डिस्कॉम द्वारा समायोजन किया जाता है। उपभोक्ता द्वारा सोलर संयंत्रों की स्थापना में व्यय की गयी धनराशि की प्रतिपूर्ति विद्युत बिल के बचत के रूप में 3 से 4 वर्ष में हो जाती है।

केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणी के घरेलू उपभोक्ताओं को अनुदान प्रदान किया जा रहा है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य अनुदान इस प्रकार दिए जा रहे हैं।

एक किलो वाट - केन्द्रानुदान - 30000 ,राज्यांश - 15000
कुल अनुदान- 45000
दो किलो वाट- केन्द्रानुदान- 60000,राज्यांश -30000, कुल अनुदान- 90000
तीन किलो वाट केन्द्रानुदान - 78000,राज्यांश - 30000
कुल अनुदान- 108000

एक से दस किलोवॉट क्षमता के संयंत्र का अनुमानित मूल्य प्रति किलोवॉट लगभग 60 से 65 हजार रुपये प्रति किलोवाट के मध्य आता है। संयंत्र की स्थापना के उपरांत केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान उपभोक्ता के खाते में प्राप्त होता है।

योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए https://pmsuryaghar.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है, जिस पर आवेदन किया जा सकता है। सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना बैंक से ऋण लेकर कराये जाने हेतु भारत सरकार के पोर्टल पर विभिन्न बैंकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसका लाभ उपभोक्ता द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए डिस्कॉमवार/जनपदवार लक्ष्य भी निर्धारित किया जाता हैं।

## जम्मू मंडल में नई पहल के साथ अत्याधुनिक जिम व रेलवे क्लब का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

जम्मू। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल में मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनेकों सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। जो कि यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेल कर्मचारियों के हित में ही क्यों न हो। इसी श्रृंखला में 4 दिसंबर को मंडल रेल प्रबंधक, श्री विवेक कुमार द्वारा जम्मू रेलवे कालोनी में एक नव निर्मित जिम व रेलवे क्लब का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक , वरिष्ठ अधिकारी व रेल कर्मचारी उपस्थित थे।

यह पहल रेल कर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की गई हैं, साथ ही रेलवे कालोनी में रेलवे क्लब मनोरंजक आयोजनों का काम करेगा। मंडल में खोले गए नवनिर्मित जीम और रेलवे क्लब में



मुख्यतः विशेष बिन्दुओं पर ध्यान दिया गया हैं। जैसे जिम में नवीनतम व्यायाम उपकरण, जैसे ट्रेडमिल, वेट लिफ्टिंग की मशीनें लगाई गई हैं। दूसरी ओर रेलवे क्लब को सांस्कृतिक गतिविधियों के हिसाब से बनाया गया हैं।

मंडल रेल प्रबंधक, श्री विवेक कुमार ने बताया, कि जिम और रेलवे क्लब, रेल कर्मियों को अपनी दिनचर्या से ब्रेक लेने और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। इन सुविधाओं का उद्देश्य कमचारियों को तनाव मुक्त जीवन जीने और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना हैं, साथ ही उन्होंने आगे कहा, कि रेल प्रशासन यात्री सुविधाओं के साथ साथ अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए ऐसी कल्याणकारी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर: किरण देव

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में छत्तीसगढ़ देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के दो साल के पूरे होने जा रहे कार्यकाल को संकल्पों की सिद्धि और उपलब्धियों का प्रामाणिक दस्तावेज बताते हुए कहा कि प्रदेश के हर गरीब के सिर पर पक्की छत का जो संकल्प भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 'मोदी की गारंटी' में व्यक्त किया था, वह गारंटी पूरी करके प्रदेश सरकार ने विश्वसनीयता अर्जित की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के दो साल के महत्वपूर्ण निर्णयों एवं उपलब्धियों का विस्तार से जिक्र कर बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर मोदी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में योजना शुरू होने से अब तक 26 लाख से अधिक पीएम आवास मंजूर किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-26 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 26,27,223 आवासों के विरुद्ध 24,22,571 आवासों की स्वीकृति कर 16,72,002 हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण कराया जा चुका है। आवास निर्माण की गति बढ़ाते हुए लगभग 2,000 आवास प्रतिदिन निर्माण किया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्के आवास से लाभान्वित किया जा रहा है जिसके तहत अभी तक कुल 33,217 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्रदेश के

### जगन मोहन रेड्डी का चंद्रबाबू सरकार पर बड़ा प्रहार

## क्या टीटीडी का भला करना गलत है?

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी

तेडेपल्ली (आंध्र प्रदेश)। पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वर्तमान सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि चंद्रबाबू नायडू सरकार गलत फैसले ले रही है, गलतियां करवा रही है और फिर उन गलतियों का ठीकरा पुलिस पर फोड़ रही है।

जगन ने कहा कि आज की राजनीति में कोई भी गलत काम दो मिनट में उजागर हो जाता है, लेकिन इसके बावजूद सरकार बार-बार एक गलती को छुपाने के लिए नई गलती कर रही है।

उन्होंने टीटीडी (तिरुमला तिरुपति देवस्थानम) से जुड़े मामलों पर सरकार की आलोचना करते हुए कहा 'क्या जजों का टीटीडी की भलाई के लिए नया समाधान निकालना गलत है? क्या इतनी बड़ी धार्मिक संस्था का राजनीतिकरण होना चाहिए?' जगन ने सवाल उठाया कि जब 14 करोड़ की संपत्ति टीटीडी को सौंपी गई, तो इतने कानूनी विशेषज्ञों और जजों ने एकमत होकर निर्णय क्यों लिया?




जगन ने सिंहाचलम मंदिर में पकड़े गए 55 हजार की हुंडी चोरी मामले पर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने पूछा जब मंदिर के कर्मचारी गिरफ्तार हुए, तो उनकी संपत्ति जब्त क्यों नहीं की गई? क्या हर जगह अलग तरह का न्याय होगा? क्या सिंहाचलम मंदिर के ट्रस्टी अशोक गजपति राजू के खिलाफ केस दर्ज नहीं होना चाहिए?

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार करुणाकर रेड्डी और वाई.वी. सुब्बा रेड्डी के मामलों में एक मानदंड रखती है और अशोक गजपति राजू के लिए दूसरा।

जगन ने दावा किया कि टीडीपी शासन में टीटीडी के धन का गलत उपयोग हुआ। तिरुपति में श्रीनिवास सेतु परियोजना की लागत 684 करोड़ थी, जिसमें 65 प्रतिशत टीटीडी का पैसा शामिल था। यह राशि बोर्ड की अनुमति से पहले जारी कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने के बाद इस परियोजना की लागत 40 करोड़ रुपये कम की गई। साथ ही, जगन ने आरोप लगाया कि टीटीडी का पैसा निजी बैंकों में 10% से ज़्यादा नहीं रखना चाहिए, लेकिन टीडीपी ने दबाव बनाकर यश बैंक में 1300 करोड़ रुपये जमा कराए। उनकी सरकार ने पदभार सँभालते ही यह धन सरकारी बैंकों में स्थानांतरित कराया, और उसके 3 महीने बाद यश बैंक बंद हो गया। जगन ने चंद्रबाबू पर पलटवार करते हुए कहा–अब बताइए, गलत काम किसने किया?

## शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक संपन्न, विपक्ष को जवाब देने की तैयारी पूरी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कांग्रेस के सभी विधायक, कांग्रेस कोटे के मंत्री, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, एआईसीसी के सदस्य एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू और सह-प्रभारी श्रीबेला प्रसाद शामिल हुए।

बैठक का उद्देश्य सत्र के दौरान कांग्रेस की रणनीति तय करना और विपक्ष के हमलों का प्रभावी जवाब देने की तैयारी करना था।

बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रदीप यादव ने की। उन्होंने कहा कि सत्र भले ही छोटा हो, लेकिन कांग्रेस इस अल्प अवधि का अधिकतम उपयोग करेगी। निर्णय लिया गया कि सभी विधायक जनसरोकार के मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री पूरी तैयारी के साथ सदन में उपस्थित रहकर विपक्ष के हर सवाल का तथ्यपूर्ण और सटीक जवाब देंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि यदि भाजपा या विपक्ष की ओर से सदन के अंदर या बाहर कांग्रेस और उसके नेताओं के खिलाफ अनर्गल या असंसदीय टिप्पणी की जाती है, तो कांग्रेस विधायक इसका मजबूती से विरोध करेंगे। बैठक में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि शीतकालीन सत्र का सार्थक उपयोग हो। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उम्मीद है भाजपा विधायकों को भी 'सद्बुद्धि' मिले ताकि वे सदन में जनता के मुद्दों को रखें, न कि अनावश्यक हंगामा कर सदन की कार्यवाही बाधित करें। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष जनहित के प्रश्न उठाएगा तो कांग्रेस के मंत्री पूरी गंभीरता से उनका जवाब देंगे, लेकिन बेवजह का ड्रामा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ. अंसारी ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा षड्यंत्र के तहत सरकार को अस्थिर करने के लिए अफवाहें फैला रही है, जिसका असर प्रशासनिक कार्यों पर पड़ रहा है।

## मानव दिवस सृजन में उप्र अव्वल, 47.76 लाख परिवारों को मिला रोजगार

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके तहत प्रदेश के 47.76 लाख परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 2000 लाख मानव दिवस सृजन (रोजगार की संख्या) का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसके सापेक्ष अब तक 1768.81 लाख मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं, जो देश में सर्वाधिक है। इसके तहत 47.76 लाख परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। राज्य सरकार ने अब तक 6598.89 करोड़ रुपये की धनराशि मनरेगा योजनाओं पर खर्च की है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा अभिसरण के तहत होने वाले कार्यों में अन्य विभागों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कन्वर्जेंस कार्यक्रमों की प्रगति को तेज करते हुए लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जाए।

## जगन मोहन रेड्डी का चंद्रबाबू सरकार पर हमला: सभी मोर्चों पर नाकाम, विपक्ष पर झूठे केस कर रही है गठबंधन सरकार

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली। चंद्रबाबू की सरकार पर तीखा हमला करते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी के प्रेसिडेंट वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गठबंधन सरकार पर खेती, शिक्षा, मेडिकल मामलों को संभालने में पूरी तरह नाकाम रहने के साथ-साथ पुलिस का गलत इस्तेमाल करके राजनीतिक विरोधियों पर झूठे केस लगाने और बदले की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए सबूत बनाने का आरोप लगाया।

किसानों, छात्रों, कर्मचारियों की बुरी हालत और राजनीतिक विरोधियों को झूठे केस में फंसाने के बारे में एक-एक करके चंद्रबाबू की नाकामियों को उजागर करते हुए, वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने गुरुवार को यहां मीडिया से कहा कि सरकार भाई-भतीजावाद का सहारा ले रही है और सभी वर्गों के लोगों को मुश्किल में डाल रही है। मेडिकल कॉलेजों के खिलाफ कैंपेन को ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है और पब्लिक हेल्थ को प्राइवेट हाथों में देने के कोएलिशन सरकार के फैसले के खिलाफ एक करोड़ सिग्नेचर जमा किए गए हैं, वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा, एक करोड़ सिग्नेचर कैंपेन 16 दिसंबर को गवर्नर को रिप्रेजेंटेशन और सिग्नेचर जमा करने के साथ खत्म होगा।

सिर्फ पब्लिक हेल्थ को प्राइवेट हाथों में देना ही नहीं, बल्कि सरकार ने स्टाफ की सैलरी देने का ऑर्डर



जारी करके एक बड़ा फायदा दिया है। आरोग्यश्री को कमज़ोर कर दिया गया है और बकाया पेमेंट नहीं किया जा रहा है।

एजुकेशन सेक्टर में कोएलिशन सरकार की लापरवाही साफ दिख रही है, जिसमें 29 स्टूडेंट्स की खराब पानी और खाना पीने से मौत हो गई, जबकि कई स्टूडेंट्स गंदी हालत की वजह से हॉस्पिटल में भर्ती हुए। स्टूडेंट्स अब लंच बॉक्स ले जा रहे हैं क्योंकि मिड-डे मील स्कीम की क्वालिटी ठीक से मेंटेन नहीं की गई है। वाईएसआरसीपी सरकार द्वारा लाए गए रिफॉर्म्स को नकार दिया गया और फीस रीइंबर्समेंट का बकाया बढ़ता जा रहा है, जिससे स्टूडेंट्स में परेशानी है।

किसान परेशान हैं क्योंकि उन्हें किसी भी फसल के लिए एमएसपी नहीं मिल रहा है और हर कदम पर उनके साथ धोखा हो रहा है। एक तरफ उन्हें इनपुट सब्सिडी नहीं मिल रही है, फसल बीमा और कैपिटल सपोर्ट नहीं है। वाईएसआरसीपी के समय में उन्हें समय पर सभी फायदे मिल रहे थे और आरबीके ने उनकी अच्छी सेवा की और इसके उलट, 'एपी बचाओ' नारे को पूरा भरोसा मिलता है।

चंद्रबाबू सभी संस्थानों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और अपने खिलाफ शिकायत करने वाले अधिकारियों पर अपने बयान वापस लेने का दबाव बनाकर अपने खिलाफ सभी केस बंद करने की कोशिश कर रहे हैं और गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। सरकार मनगढ़ंत सबूतों और झूठे मामलों के साथ राजनीतिक विरोधियों पर झूठे केस लगा रही है। पिनेली भाइयों पर झूठा केस दर्ज किया गया, हालांकि स्कने खुद साफ तौर पर कहा है कि हत्या का मामला टीडीपी कैडर के बीच ग्रुप की दुश्मनी के कारण हुआ था। चंद्रबाबू ने उनके खिलाफ कई केस दर्ज किए।

शराब घोटाले में, जो हुआ ही नहीं, सरकार राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार कर रही है। यह उनकी सरकार है, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट उनके लोगों की हैं, वे डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क चलाते हैं और राज्य भर में नकली शराब की यूनिट कई बेल्ट शॉप के साथ खुल गई हैं, लेकिन वाईएसआरसीपी नेताओं और करीबी सहयोगियों पर मामला दर्ज किया जा रहा है, जो एक बेतुका कदम है। जोगी रमेश से लेकर मिथुन रेड्डी, चेविरेड्डी भास्कर रेड्डी, कृष्ण मोहन रेड्डी, धनुंजय रेड्डी, बल्लाजी गोविंदप्पा तक यह लिस्ट बहुत लंबी और मज़ेदार है।

# पंजाब पुलिस ने महिला पुलिस को मुख्यधारा में लाने के लिए राज्यव्यापी प्रशिक्षण प्रोजेक्ट शुरू किया

**पीपीए फिल्लौर में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स प्रोग्राम के तहत पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा, कुल 384 पुलिस स्टेशनों को किया जाएगा कवर**

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** पंजाब पुलिस द्वारा एक ऐतिहासिक पहल में 'मेनस्ट्रीमिंग ऑफ वूमन पुलिस' प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में महिला पुलिस अधिकारियों की भूमिका और एकीकरण का व्यापक मूल्यांकन करना और इसे और बेहतर बनाना है। यह प्रोजेक्ट 2 से 4 दिसंबर 2025 तक पंजाब पुलिस अकादमी (पीपीए), फिल्लौर में आयोजित तीन दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) कार्यक्रम के साथ शुरू किया गया।

टीओटी प्रोग्राम पंजाब पुलिस के कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन (सीएडी) विंग द्वारा हर्टेक फाउंडेशन की साझेदारी में आयोजित किया गया था। इस दौरान लगभग 60 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें पंजाब के 13 जिलों से आए चार वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। अब ये अधिकारी अपने-अपने जिलों में प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार होंगे।

प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में पुलिस की व्यक्तित्व निर्माण, लैंगिक संवेदनशीलता, वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में पुलिस की भूमिका और पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान पुलिस बल में महिला अधिकारियों को मुख्यधारा में लाने संबंधी रणनीतियाँ शामिल थीं। साथ ही पुलिस में पेशेवर रूप से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विशेष जोर दिया गया।

इस पहल के महत्व के बारे में बोलते हुए विशेष डीजीपी, कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन (सीएडी) गुरप्रीत कौर दियो ने कहा कि यह अहम प्रोजेक्ट ÷मेनस्ट्रीमिंग ऑफ वूमन पुलिस÷ पहल का हिस्सा है, जिसके तहत भारत सरकार की महिला हेल्पडेस्क प्रोजेक्ट की देशव्यापी सफलता के आधार पर पंजाब के सभी 384 पुलिस स्टेशनों में दो-दो महिला अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण के प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब पुलिस ने गैर-सरकारी संगठन जे-पाल (अब्दुल लतीफ जमील पॉवरटी एक्शन लैब) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कि रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल (आरसीटी) के माध्यम से नीति विश्लेषण में माहिर है।

इस प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 288 पुलिस स्टेशन एक राज्य-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें सीएडी विंग द्वारा प्रशिक्षित और हर्टेक फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किए गए लगभग 100-120 मास्टर ट्रेनर्स पूरे प्रदेश के 288 पुलिस स्टेशनों में प्रशिक्षण देंगे।

इसमें समाज में महिलाओं की भूमिका, पुलिस बल में महिलाओं की कम संख्या, लैंगिक रूढ़िवादिता और पुलिसिंग सब-कल्चर से संबंधित जानकारी दी जाएगी। पुलिसिंग सब-कल्चर में–कानून और व्यवस्था बनाए रखना, अपराध की समझ और रोकथाम, गैंगस्टरों और नशे के सौदागरों से निपटना, आतंकवाद आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है।

जबकि तुलनात्मक रूप से पुलिस की आवश्यकता वाले उभरते क्षेत्रों जैसे साइबर-अपराध, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के खिलाफ अपराध, ट्रैफिक मुद्दे, पुलिस व्यवहार व प्रतिक्रिया और पुलिस की व्यक्तित्व– पर कम ध्यान दिया गया है।

राज्य के लगभग 96 पुलिस स्टेशनों को कोई प्रशिक्षण नहीं दिया जाएगा और वे कंट्रोल पुलिस स्टेशन की भूमिका निभाएंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए चुने गए 120 मास्टर ट्रेनर्स को फरवरी 2026 में आधुनिक जानकारी के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा, जिसके बाद ये मास्टर ट्रेनर्स मार्च से जून 2026 तक तीन चरणों में अपने-अपने जिलों के पुलिस स्टेशनों में चुने गए पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे।

### 2000 पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगाः विशेष डीजीपी गुरप्रीत दियो

विशेष डीजीपी ने कहा कि पुलिस स्टेशनों में प्रशिक्षण शुरू होने से पहले जे–पाल द्वारा सभी 288 पुलिस स्टेशनों में महिला पुलिस कर्मचारियों के प्रति दूसरे पुलिस कर्मियों के विचारों, धारणा और लिंग–संवेदनशीलता संबंधी बेसलाइन सर्वेक्षण किया जाएगा। जिला प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद, जे–पाल उन्हीं पुलिस उत्तरदाताओं और नागरिकों का एक और सर्वेक्षण करेगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि महिला अधिकारियों के प्रति पुलिस अधिकारियों के दृष्टिकोण और लैंगिक मान्यताओं में कितना बदलाव आया है। बाकी 15 जिलों के मास्टर ट्रेनर्स के लिए दूसरा टीओटी सत्र 22 से 24 दिसंबर 2025 को पीपीए फिल्लौर में आयोजित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य 2000 से अधिक पुलिस अधिकारियों को सीधे प्रशिक्षण देकर पंजाब में एक बेहतर और प्रभावी पुलिसिंग वातावरण को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत क्षमता विकसित करना है।

## कथित वायरल ऑडियो पर दायर पटीशनः अदालत ने पटीशन की मेंटेनेबिलिटी पर मांगा स्पष्टीकरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 4 दिसंबर।** जिला पटियाला में हो रही ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावों से संबंधित पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में दायर एक जनहित पटीशन (पीआइएल) का पंजाब सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल श्री मनिंदरजीत सिंह बेदी ने कड़ा विरोध किया है। यह पटीशन एक कथित कॉन्फ्रेंस कॉल की उस ऑडियो रिकॉर्डिंग पर आधारित है, जो वायरल हुई थी।

राज्य सरकार ने संवैधानिक अदालतों में इस पटीशन के गैर-वाज़िब होने संबंधी मूलभूत एतराज उठाये हैं।

माननीय हाई कोर्ट में पेश होते हुए एडवोकेट जनरल ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न मामलों में दिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए दलील दी कि चुनावों से संबंधित मामलों में ऐसी अपीलें मेंटेनेबल नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित ऐसी पटीशनों पर संवैधानिक अदालतों द्वारा विचार नहीं किया जाना चाहिए।

पंजाब सरकार की ओर से रखे गए तथ्यों को उस समय और मजबूती मिली जब यह बताया गया कि पटीशनरों द्वारा चुनाव अधिकारियों को प्रस्तुत की गई कथित प्रतिवेदन राजनीतिक दलों के आधिकारिक लेटरहेड पर जारी की गई थी, जिससे पटीशनरों का पक्ष और कमजोर हो गया। एडवोकेट जनरल ने दलील दी कि यह स्पष्ट रूप से पटीशन के पक्षपातपूर्ण होने की पुष्टि करता है और इसे एक वास्तविक एवं उचित जनहित पटीशन के रूप में स्वीकार किए जाने की संभावना को और कम करता है।

एडवोकेट जनरल की इन दलीलों पर ध्यान देते हुए माननीय हाई कोर्ट ने पटीशनरों से यह स्पष्ट करने के लिए विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा है कि इन कानूनी आपत्तियों के मद्देनज़र पटीशन किस प्रकार मेंटेनेबल है। अब इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विकास में पिछड़े पंजाब को पटरी पर लाने के लिए शिरोमणि अकाली दल का होना ज़रूरी हैः बाजवा, तलवाड़, लखी, लाली, भारद्वाज




**होशियारपुर (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** विकास में पिछड़े पंजाब को पटरी पर लाने के लिए शिरोमणि अकाली दल क़ी सरकार बनाना ज़रूरी है क्योंकि सिर्फ़ एक क्षेत्रीय पार्टी ही पंजाब के पक्ष में सोच रख सकती है और बाहरी पार्टियों ने हमेशा पंजाब और पंजाबियत के साथ धोखा किया है। ये शब्द शिरोमणि अकाली दल की कोर कमेटी के सदस्य और पूर्व राज्यसभा सदस्य वरिंदर सिंह बाजवा ने आज बजवाड़ा में ज़िला परिषद उम्मीदवार इकबाल सिंह गोपी के चुनाव ऑफिस का उद्घाटन करते हुए कहे।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिरोमणि अकाली दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव तलवाड़ ने क हा कि ये चुनाव पंजाब सरकार की बची–खुची नींव हिला देंगे।इस मौके पर ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष लखबीर सिंह लखी ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में होशियारपुर ज़िले में सभी ज़िला परिषद और ब्लॉक समिति के चुनाव पूरी ताकत से लड़े जाएंगे और जीते जाएंगे। प्रोग्राम को संबोधित करते हुए शहरी ज़िला अध्यक्ष जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने कहा कि अकाली दल के सभी कार्यकर्ता एकजुट हैं और सरकार के हर ज़ुल्म के ख़िलाफ़ लड़ रहे हैं और आने वाले समय में सरकार का कोई भी दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस मौके पर शमशेर सिंह भारद्वाज, नरिंदर सिंह, हरजीत सिंह, नीति तलवार, प्रिया सैनी के साथ–साथ अलग–अलग गांवों के पंच सरपंच और सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### 19 साल से कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे फार्मेसी अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सिविल सर्जन के ज़रिए सरकार को मेमोरेंडम भेजा



**होशियारपुर (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** फार्मेसी ऑफिसर्स एसोसिएशन पंजाब के दिशा–निर्देशों के अनुसार, जिला सचिव हरपाल सिंह भट्टी के नेतृत्व में फार्मेसी ऑफिसर्स एसोसिएशन जिला यूनिट होशियारपुर ने अपनी मांगों को लेकर सिविल सर्जन बलवीर कुमार के ज़रिए मुख्यमंत्री पंजाब सरकार, स्वास्थ्य मंत्री पंजाब, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग, डायरेक्टर (स्वास्थ्य सेवाएं) को मेमोरेंडम भेजा। इस मौके पर जिला सचिव हरपाल सिंह भट्टी ने बताया कि वे पिछले 19 सालों से सरकार के अंडर कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे हैं। पंजाब सरकार द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार जून 2021 में ग्रामीण पंचायत और विकास विभाग से लगभग 600 फार्मेसी अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर किया गया था। सरकार ड्यूटी के नाम पर कर्मचारियों का मानसिक और आर्थिक शोषण कर रही है और उन्हें बिना किसी कारण के ॠ और ष्ट दे रही है। उन्हें 200/250 ॾ की ड्यूटी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिसका संगठन कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि सरकार जेल ड्यूटी/मेला ड्यूटी/धार्मिक समारोह ड्यूटी/VIP ड्यूटी/इमरजेंसी ड्यूटी के नाम पर कर्मचारियों का शोषण कर रही है। जिससे हमारे कर्मचारियों में बहुत गुस्सा और निराशा है। इस मौके पर सिविल सर्जन पी.ए. सतपाल सिंह, ज़िला सेक्रेटरी हरपाल सिंह भट्टी, परमजीत सिंह, सिकंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, मेजर सिंह वगैरह मौजूद थे।

### लिंग अनुपात में होशियारपुर ने प्राप्त किया पूरे पंजाब में पहला स्थान




**होशियारपुर (अप्रस/तरसेम दीवाना)।** स्वास्थ्य विभाग पंजाब द्वारा जारी ताज़ा आंकड़ों के अनुसार ज़िला होशियारपुर ने लिंग अनुपात में लगातार सुधार के आधार पर पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। ज़िले में प्रत्येक 1000 लड़कों पर 970 लड़कियाँ दर्ज की गई हैं, जो लिंग समानता की दिशा में एक सकारात्मक बदलाव को दर्शाती हैं। इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री माननीय डॉ. बलबीर सिंह द्वारा सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. बलवीर सिंह और ज़िला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रंजीत सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीएनडीटी कोऑर्डिनेटर अभे मोहन भी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. बलवीर सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा ज़िले की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता गतिविधियों, पीसीपीएनडीटी एक्ट के सख़्त क्रियान्वयन और लिंग समानता के लिए विभाग द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की गई है। मुख्यमंत्री माननीय भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार लिंग अनुपात के संतुलन और लड़कियों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। ज़िला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. रंजीत सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि ज़िले के सभी अधिकारियों, मेडिकल अधिकारियों, फील्ड स्टाफ, आशा वर्करों और होशियारपुर के निवासियों के संयुक्त प्रयां का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि ज़िले में हर लड़की को जन्म से लेकर पूर्ण विकास तक समान अवसर प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।

## शिवालिक कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक समारोह सफलतापूर्वक संपन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 4 दिसंबर।** शहर में स्थित शिवालिक कॉन्वेंट स्कूल ने 'कैनवस-2025' के बैनर तले अपना वार्षिक समारोह आयोजित किया। जिसमें आम आदमी पार्टी के जनरल सेक्रेटरी बलतेज सिंह पन्नू ने मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया, जबकि आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता एडवोकेट बिक्रमजीत पासी विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर की। उसके बाद स्कूल की प्रिंसिपल चीनू शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने स्कूल द्वारा आयोजित सोशल एक्टिविटीज का जिक्र किया और अगले सेशन में बच्चों की भलाई के लिए लागू किए जाने वाले प्रोग्राम्स के बारे में जानकारी दी। स्कूल की तारीफ करते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि स्कूल की परफॉर्मेंस बच्चों के निभाए गए किरदारों से पता चलती है और ये बच्चे देश का भविष्य है। टीचरों द्वारा दी गई शिक्षा ही समाज को रोशन करती है। एडवोकेट पासी ने स्कूल को इलाके के लिए मील का पत्थर बताया। कल्चरल समारोह के मौके पर स्कूल के बच्चों ने गुरुओं द्वारा दिखाई गई सेल्फ-प्रोटेक्शन को दिखाने के लिए गतका का प्रदर्शन किया। बाद में हनुमान चालीसा, ऑपरेशन सिंदूर, गिद्दा, भांगड़ा, राजस्थानी डांस, गाने, संगीत, ड्रामा और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ स्किट समेत कई तरह के कार्यक्रम पेश किए गए। मुख्य मेहमानों ने अलग-अलग फील्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। अंत में स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष भारद्वाज ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन रमेश भारद्वाज, बच्चों के माता-पिता और शहर के जाने-माने लोग मौजूद थे।

**डेराबस्सी में ब्लॉक समिति चुनाव**

## 149 नामांकन दाखिल, सभी बड़ी पार्टियों ने दिखाई ताकत

अर्थ प्रकाश/चौहान





**डेराबस्सी, 4 दिसंबर।** पंजाब में होने वाले ब्लॉक समिति चुनावों के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन था। डेराबस्सी में कुल 149 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, जिसके चलते पूरे दिन राजनीतिक गतिविधियाँ तेज़ रहीं। क्षेत्र की सभी प्रमुख पार्टियों– आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणी अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी–ने पूरी 22 सीटों के लिए अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी ने चार सीटों पर नामांकन दाखिल किए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, सभी दलों के उम्मीदवार अपने-अपने नेताओं की अगुवाई में बड़े जुलूसों के साथ नामांकन केंद्र पहुंचे। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की अगुवाई में नामांकन दाखिल किए। शिरोमणी अकाली दल की ओर से यह प्रक्रिया पूर्व विधायक एन.के. शर्मा की मौजूदगी में पूरी हुई। कांग्रेस के उम्मीदवारों ने हल्का प्रभारी दीपइंदर सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में नामांकन भरवाए। वहीं भारतीय जनता पार्टी की ओर से संजीत खन्ना और गुरदरशन सैणी ने अपने उम्मीदवारों की अगुवाई की।

सभी दलों के नेताओं ने नामांकन भरने के बाद अपनी-अपनी जीत का दावा किया। उनका कहना था कि जनता उनके द्वारा किए गए कार्यो और नीतियों से संतुष्ट है, और इस बार जीत उनके हिस्से में ही आएगी।

इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी तथा उपमंडल अधिकारी (डेराबस्सी) अमित गुप्ता ने बताया कि 5 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 6 दिसंबर तक उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके बाद अंतिम सूची जारी होगी।

डेराबस्सी में इस बार ब्लॉक समिति चुनाव काफी दिलचस्प और प्रतिस्पर्धात्मक माने जा रहे हैं। सभी प्रमुख दलों ने पूरी शक्ति के साथ चुनावी मैदान में कदम रखा है, जिससे मुकाबला काफी रोचक होने की उम्मीद है। आगामी दिनों में चुनाव प्रचार और भी तेज़ हो सकता है, और यह देखना अहम होगा कि जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनती है।

## ज़ीरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक, केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** नगर परिषद ज़ीरकपुर के वार्ड नंबर 14 के एमसी हरजीत सिंह मिंटा और वार्ड नंबर 5 के एमसी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को उनके दफ्तर में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को केंद्र सरकार की लोकसेवा आधारित योजनाओं के बारे में जागरूक करना था।

इस दौरान पार्षद नेहा शर्मा और अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। नेताओं ने आम लोगों को केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और जनकल्याण से संबंधित प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सरकार द्वारा आम लोगों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए ताकि हर वर्ग तरक्की की मुख्यधारा से जुड़ सके।

कार्यक्रम में भाजपा नेता हरजीत सिंह मिंटा विशेष तौर पर शामिल हुए। उनके साथ भाजपा टीम के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप सीका, सोनू जोगी, गुलशन कुमार और भाजपा कार्यालय प्रभारी ज़ीरकपुर राधेश्याम भी उपस्थित रहे।

नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दें और अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने में सहयोग करें। बैठक के अंत में भाजपा पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर भी चर्चा की।

## वार्ड 27 में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान, पार्षद रेणु पवन नेहरू ने संभाली कमान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** वार्ड नंबर 27 में पिछले दो-तीन दिनों से लगातार सीवरेज ओवरफ्लो की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को पार्षद रेणु पवन नेहरू ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य की निगरानी की।

पार्षद ने निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर पहले उन स्थानों की पहचान करवाई जहाँ सीवरेज जाम था। इसके बाद मशीनरी की मदद से सीवरेज लाइन को प्रॉपर ढंग से खुलवाया गया और पूरे क्षेत्र में गंदगी की अच्छी तरह सफाई करवाई गई। स्थानीय लोगों के अनुसार कई जगहों पर सीवरेज का पानी सड़कों पर फैल रहा था, जिससे बदबू और आवागमन में दिक्कत उत्पन्न हो रही थी। पार्षद रेणु पवन नेहरू ने कहा कि वार्ड की किसी भी समस्या को नज़र अंदाज़ नहीं किया जाएगा और शिकायत मिलते ही उसका समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसे हालात न बनें, इसके लिए नियमित सफाई और चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

सफाई कार्य पूरा होने के बाद वार्ड वासियों ने प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों, पार्षद रेणु पवन नेहरू का धन्यवाद किया और कहा कि समय पर कार्रवाई से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

## होली मैरी स्कूल की पलविंदर कौर प्राइड ऑफ स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 4 दिसंबर।** होली मैरी स्कूल की पलविंदर कौर को फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स एंड एसोसिएशन्स (एफपीए) ने प्राइड ऑफ स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें स्कूल और बच्चों के प्रति उनके पक्के इरादे, लगन, ईमानदारी और समर्पण के लिए दिया गया है। एफपीए के प्रेसिडेंट जगजीत सिंह धुरी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, घंडुआ में नेशनल अवॉर्ड-2025 सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दो दिन की कॉन्फ्रेंस में राज्यसभा मेंबर और यूनिवर्सिटी चांसलर सतनाम सिंह संधू ने चीफ गेस्ट के तौर पर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अवॉर्ड पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अमरपाल सिंह ने बांटे। हर साल इस सेरेमनी में हाई-क्वालिटी एजुकेशन, स्पोर्ट्स और कल्चरल एक्टिविटी देने वाले एडमिनिस्ट्रेटर्स, फैकल्टी मेंबर्स और दूसरे कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है। जिसके तहत होली मैरी स्कूल की पलविंदर कौर को नॉन-टीचिंग में प्राइड ऑफ स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पलविंदर कौर पिछले 23 सालों से उक्त स्कूल में अकाउंटेंट के तौर पर काम कर रही है।

## विदेशी मूल की महिलाओं द्वारा सोसायटी में मचाया जा रहा हुड़दंग, लोगों ने की पुलिस शिकायत

**एएसपी जीरकपुर को दी लिखित शिकायत, पुलिस ने जल्द एक्शन लेने का दिया आश्वासन**

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 4 दिसंबर।** वीआईपी रोड़ पर स्थित वीआईपी एंकलेव 2 निवासियों द्वारा एएसपी जीरकपुर को सोसायटी में विदेशी महिलाओं द्वारा हुड़दंग मचाने के आरोप में लिखित शिकायत दी है। सोसायटी निवासियों ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया के उनकी सोसायटी में कुछ विदेशी महिलाएं व उनके साथी रहते हैं। जो उनकी सोसायटी में काफी हुड़दंग मचाते हैं। जिसे के बारे में हमने उनसे बात की तो वह बात नही मानते है,जबकि सोसायटी के लोगों ने प्रॉपर्टी मालिक से भी इसकी शिकायत की है। लेकिन उनके द्वारा भी महिलाओं के खिलाफ कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। जिसके चलते उन्हें मजबूरन पुलिस को शिकायत देनी पड़ रही है। सोसायटी निवासी सुशील कुमार, रवी सैनी, शकुंतला देवी, रानी थापर, सपना सिंगला, योग माया, कुसुम कुमार, प्रभा कुमारी, सुशील कुमार, अनीता कुमारी, कुलदीप सिंह, प्रिंस व अन्य ने बताया के उनकी सोसायटी में कुछ विदेशी मूल की महिलाएं रहती है। जो रात के समय उंची आवाज में बाते करती हुई चिल्लाती हैं, शोर मचाती है, देर रात तक आना जाना लगा रहता है और सोसायटी के गार्ड के साथ भी बदतमीजी की जाती है। इसके इलावा कोई भी व्यक्ति उनको समझाने की कोशिश करता है तो वह उसके साथ झगड़ने लगती है। यहीं नही वह महिलाएं अनैतिकता फैलाती है और उनके कपड़े इतने छोटे होते हैं के घरेलु महिलाओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है।उनके कारण उनकी सोसायटी का माहौल खराब हो रहा है और उनके पीछे पीछे कई गाड़ियों में लडके उनकी सोसायटी के चक्कर काटते हैं। जिस कारण उनकी सोसायटी की बहन बेटियों व महिलाओं का भी जीना दुषवार हो चूका है।

देर रात तक चिलाने व म्यूजिक बजाने के कारण स्कूली बच्चों, बजुर्गो व नौकरी पेशा लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जिस कारण पूरी सोसायटी के लोग परेशान है। जिसकी बारे में सोसायटी के लोग उन महिलाओं व उनके फ्लैट मालिक से भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन उनकी समस्या का कोई हल नही निकला है। जिसके चलते उन्हें मजबरून पुलिस को इसकी शिकायत करनी पड़ी है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी जीरकपुर गजलप्रीत कौर द्वारा शिकायत मार्क करते हुए जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए है।

## मेयर-डिप्टी मेयर का कार्यकाल अब 5 साल, विधानसभा में विपक्ष की गैर-मौजूदगी में विधेयक पारित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सभी नगर निगमों में अब मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल 5 वर्ष होगा। मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल बढ़ाने संबंधी नगर निगम संशोधन विधेयक को शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पारित करने के लिए रखा। विपक्ष की गैर-मौजूदगी में इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। नगर निगम कानून संशोधन से पहले सरकार इस संबंध में अध्यादेश लाई थी।

इस संशोधन विधेयक के पारित होने के बाद मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल बढ़ाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि अभी राज्यपाल से इसकी स्वीकृति मिलनी बाकी है। इससे पहले वर्तमान में नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल अढ़ाई वर्ष का था।

संशोधन विधेयक के प्रावधानों के अनुसार मेयर और डिप्टी मेयर की पदावधि उनके चुनाव की तारीख से 5 वर्ष की होगी। मेयर की ओर से अपने पद से त्यागपत्र देने की स्थिति में अथवा पद के किसी कारणवश खाली होने की स्थिति में डिप्टी मेयर इसका पदभार ग्रहण कर सकेगा। नए मेयर का निर्वाचन होने तक डिप्टी मेयर को यह दायित्व सौंपा जाएगा। मेयर पद के खाली होने पर 1 माह के भीतर उसी वर्ग से शेष अवधि के लिए नया मेयर चुना जाएगा।

# लॉटरी में कार निकली ईनाम...और शख्स को लग गया 28.06 लाख रुपए का चूना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला।** साइबर थाना नॉर्थ रेंज धर्मशाला के समक्ष जिला कांगड़ा के एक व्यक्ति ने उससे लॉटरी में कार निकलने के नाम पर ऑनलाइन शातिरों द्वारा 28,06,809 रुपए की ठगी करने की शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार इस पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया है कि उसने ऑनलाइन माध्यम से एक हर्वल उत्पाद मंगवाया था, जिसके बाद तीसरे दिन उसे एक फोन आया, जिसमें उसके नाम लॉटरी निकलने की बात कही गई। इस लॉटरी के ईनाम पर कार निकलने की बात बताई गई, साथ ही यह भी बताया कहा कि वह लॉटरी के तौर पर कार या पैसा भी ले सकता है।

इसके बाद लॉटरी प्राप्त करने के तौर पर उसे जीएसटी व हैल्पलाइन फंड देने की बात कही गई। प्रलोभन में आकर वह पैसा लुटाते रहा। उसके बाद उसने कुल 28,06,809 रुपए लुटा दिए, लेकिन जब उसे कुछ प्राप्त न होते हुए ठगी का अहसास हुआ तो उसने अपनी शिकायत साइबर थाना में दर्ज करवाई। इस संदर्भ में साइबर थाना नॉर्थ जोन के एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## इधर, सीनियर छात्रों पर रैगिंग और यौन उत्पीड़न का आरोप

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के सुजानपुर स्थित एक नामी स्कूल में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां 12वीं कक्षा के छह सीनियर छात्रों पर अपने जूनियर सहपाठी को लंबे समय से रैगिंग और शारीरिक प्रताड़ना देने का गंभीर आरोप लगा है। हद तो तब हो गई जब सीनियर छात्रों पर नाबालिग छात्र के साथ %गलत हरकतें% करने का भी इल्जाम लगा है। यह सनसनीखेज मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित छात्र ने आखिरकार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है।

चंबा के डलहौजी का रहने वाला पीड़ित जूनियर छात्र पिछले काफी समय से इस मानसिक और शारीरिक अत्याचार को झेल रहा था। उसने सुजानपुर पुलिस थाने में 12वीं कक्षा के छह छात्रों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में पीड़ित ने बताया है कि सीनियर छात्र उसकी नियमित तौर पर पिटाई करते थे और दो सीनियर छात्र तो उसके साथ अश्लील हरकतें भी करते थे। छात्र ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि उसने इस प्रताड़ना की शिकायत स्कूल के हाउस वार्डन से भी की थी, लेकिन उसकी बात को अनसुना कर दिया गया।



## राज्य खाद्य आयोग ने स्वास्थ्य एवं पोषण पर कार्यशाला आयोजित की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी. कत्याल की अध्यक्षता में शिमला में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में फ्रंटलाइन वर्कर्ज को पोषण, स्वास्थ्य संबंधी जीवनशैली और सरकार द्वारा इस क्षेत्र में चलाई जा रही प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

डॉ. कत्याल ने फ्रंटलाइन वर्कर्ज के प्रयासों की सराहना की और कार्यशाला में प्राप्त जानकारी को अपने दैनिक फील्ड कार्यों में लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार होगा।

राज्य खाद्य आयोग के सदस्य सचिव योगेश चौहान ने राज्य में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार के लिए विभागों के बीच प्रभावी समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान, फील्ड रिकॉर्ड बनाने और सामुदायिक पहुंच को मजबूत करने के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएम पोषण तथा आईजीएमसी शिमला के प्रतिनिधियों ने संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मध्याह्न भोजन मानकों और समुदाय स्तर की श्रेष्ठ प्रक्रियाओं पर उपयोगी जानकारी साझा की।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में समाज सेवा सप्ताह का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 4 दिसंबर।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर समाज सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चे अपनी स्वेच्छा से स्टेशनरी , उपयोग सामग्री, फल, बेकरी सामग्री ,कपड़े एकत्र किये । प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर कुमार शर्मा ने बताया कि हम चाहते हैं कि बच्चों में संवेदना बनी रहे समाज के हर वर्ग के लिए उनके दिल में प्यार और सम्मान की भावना उत्पन्न हो ताकि एक स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सके । शर्मा ने बताया आज नर्सरी एलकेजी यूकेजी प्रथम और द्वितीय कक्षा के बच्चों को सुंदर नगर के साकार संस्था द्वारा चलाये जा रहे विशेष छात्र स्कूल में भ्रमण करवाया गया। बच्चों ने वहां सभी के साथ बहुत प्यार से बात की और इस यात्रा का भरपुर आनंद उठाया। बच्चों ने, वहां ऐसी शिक्षा ग्रहण की जो शायद ही किताबों में मिले। प्रधानाचार्य ने बताया कि हम अभी और भी ऐसी संस्थाओं में जैसे वृद्धाश्रम अनाथ आश्रम वहां जरुरतमंद लोगों के घरों में जाकर जो कुछ सहायता बच्चों के द्वार हो सकती है वो करेंगे ।

आज स्कूल में एक और जागृति सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर नरेश ने रेबीज के बारे में बच्चों को सचेत किया यह कैसे होता है हम लोगों को क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।उन्हें बताया कि हमारे आस-पास जो जानवर होते हैं या हमारे घरों में जो हम पालते हैं उनके साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए, क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। डाक्टर नरेश ने विस्तृत जानकारी बच्चों को दी। प्रधानाचार्य चंदेश्वर कुमार शर्मा ने डॉक्टर नरेश का आभार प्रकट किया और इस अनमोल जानकारी के लिए आभार व्यक्त किया ।






## राजभवन में नागालैंड और असम के स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में नागालैंड और असम के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश में रहने वाले असम और नागालैंड के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत की वास्तविक ताकत इसकी एकता और विविधता में निहित है। विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों, परंपराओं और रीति-रिवाजों से एक-दूसरे के प्रति समझ और लगाव ब?ता है। इसी तरह, 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण से देश की एकता व अखंडता और सुदृ? होगी। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित थीं।

राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल आपसी संबंधों को मजबूत बनाते हैं, बल्कि देश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रयास सांस्कृतिक सद्भाव, पारस्परिक समझ और राज्यों के बीच विश्वसनीयता को ब?ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि यह अवसर हमारे महान राष्ट्र की एकता का प्रतीक है, जहां विविधता हमारी शक्ति है और संस्कृति हमारी पहचान है।

राज्यपाल ने असम और नागालैंड के लोगों को हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया।

## एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-दो द्वारा चार नई श्रम संहिताओं पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 4 दिसबर।** भारत सरकार द्वारा चारों श्रम संहिताओं को लागू किए जाने की अधिसूचना जारी किए जाने के उपरांत, एनएचपीसी पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण- दो के मनिकरण और बरशैणी स्थित डैम साइट, पावर हाउस परिसर सैंज तथा प्रशासनिक कार्यालय परिसर नगवाई में कार्यरत अनुबंधित श्रमिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में अभी तक 5 जागरूकता सत्र आयोजित किए जा चुके है। इन सत्रों का उद्देश्य श्रमिकों को नई श्रम संहिताओं के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराना तथा यह समझाना है कि ये बदलाव कार्यस्थल के बेहतर प्रथाओं, पारदर्शिता, सुविधा तथा सुरक्षा को कैसे मजबूत करेंगे।कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को चारों श्रम संहिताओं - मजदूरी संहिता,औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहित तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता के प्रमुख प्रावधान विस्तार से समझाए गए। मनिकरण तथा बरशैणी में आयोजित किए गए सत्रों में परियोजना के उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अरविंद कौशिक ने श्रमिकों के लिए मिलने वाले कई लाभों पर विशेष प्रकाश डाला, जिनमें सरल अनुपालन प्रक्रियाएँ, समय पर वेतन भुगतान, सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा उपाय तथा कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा मानक शामिल थे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि नई श्रम संहिताएँ श्रमिकों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ एक अधिक दक्ष और व्यवसाय-अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। इस अवसर पर श्री राजीव अनुज शर्मा, महाप्रबंधक (सिविल) बांध परिसर भी उपस्थित रहे तथा उन्होनें संविदा कार्मिकों से इन श्रम संहिताओं के बारे में अन्य श्रमिकों से भी जानकारी साझा करने की अपील की।

### न्यूज़ ब्रीफ

#### नशे से बचाव को निकाली जागरूकता रैली



**सोलन (यशपाल कपूर)।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत स्कूली बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है ।इसी अभियान के तहत नन्हे स्कूली बच्चे जुड़ रहे हैं संख्या भले ही कम हो परंतु जज्बा बड़ा है। डिवाइन पब्लिक स्कूल जाबली के बच्चों द्वारा अपने टीचर सपना व संदेश के नेतृत्व में जाबली बाजार में नशा मुक्ति, तंबाकू छोड़ें अभियान में पोस्टर ,बैनरों के साथ एक रैली निकाली। जिसमें तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया ।जाबली क्षेत्र के लोगों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की है।

#### उपायुक्त ने किया मनाली रोहतांग मार्ग का निरीक्षण



**कुल्लू 4 दिसबर।** उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने आज मनाली - रोहतांग सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम मनाली रमन शर्मा भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने जानकारी दी कि फ़िलिहाल साफ़ मौसम की स्थिति में वाहनों का आवाजाही आगामी दस दिसम्बर तक प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक बहाल रहेगी। प्रात नौ बजे के बाद वाहन रोहतांग की ओर जायेंगे तथा सांय 3 बजे से पूर्व वापिस आना होगा।

## चरस व ड्रग्ज माफिया को किसी भी सूरत में नहीं बख्शेंगे : एसपी मदन लाल कौशल

कहा–एक माह में 17 किलो 400 ग्राम चरस की बरामद

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 4 दिसबर।** एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने कहा है कि चरस व ड्रग्ज माफिया को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा।

उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी हो कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो जो इस धंधे में संलिप्त है उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाएगा। वे यहां एसपी कार्यालय कुल्लू में पदभार संभालने के बाद पहली बार पत्रकारों से रु व रु हो रहे थे। उन्होंने कहा कि एक माह के कार्यकाल में कुल्लू पुलिस ने 17 किलो 400 ग्राम चरस बरामद की है जबकि 71 ग्राम से अधिक चिट्टा बरामद किया गया है।

उन्होंने कहा कि आज मणिकर्ण पुलिस ने चरस की ब?ी खेप पक? कर नशे पर नकेल कसी है। उन्होंने मणिकर्ण पुलिस थाना प्रभारी व उनकी टीम को बधाई दी है और उम्मीद की है कि इसी तरह वे कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे क्रिसमस व नव वर्ष आने बाले हैं जिसमें देशभर के पर्यटक कुल्लू, मनाली व लाहुल-स्पीति घूमने आते हैं,पर्यटकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे के ऊपर जीरो टोलरेंसि की पॉलिसी वर्करार रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए स्कूल-कॉलेजों को साथ लेकर जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस अभियान में जो?ा है ताकि युवा पी?ी को नशे की गिरफ्त से दूर किया जाए और नशे को ज? से खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिला कुल्लू को पूर्णतया नशा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक नशे को खत्म करने के लिए हमारा खुफिया तंत्र पूरी तरह से मुस्तेद है और हम सब मिलकर इस पर काम कर रहे हैं।

## चमन शर्मा व डॉ. प्रियका भारद्वाज को मिला सम्मान

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के आईक्यूएसी प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय के दो प्राध्यापकों डॉ. चमन शर्मा तथा डॉ. प्रियका भारद्वाज को हाल ही में प्राप्त महत्वपूर्ण सम्मानों के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बताया गया कि डॉ. चमन शर्मा को ललित कला अकादमी, शिमला केंद्र द्वारा आयोजित सेवा पर्व थीम पर उनकी उत्कृष्ट कृतियों के लिए 30 नवम्बर 2025 को सम्मान प्रदान किया गया था। इसी प्रकार, डॉ. प्रियांका भारद्वाज को हिंदी अकादमी, मुंबई द्वारा प्रदान किए गए ÷शिक्षा भूषण सम्मान÷ के लिए 25 अक्टूबर 2025 को सम्मानित किया गया था। आज महाविद्यालय ने उन्हें इस उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया।

प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली तथा महाविद्यालय के सभी अध्यापकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने दोनों प्राध्यापकों को उनके उत्कृष्ट कार्य तथा प्राप्त सम्मानों के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## 5 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ति बाधित


**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 05 दिसम्बर, 2025 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी।

राहुल वर्मा ने कहा कि 05 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 09.30 बजे से सांय 05.30 बजे तक आयकर कार्यालय, बी.एस.एन.एल. कॉलोनी, शिव मंदिर के समीप न्यू कथे? एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रातः 09.30 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक तथा सांय 04.30 बजे से सांय 05.30 बजे तक सूर्य विहार, खुंडीधार, साई मंदिर, क्काग?ी, शयोथल, मैरेडियन, डमरोग, धरांजटी, बडखोर, चिल्ला, बग्गर, आंजी, बलाणा एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# प्रदेश में सुक्खू सरकार को उखाड़ फेंकने के लग रहे नारे : जयराम

## नेता प्रतिपक्ष ने भारतीय जनता पार्टी की रैली को किया संबोधित, बोले-अपनी तीन योजना का नाम नहीं बता सकते

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**धर्मशाला।** सुक्खू सरकार की नाकामियों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि तीन साल के कार्यकाल में इस सरकार के पास बताने के लिए एक भी योजना नहीं हैं। जनता । तो दूर की बात है कांग्रेस के विधायकों को भी किसी योजना का नाम याद नहीं है। क्योंकि एक भी योजना चलाई नहीं है तो नाम कहां से बताएंगे? इस नाकाम। सरकार न हमारी सरकार द्वारा चलाई गई दर्जनों योजनाएं बंद कर दी हैं। आज कांग्रेस के विधायक प्रदेश के लोगों से नजरें नहीं मिला पाते हैं, उनके फोन नहीं उठा सकते हैं। क्योंकि प्रदेश के लोग कहते हैं कि अपनी योजना नहीं चलानी तो मत चलाओ लेकिन पुरानी तो बंद मत करो। हिमकेयर से इलाज तो होने दो,शगुन और कन्यादान से हमारी बेटियों का विवाह तो होने दो। गृहणी सुविधा के हमारे सिलेंडर न छीनो, स्वावलंबन का स्वरोजगार न छीनो। सहारा योजना छीनकर बेसहारा मत करो। नए स्कूल कॉलेज नहीं देना तो मत दो लेकिन पुराने दो हजार से ज्यादा संस्थान हमसे न छीनों। प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार है जिससे लोग नया कुछ मांग ही नहीं रहे हैं बल्की पुरानी सुविधाएं न बंद करने का ही निवेदन कर रहे हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही हिमाचल के हितों को बेचने के मिशन पर काम कर रही है। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का परिसर आज तक क्यों नहीं बना? केंद्र सरकार द्वारा पैसा दिए जाने के बाद पूर्व सरकार द्वारा जमीन की क्लीयरेंस की कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद भी सरकार 30 करोड रुपए क्यों नहीं जमा कर रही है? पालमपुर यूनिवर्सिटी के 112 बीघा से ज्यादा जमीन मुख्यमंत्री ने किस अधिकार के तहत अपने मित्रों को बेची थी। अरे यूनिवर्सिटी में ज्यादा जमीन थी तो वहां कुछ रिसर्च का काम हो सकता था शैक्षणिक गतिविधियां हो सकती थी लेकिन जो मिला उसे बेच दो या मित्रों में बांट दो की नीति से सुक्खू सरकार प्रदेश बहुत नुकसान कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब भी हम प्रदेश के किसी भी कोने में जाते हैं तो हर जगह प्रदेश के लोगों में एक हताशा और निराश दिखाई देती है। विधानसभा सत्र के दौरान जितने भी मैदान हैं, हर जगह किसी ने किसी प्रकार के प्रदर्शन सरकार के खिलाफ चल रहे हैं। प्रदेश का हर वर्ग सरकार को उखाड़ फेंकने को आतुर है। प्रदेश के कोने-कोने में सुक्खू सरकार को उखाड़ फेंकने के नारे लग रहे हैं। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राजधानी में दिव्यांग जनों के साथ बर्बरता की गई। धर्मशाला में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बर्बरता की गई। बेटियों को भी मारा गया। प्रदर्शन की परमिशन देने के बाद भी परमिशन न देने की बात सरकार द्वारा की गई इस शर्मनाक कुछ नहीं सकता है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री पहले दिन से ही अपने सनातन विरोधी रवैए पर कायम हैं। अपने पहले बयान में भी उन्होंने 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराने की बात की थी। उसके बाद से यह सिलसिला लगातार जारी है। पूरी कांग्रेस पार्टी सनातन विरोधी है और अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करके कुर्सी पर बने रहने के लिए ही सुखविंदर सिंह सुक्खू सनातन विरोधी बयान दे रहे हैं।

### सुक्खू सरकार से हर प्रदेशवासी दुःखी

जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरा प्रदेश सरकार से दुखी है। 3 साल के कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों पर टॉयलेट टैक्स से लेकर, बिजली पानी और अंतिम संस्कार में इस्तेमाल होने वाली लकड़ी पर कर ही कर लादे हैं। । प्रदेश वासियों को पहले से मिल रही है सुविधा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि की है। प्रदेश सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है और मित्रों को लाभ पर लाभ दे रही है। सरकार का पूरा फोकस मुख्यमंत्री के कुछ चुने मित्रों और कांग्रेस के नेताओं पर है बाकी प्रदेशवासियों के मरने जीने से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। तभी तो सरकार ने निर्लज्जता की पराकाष्ठा को पार करते हुए उसी जगह पर अपने 3 साल के नाकामी भरे कार्यकाल का जस मनाने का फैसला किया है जहां पर दर्जनों जिंदगियां अभी भी मलबे में दफन है।

## डीसी जतिन लाल ने सुनीं एकल नारी शक्ति संगठन की समस्याएं

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** एकल नारी शक्ति संगठन से संबंधित जनसुनवाई बैठक वीरवार को बचत भवन ऊना में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की। बैठक में हरोली, अंब, गगरेट और ऊना ब्लॉक की महिलाएं उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने एकल नारी शक्ति संगठन से जु?ी महिलाओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ग़रीब बच्चों के लिए उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कोचिंग सुविधा ज़िला प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही है, ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उनका भविष्य सुरक्षित एवं सुदृढ़ हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य एकल नारियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

उपायुक्त ने सभी उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनके हितों की रक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं का तेज़, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर एकल नारी संगठन से जुड़ी रजनी, सोनिका, नीलम और मीना सहित अन्य उपस्थित रहीं।

# महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक ने युवाओं के साथ किया बड़ा धोखा सख्त कार्रवाई होनी चाहिए : दुष्यंत चौटाला

## 7 दिसंबर को जुलाना में अपने 8वें स्थापना दिवस पर होने वाली रैली को लेकर तैयारियों में जुटी जजपा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 4 दिसंबर।** जननायक जनता पार्टी ने 7 दिसंबर को जुलाना में अपने 8वें स्थापना दिवस पर होने वाली रैली को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने वीरवार को रोहतक जिले के हल्कों में जाकर सम्मानित ग्राम वासियों से जनसंपर्क किया और उन्हें स्थापना दिवस रैली में शामिल होने का सादर निमंत्रण दिया। उन्होंने बुजुर्गों, माताओं और बहनों से आशीर्वाद भी लिया।

इस दौरान दुष्यंत चौटाला कई सामाजिक कार्यक्रमों और नुक्कड़ सभाओं में भी शामिल हुए। उनके साथ रोहतक जिला प्रभारी हरज्ञान मोखरा और जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ. संदीप हुड्डा भी मौजूद रहे। रोहतक जिला प्रभारी हरज्ञान मौखरा एवं जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का रोहतक जिले में पहुंचने पर स्वागत किया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि स्थापना दिवस पार्टी की पहचान और मजबूती का प्रतीक है, इसलिए इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने जिला और हल्का स्तर के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़ें और उन्हें 7 दिसंबर को होने वाली रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीण वासियों सहित सभी कार्यकर्ताओं को इस महत्वपूर्ण रैली में शामिल होने का खुले दिल से निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि जुलाना में होने वाला यह समारोह जननायक जनता पार्टी की ताकत और एकजुटता का स्पष्ट संदेश पूरे प्रदेश में फैलाएगा, जिससे पार्टी और भी मजबूत एवं प्रभावशाली बनेगी।

अनेक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा प्रदेश में 6900 के आस पास महिलाओं की विधवा पेंशन काट दी गई 37000 बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन काट ?200 बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने का झूठा वादा कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। आज प्रदेश में अफसर शाही इस कदर हावी है कि छोटे-छोटे कामों के लिए आम जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान और जवान दोनों की दुर्गति हो रही है। आज किसान मंडियों में अपनी फसल की बिक्री को लेकर बेहद परेशान हैं क्योंकि उन्हें अपने उत्पाद का उचित समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा है। बाढ़ प्रभावित किसानों को अब तक सरकार की ओर से उचित मुआवजा भी नहीं दिया गया है।

## आर्य पीजी कॉलेज में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का आयोजन

**पानीपत 4 दिसम्बर (सुभाष जैन)।** आर्य पीजी कॉलेज में गुरुवार को महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के लिए शपथ लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा समाज में इसके खिलाफ जन-जागृति को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता ने महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डॉ. मीनल तालस और उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) जगदीश गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह एक गम्भीर सामाजिक चुनौती है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।



## एडीसी कार्यालय के दो कर्मचारियों से पूछताछ कर सकती है ईडी, दो दिन के रिमांड पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** एडीसी कार्यालय में तैनात दो कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षरों से लाखों रुपए ट्रांसफर किए जाने का मामला तूल पकड़ गया है। जिसमें अब प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग दोनों से पूछताछ कर सकते हैं। आरोपी दिनेश और गगनदीप गोयल को पुलिस ने जिला अदालत में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है। पंचकूला जिला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत लाखों रुपए की हेरा फेरी का बड़ा मामला सामने आया था। जिसके बाद अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय की शिकायत पर कार्यालय में ही काम करने वाले दो कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने अकाउंट ऑफिसर संजय कुमार की शिकायत पर दो लोगों दिनेश और गगनदीप गोयल जो अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत थे। आरोपियों के द्वारा करीब 20 लाख एक निजी फॉर्म में ट्रांसफर किया था। और उसके बाद आरोपी कर्मचारियों ने अपने बैंक खाते में 5 लाख ट्रांसफर किए थे। अब पुलिस उक्त कर्मचारी और फॉर्म के संचालक दोनों से पूछताछ की। साथ ही फर्जी बड़े में उनके अलावा और कौन-कौन लोग जुड़े हैं इसकी भी पुलिस जांच कर रही है।

## सरकारी गाड़ी में सवार होकर रेड पर गई टीम सड़क हादसे में 4 मुलाजिम जख्मी

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस के डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल की टीम के 4 पुलिस कर्मी सड़क हादसे में जख्मी हो गए। मामले की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचाया।वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी क्रेटा गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पता चला कि सेक्टर 24 स्थित डिस्ट्रिक्ट क्राइम सैल के सब इंस्पेक्टर राम दिया बुधवार रात को अपने 4 अन्य पुलिस कर्मियों के साथ सरकारी गाड़ी में सवार होकर पंजाब के जिला लुधियाना में रेड पर गए थे।इसी दौरान जब पुलिस की टीम लुधियाना के पास पहुंची तो एक तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी चालक ने उनकी सरकारी गाड़ी में जोर दार टक्कर मारी।

## चंडीगढ़ के मुद्दे पर जल्द बुलाया जाएं विशेष सत्र : हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**गुरुग्राम, 4 दिसंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने मांग उठाई है कि चंडीगढ़ के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को जल्द से जल्द विधानसभा का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। क्योंकि चंडीगढ़ और एसवाईएल को लेकर स्पष्ट है कि भाजपा सरकार हरियाणा के हकों की रक्षा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। यह सरकार न तो नई विधानसभा के लिए जमीन ले पा रही है और न ही एसवाईएल का पानी। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद भाजपा हरियाणा को उसका हक का पानी नहीं दिला पाई है। चंडीगढ़ को लेकर भी भाजपा की नीति ढुलमुल है। खुद केंद्र सरकार स्पष्ट नहीं कर पा रही कि दोनों राज्यों की साझा राजधानी रहेगी या पूरी तरह केंद्र शासित प्रदेश बन जाएगा। इन तमाम मुद्दों पर विधानसभा के भीतर चर्चा होनी चाहिए। साथ ही बास्केटबाल खिलाड़ियों की मौत पर भी सदन के भीतर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। स्टेडियमों की जर्जर हालत की वजह से दो होनहार खिलाड़ियों की जान जा चुकी है। कांग्रेस सरकार के समय खेलों के लिए जो विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया था, उसका रख-रखाव तक भाजपा सरकार ने नहीं किया। हुड्डा यहां पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की रैली को लेकर तैयारियां जोरो है। पार्टी के तमाम बड़े नेता रैली में पहुंचेंगे और वोट चोरी के मुद्दे पर अपनी बात जनता के सामने रखेंगे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने वोटो की गणना में धांधली करके सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने इस बात के बाकायदा सबूत पेश किए हैं। इस बात का गवाह पूरा हरियाणा है कि कैसे वोटिंग के बाद हर दिन वोट की प्रतिशत बढ़ती रही। हुड्डा ने कहा कि 5 अक्टूबर 2024 को वोटिंग के बाद चुनाव आयोग ने बताया था कि हरियाणा में कुल 61.19 प्रतिशत मतदान हुआ है। 6 तारीख को इसे बढ़ाकर 65.65 प्रतिशत कर दिया गया और 7 तारीख को फिर से इसमें बदलाव करके वोटिंग प्रतिशत को 65.9त्न बताया गया।

## बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए शपथ समारोह आयोजित

बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे हैं कड़े कदम

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 4 दिसंबर।** अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ पर स्कूलों, संस्थानों और ग्रामीण समुदायों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और पूरे जिले में शपथ समारोह संपन्न करवाए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने समुदायों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि बाल विवाह में शामिल होने वाले किसी भी सेवा प्रदाता—जैसे कैटरर, मेहमान, टेंट प्रदाता, या विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक व्यक्ति—को दंडित किया जा सकता है। बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई और बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ दिलाई गई।

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि ये 100 दिन का गहन अभियान इस देश की दिशा बदलने और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण के करीब लाने की शक्ति रखते हैं। प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और समुदायों का यह अभूतपूर्व समन्वय बाल विवाह समाप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता में एक गेम चेंजर है। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प के साथ हम अपने जिले को एक वर्ष के भीतर बाल विवाह मुक्त बना देंगे और अब कोई भी परदा इस अपराध को छुपा नहीं सकता। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि 100 दिनों का यह गहन जागरूकता अभियान तीन चरणों में आगे बढ़ाया जाएगा और इसका समापन 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। कार्यक्रम का पहला चरण (1-31 दिसंबर) स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर केंद्रित रहेगा। दूसरा चरण (1-31 जनवरी, 2026) धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा तथा विवाह से जुड़े सेवा प्रदाताओं जैसे वेडिंग हॉल, बैंड पार्टी और टेंट हाउस पर ध्यान केंद्रित करेगा। तीसरा चरण 8 मार्च, 2026 तक ग्राम पंचायतों और नगर पालिका वार्डों में समुदाय-आधारित सहभागिता और स्वामित्व को मजबूत करने पर आधारित होगा।

इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीएसपी जगदीश काजला, डीडीपीओ अनूप सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दिवंगत पत्रकार शशिकांत चौहान के निवास पहुंच शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**रोहतक, 4 दिसंबर।** संजय राठी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. देहराज एवं पत्रकार श्री सुखरामपाल के साथ दिवंगत पत्रकार शशिकांत चौहान के निवास स्थान ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोहतक पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।इस दौरान संजय राठी ने स्वर्गीय शशिकांत चौहान की पत्नी श्रीमती सुनीता चौहान एवं उनकी दो बेटियों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। परिजनों ने भावुक शब्दों में बताया कि शशिकांत चौहान पिछले 21 वर्षों से हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र में सब-एडिटर के पद पर सेवाएं दे रहे थे और वही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। अचानक आई इस त्रासदी के बाद परिवार पूरी तरह से आर्थिक संकट में फंस गया है। दोनों बेटियां अभी छात्रा हैं और उनकी पढ़ाई भी इसी आय पर निर्भर थी। परिवार ने यह भी बताया कि स्वर्गीय शशिकांत चौहान कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार पी.जी.आई. रोहतक में चल रहा था।

दुर्भाग्यवश 12 अक्टूबर 2025 को उपचार के दौरान उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके असमय निधन से न सिर्फ परिवार, बल्कि संपूर्ण पत्रकार जगत में शोक की लहर है। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता चौहान ने संजय राठी को परिवार की आर्थिक स्थिति से अवगत कराते हुए सहायता हेतु एक लिखित प्रार्थना-पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि घर में आय का कोई अन्य साधन नहीं है और बच्चों की पढ़ाई तथा दैनिक आवश्यकताओं का संकट गहराता जा रहा है।

संजय राठी ने परिवार को हर संभव सहायता और पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि स्वर्गीय शशिकांत चौहान एक ईमानदार, निष्ठावान और संघर्षशील पत्रकार थे, जिन्होंने वर्षों तक निर्भीक होकर पत्रकारिता की। ऐसे कर्मठ पत्रकार के परिवार को इस कठिन घड़ी में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

## बच्चों को साइबर सुरक्षा और नशा-मुक्ति के प्रति जागरूक किया

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 04 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में और साइबर अपराध तथा नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत थाना साइबर फतेहाबाद लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है।

थाना साइबर फतेहाबाद के महिला सहायक उपनिरीक्षक सुनीता रानी ने बताया कि पुलिस टीम ने बोधिधर्मा स्पोर्ट्स अकैडमी, फतेहाबाद में बच्चों को साइबर क्राइम से सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षा, ओटीपी ठगी, साइबर बुलिंग जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। बच्चों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से उपयोग करने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने का महत्व भी समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होने तथा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 65 बच्चे उपस्थित रहे और सभी ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। महिला सहायक उपनिरीक्षक ने बताया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि बच्चों और युवाओं में साइबर सुरक्षा और नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता और अधिक मजबूत की जा सके।

## शिरडी से साईं बाबा की पादुकाएं श्री साईं धाम, सेक्टर-29 में आज पधारेंगी

6 दिसंबर को पूरे दिन भक्तों के दर्शनार्थ चरण पादुकाएं मंदिर परिसर में स्थापित की जाएगी

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़।** हर वर्ष 6 दिसम्बर को सेक्टर 29 स्थित श्री साई धाम में बाबा का स्वरूप स्थापना समारोह धूमधाम से आयोजित किया जाता है परन्तु इस वर्ष का आयोजन बेहद खास होने जा रहा है क्योंकि इस बार साई बाबा के परम धाम शिरडी से साईं बाबा की चरण पादुकाएं चण्डीगढ़ पधार रही हैं। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रमेश कालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों श्री साईबाबा संस्थान विश्वस्तव्यवस्था ट्रस्ट, शिरडी के सीईओ गोरक्ष गाडिलकर (आईएएस) चण्डीगढ़ स्थित साईं मंदिर में बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंचे थे तो उस समय उन्होंने घोषणा की थी कि आगामी 6 दिसंबर को चण्डीगढ़ स्थित श्री साई धाम में आयोजित किए जाने वाले वार्षिक मूर्ति स्थापना दिवस समारोह पर शिर्डी से साई बाबा पादुका को सभी भक्तों के दर्शन के लिए साई मंदिर चंडीगढ़ भेजा जाएगा।

रमेश कालिया ने बताया कि 5 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे बाबा की पादुकाएं चण्डीगढ़ पहुंचने पर सेंट्रा मॉल लाइट पॉइंट के पास चरण पादुकाओं का स्वागत किया जाएगा व गाजे बाजे एवं धूमधाम से मंदिर परिसर में लाया जाएगा। तत्पश्चात सांय 5 बजे चरण पादुकाओं की शोभा यात्रा मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में निकाली जाएगी। अगले दिन 6 दिसंबर को बाबा के 30वें स्वरूप स्थापना दिवस पर पूरे दिन चरण पादुकाएं भक्तों के दर्शनार्थ मंदिर परिसर में स्थापित की जाएंगी।

इस दौरान अनेक सुप्रसिद्ध गायक गायिकाओं द्वारा पूरे दिन भजन गायन करके बाबा का गुणगान किया जाएगा। इनमें सबसे पहले नूरां सिस्टर्स से सुल्ताना नूरां दोपहर 12.30 बजे भजन गायन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। बाद में पद्मश्री हंसराज हंस व मास्टर सलीम के साथ साथ कई अन्य जाने माने भजन गायक भी मंच संभालेंगे। इस बीच दोपहर 3 बजे से श्री सुंदर कांड पाठ भी रखा गया है।

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल जीटीयू के दौरे पर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद (हरियाणा) के नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कुलगुरु प्रो. राजीव कुमार एवं कुलसचिव प्रो. अजय रँगा के नेतृत्व में आज से गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (जीटीयू), अहमदाबाद का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल जीटीयू के दो दिवसीय शैक्षणिक दौरे पर है।

प्रतिनिधिमंडल का विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर जीटीयू कुलपति प्रो. राजुल के. गज्जर, कुलसचिव डॉ. के.एन. खेर तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने हार्दिक स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में संस्थानों के डीन प्रो. मुनीश वशिष्ठ, शैक्षणिक मामलों के डीन प्रो. अतुल मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार सिंह, कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के प्राचार्य प्रो. संजीव गोयल, निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. मनीषा गर्ग, ,सहायक कुलसचिव (स्टोर एवं क्रय) विशाल कुमार तथा जनसंपर्क अधिकारी श्री जितेंद्र सिंह यादव शामिल रहे।

दोनों विश्वविद्यालयों के अधिकारियों की बैठक में जीटीयू के डिजिटल शासन, नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल जीटीयू के 500 से अधिक संबद्ध कॉलेजों में ऑनलाइन संबद्धता, नामांकन, परीक्षा, परिणाम प्रसंस्करण, डिजिटल डिग्री प्रदान करने तथा पूर्णतः पेपरलेस प्रशासनिक व्यवस्था से प्रतिनिधिमंडल अत्यधिक प्रभावित हुआ।

पौधारोपण | बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में बायोडायवर्सिटी क्लब ने आयोजित किया विशाल पौधारोपण अभियान

## 'एक–एक पेड़ हमारी पीढ़ियों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा'

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 4 दिसंबर।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के बायोडायवर्सिटी क्लब ने आज विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में पर्यावरण संरक्षण की भावना जागृत करना तथा आसपास की वनस्पतियों को बचाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. बी एम यादव तथा रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से पौधा रोपकर किया। इस अवसर पर कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वनस्पतियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से बोधि वृक्ष (पीपल) के धार्मिक, औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि एक-एक पेड़ हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन रक्षक साबित हो सकता है। रजिस्ट्रार ने बच्चों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा क पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर हम आज पेड़ नहीं लगाएंगे तो कल हमारे बच्चों के पास साफ हवा भी नहीं बचेगी। कार्यक्रम में बायोडायवर्सिटी क्लब के सभी सक्रिय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया तथा नवरोपित पौधों की देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्वीकार की। विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे परिसर में रोपे गए।

अंत में फैकल्टी ऑफ साइंसेज के डीन डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।यह सराहनीय कार्यक्रम बायोडायवर्सिटी क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. कृपाराम तथा डिपार्टमेंट ऑफ बॉटनी की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा कुमारी के अथक प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आईएमटी में इंडस्ट्रियल एक्सपो 2025 एनसीआर की कंपनियों का महाकुंभ कल से

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** आईएमटी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से 6 दिसंबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय आईएमटी इंडस्ट्रियल एक्सपो 2025 को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। करीब एक किलोमीटर दायरे में सुंदर पांडाल सजाया गया है, जहां दिल्ली एनसीआर की सैकडों कंपनियों के उच्चतम तकनीकी उत्पादों के प्रदर्शन के लिए एक अनूठा अवसर मिलेगा। इस बार इस एक्सपो में अमेरिका, जापान समेत कई देशों की कंपनियां भी भाग ले रही है।

आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद राणा ने बताया कि आईएमटी में लगाए जाने वाले इस इंडस्ट्रियल एक्सपो को लेकर उद्योग जगत में अच्छा खासा उत्साह है। इसके चलते इस बार 250 से अधिक कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर उत्पादित सामान की प्रदर्शनी लगाएंगी। इस बार एक्सपो से उद्योगों को अच्छा कारोबार मिलने की उम्मीद है। आईएमटी में लगभग 350 से 400 छोटी-बड़ी ईकाइयाँ स्थित हैं, यहां उद्योग की विविधता का अद्भुत प्रदर्शन किया जाएगा। इस एक्सपो का उद्घाटन 6 दिसंबर को विक्टोरिया ग्रुप के एमडी एचएस बांगा व रेमको स्टील के मालिक प्रवेश मित्तल द्वारा किया जाएगा। चार दिवसीय एक्सपो के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह समेत विभागों के मंत्री व विधायक शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे। इससे जहां रोजगार व व्यापार को बढावा मिलेगा, वहीं सरकार और उद्योगपतियों के बीच योजनाओं का आदान प्रदान होगा।

# राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए तो वह अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

जब भी हम संकट में होते हैं तो महापुरुषों के शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी (से.नि.) ने किया महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ

महंत दिग्विजयनाथ महाराज ने 1932 में गोरखपुर में की थी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापनाः गोरक्षपीठाधीश्वर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोरखपुरः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर स्वदेश, स्वधर्म व राष्ट्रीय स्वाभिमान का जिक्र किया और कहा कि जब भी हम संकट में होते है तो कोई राष्ट्रीय चुनौती होती है तो महापुरुषों के चित्र, उनके शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते हैं। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, गुरु गोविंद सिंह, रानी लक्ष्मीबाई समेत सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान देने वाले भारत मां के बहादुर जवान देश के लिए प्रेरणा हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्र की पहचान वहां की संस्कृति, परंपराएं और महापुरुष होते हैं, यह एक-दूसरे से जुड़े हैं। राष्ट्र की संस्कृति समाप्त हो जाए, तो राष्ट्र अपनी एकात्मता व पहचान को खो देता है। संस्कृति उन राष्ट्रीय मूल्यों से बनती है, जिन्हें समय-समय पर अलग-अलग युगांतकारी घटनाओं ने संबल और शक्ति दी। जिन्हें विभिन्न पर्वों के माध्यम से पूरा भारत बिना भेदभाव के आत्मसात करता है। पर्व में मतभेदों को समाप्त करके हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी हम संकट में होते हैं तो महापुरुषों के शौर्य व पराक्रम नई ऊर्जा देते है। महंत दिग्विजयनाथ महाराज द्वारा 1932 में गोरखपुर में स्थपित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट योगेंद्र डिमरी (से.नि.) ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने वाले स्मृतिशेष पूज्य. यूपी सिंह व अन्य दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी।

**यह आत्ममंथन का अवसर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अगले छह वर्ष के अंदर होने वाले शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम के साथ बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षा परिषद व संस्थाओं के सामने 100 वर्षों की इस यात्रा के आत्ममंथन का अवसर है। यह समारोह इस पर आत्मावलोकन का अवसर प्रस्तुत कर रहा है कि छात्र के सर्वांगीण विकास, समाज व राष्ट्र के प्रति हमने अपनी भूमिका का निर्वहन किस रूप में किया है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापकों ने जो विराट लक्ष्य रखा है, वह समाज व राष्ट्र के प्रति हमारी सेवाएं-कर्तव्य के समय-समय पर मूल्यांकन का भी है। हमारे संस्थापकों ने छात्र-छात्राओं के सामने महाराणा प्रताप के रूप में आदर्श रखा।

**शिक्षा के विजन के साथ ही स्वास्थ्य, कृषि आदि पर जोर दे रहा परिषद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण, अपनी संकल्पना और भावना को बढ़ाने के लिए संस्थापकों ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की। परिषद शिक्षा के विजन के साथ ही स्वास्थ्य, कृषि, महाराणा प्रताप इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, महाराणा प्रताप पॉलीटेक्निक आदि के जरिए तकनीक पर जोर दे रहा है तो वहीं महिलाओं की शिक्षा, अन्नदाता किसानों के प्रशिक्षण के लिए महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र या अन्न संस्थाएं दूरदराज के क्षेत्रों में नए प्रयास को बढ़ाने के साथ ही कार्य कर रही है।

**संस्थापक समारोह का उद्देश्य- हम कर्तव्य व तैयारियों का कर सकें आत्मावलोकन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संस्थापक समारोह का उद्देश्य है कि हम संस्थापकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कर्तव्यों व तैयारियों का आत्मावलोकन कर सकें कि आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें खुद को कैसे तैयार करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भावी भारत के निर्माण में अपने उत्तरदायित्वों को भी बखूबी समझना होगा। संस्थाएं जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रतिवर्ष नयापन करने का प्रयास कर रही हैं।

**शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थाओं को बनना ही होगा मॉडल स्टडी का माध्यम**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज द्वारा शोध पत्रिका 'दिग्विजय' और महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज द्वारा 'मिशन मंझरिया' के विमोचन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक ओर शिक्षित बेरोजगारों की फौज खड़ी होती है तो दूसरी तरफ निरक्षरता की लंबी खाई दिखाई पड़ती है। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज को इसमें योजक की भूमिका में दिखाई दिया है। यहां के शिक्षा संकाय के छात्रों द्वारा गांव को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लक्ष्य को बढ़ाने की दिशा में गोद लिया गया।

# अब 2027 में पंजाब में भारी बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार-कमलजीत चावला



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ । एक प्रेसवार्ता में सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब की हालत बहुत खराब कर दी है और जो पंजाब कभी स्वर्ग था । उसे अब नर्क से भी बदतर बना दिया गया है। सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने कहा कि 2027 में होने वाले चुनावों में पंजाब में भारी बहुमत से पंजाब में कांग्रेस की ही सरकार बनने जा रही है। सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पंजाब को फिर से सोने की चिड़िया बनाया जाएगा और यहां कानून व्यवस्था की स्थिति स्थापित की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर जोर दिया जायेगा । सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने कहा कि किसी भी पार्टी के लिए संगठन का मजबूत होना जरूरी है और इसके लिए क्षेत्र की आम जनता और कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद फैसला लिया गया है कि पार्टी को हम जमीनी स्तर से मजबूत कैसे करेंगे । सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने बताया कि इसकी शुरुआत कांग्रेस के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें संगठन को और प्रभावी बनाने पर चर्चा होगी। संगठन में केवल पार्टी के लिये काम करने वाले लोगों को ही स्थान मिलेगा, न कि सिर्फ नारेबाजी करने वालों को। कांग्रेस के हर सदस्य को इज्जत मान दिया जायेगा । पंजाब की राजनीतिक स्थिति पर बोलते हुए सीनियर कांग्रेसी नेता व पूर्व वाइस चेयरमैन पंजाब गउ सेवा कमीशन श्री कमलजीत सिंह चावला जी ने दावा किया कि अब कांग्रेस बेहद मजबूत स्थिति में है। पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी से त्रस्त हो चुकी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि पंजाब में अगली सरकार कांग्रेस की होगी। पंजाब में नशा मुक्ति के लिए उन्होंने व्यापक अभियान चलाने की जरूरत पर बल दिया।

# जयंती माजरी ज़ोन से शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार श्रीमती गुरदीप कौर पत्नी बब्बू सिंह (बब्बी) को लोगों के सामने उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा गया - चौधरी श्याम लाल माजरीयन



अर्थ प्रकाश/ जे के बत्ता न्यू चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के सभी उम्मीदवार इस बार ब्लॉक समिति चुनाव जीतेंगे, यह बात खरड़ विधानसभा क्षेत्र के सीनियर अकाली नेता चौधरी श्याम लाल माजरीयन ने आज सब-तहसील ब्लॉक माजरी में तब कही जब उन्होंने अपने अलग-अलग ज़ोन के उम्मीदवारों को टिकट बांटे और वे सब-तहसील ब्लॉक माजरी में उनका नॉमिनेशन फाइल करने पहुंचे थे। उन्होंने पार्टी प्रेसिडेंट सुखबीर सिंह बादल का खास तौर पर शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें टिकट बांटने की जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर उन्होंने जयंती माजरी ज़ोन से शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार श्रीमती गुरदीप कौर पत्नी बब्बू सिंह (बब्बी) को उम्मीदवार के तौर पर पेश किया। इस मौके पर उनके साथ बड़ी संख्या में शिरोमणि अकाली दल के समर्थक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि तरनतारन उपचुनाव के बाद लोगों में शिरोमणि अकाली दल के लिए काफी जोश है। जहां विरोधी पार्टियां पार्टी के चौथे नंबर पर आने को पक्का कर रही थीं, वहीं तरनतारन के वोटरों से मिली ज़बरदस्त ताकत ने साबित कर दिया है कि शिरोमणि अकाली दल एक बार फिर पंजाब में सरकार बनाएगा। उन्होंने जिला परिषद चुनाव रद्द करने के लिए सरकार की आलोचना की और कहा कि अगर यह चुनाव ब्लॉक समिति चुनाव के साथ नहीं कराए गए, तो दूसरी बार चुनाव कराने से पंजाब के खजाने पर असर पड़ेगा। मौजूदा सरकार पहले ही विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये बर्बाद कर रही है और इस दोहरे खर्च का बोझ भी पंजाब के लोगों पर पड़ेगा। उन्होंने चुनाव आयोग से गुज़ारिश की कि जिला परिषद चुनाव रद्द करने के कारणों का सही हल निकाला जाए और इन चुनावों को ब्लॉक समिति चुनाव के साथ कराया जाए ताकि लोगों को दूसरी बार पंजाब के खजाने पर पड़ने वाले बोझ से बचाया जा सके। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जयंती माजरी जोन के अलावा सियुंक जोन से सुखविंदर सिंह, रुड़की खाम से बहादुर सिंह काला, करोड़ां से हंसराज हंसा , मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ से जसविंदर सिंह, टीडा से जसप्रीत सिंह, सैनी माजरा से सतवीर सिंह और झिंगर कलां जोन से बीबी मनजीत कौर को शिरोमणि अकाली दल ने ब्लॉक समिति चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवार तुला के निशान पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर जिला परिषद चुनाव फिर से शुरू होते हैं तो उनके पहले से घोषित उम्मीदवार ही चुनाव लड़ेंगे। इस मौके पर उनके अलावा सीनियर अकाली नेता स. दिलबाग सिंह मियांपुर, जिला अध्यक्ष मोहाली, मोहन लाल ब्लॉक समिति सदस्य, नसीब चंद सरपंच, बलकार सिंह बब्बू एससी विंग अध्यक्ष खरड़ और जगदेव सिंह मलोआ भी मौजूद थे।

# अंग्रेजी शासन के दौरान भारतीय मूल्यों और संस्कारों पर आधारित शिक्षण संस्थान की स्थापना करना, सच्ची राष्ट्रसेवा है- लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी (से.नि.)

अर्थ प्रकाश/ गोरखपुर। गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक-सप्ताह समारोह 2025 का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी जी (से.नि.) शामिल हुए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने छात्र-छात्राओं को महाराणा प्रताप के अनुकरणीय जीवन से प्रेरणा लेने और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, साहस, समर्पण, समानता और प्रतिबद्धता के मूल्यों को अपनाने लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल सीमा पर साहस दिखाना ही नहीं बल्कि इमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करना, पर्यावरण की रक्षा, लोक कल्याण और समाज का एक अच्छा नागरिक बनना भी वास्तविक देशभक्ति है।

## न्यूज ब्रीफ

# बीजेपी के तीसरे जनकल्याणकारी योजनाओं के कैंप का सफल आयोजन – 700 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़-भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में आज इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा में तीसरे विशाल जन-कल्याणकारी योजनाओं के कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और स्वास्थ्य लाभों को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना था।



कार्यक्रम की संयोजक प्रदेश सचिव सोनिया दुग्गल रहीं। ब्लॉक इंचार्ज शिवेंद्र मंडोत्रा, सोशल वेलफेयर नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर रविंद्र लौहट, मदन, काउंसलर मनोज सोनकर, और जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सैनी ने पूरे आयोजन को सुचारू, प्रभावशाली और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैंप में कुल 700 से अधिक लोगों की एंट्री दर्ज की गई, जिनमें से 655 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आभा कार्ड, पेंशन सुविधा और विभिन्न सरकारी लोन योजनाओं के दस्तावेज तैयार किए गए। यह दर्शाता है कि पार्टी समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार सक्रिय है। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है, और आने वाले समय में भी ऐसे शिविर लगातार आयोजित होते रहेंगे। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर कई सरकारी सुविधाएं प्राप्त होना उनके लिए अत्यंत लाभकारी है। यह कैंप टीम के सभी पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों से अत्यंत सफल, प्रभावशाली और जनहितकारी साबित हुआ।

# निधि ने पंजाब में बिखेरे हरियाणवी गीतों के रंग

**-तेल चमेली चंदन साबुन चाहे लगा लो... और जगत में कोई ना परमानेंट ने खूब लूटी वाहवाही**



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़- हरियाणा और पंजाब की राजधानी में जब हरिणाणा की निधि देशवाल ने ठेठ हरियाणवी लहजे में लोक गीत पेश किए तो लगा वाकई यह शहर दो संस्कृतियों के अटूट बंधन का साक्षी है। देश-विदेश में हरियाणवी लोग गायन का परचम फहरा चुकीं निधि ने यहां अपनी पहली ही पेशकश से सामयीन को सुरों की डोर से ऐसा बांधा की वे पूरी 'हरियाणवी नाइट' टस से मस नहीं हुए। हर गाने पर वे वाहवाही और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाग्राम को गुंजाते रहे। निधि ने जहां मैं सासरिये ना जाऊँ मेरी मां... से श्रोताओं, खासकर महिलाओं के दिलों को छू लिया। मेरा मन लग्या फकीरी में... पर उन्हें हर लफ्ज़ पर खूब दाद मिली। इसके साथ ही उन्होंने मन्ने राज भवन मैं जा लेण..., दो बात करुंगा कृष्ण तै..., हे री लुगाइयो चाला होग्या... और मेरी जान का गाला होग्या... पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, तेल चमेली चंदन साबुन चाहे लगा लो... और जगत में कोई ना परमानेंट... ने जहां गुदगुदाया वहीं यथार्थ से भी वाकिफ कराया।

**हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए: निधि**

हरियाणवी लोक गायिका का संस्कृति को लेकर बिल्कुल स्पष्ट सिद्धांत है कि संस्कृति है तो हम हैं। हमें अपनी संस्कृति यानी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका विश्वास साफ सुथरे गानों में ही है, जिनकी उम्र लंबी होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गैंग, गन और ड्रग माफिया के जिक्र वाले गानों को डिलीट करवाया है। जाहिर है, साफ सुथरी संस्कृति से जुड़े गीत-संगीत का सम्मान सदैव रहेगा।

**हरियाणवी गीत-संगीत छाने लगा है-**

लोक गायिका देशवाल कहती हैं कि तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो अब हरियाणवी गीत-संगीत मौसिकी पसंद लोगों में छाने लगे हैं, खासकर शादी-समारोहों में इनका बजना बढ़ता जा रहा है। हरियाणवी संगीत लगातार ग्रोथ कर रहा है। उन्हें भरोसा है कि अगले दस साल में यह और बुलंदियों पर होगा।

**हरियाणवी रागिनी गायन ने रिझाया-**

निधि के गायन से पूर्व हरियाणवी नाइट की शुरुआत राकेश भराणिया के हरियाणवी लोक गायन रागिनी से हुई। हरियाणा ही नहीं, देश-विदेश के कई कार्यक्रमों में रागिनी गाकर हरियाणा की माटी की महक फैला चुके भराणिया ने अपनी रागिनियों से लोक गायन प्रेमियों के हृदय झंकृत कर दिए। रागिनी में भराणिया का अंदाज तो शानदार था ही, लोक वाद्य यंत्रों का संगीत भी सराहनीय रहा।

# MC चंडीगढ़ ने आधार-बेस्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस को सख्ती से लागू किया; दिसंबर से सैलरी सिर्फ़ लिंक्ड सिस्टम से ही मिलेगी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़। ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी पर कड़ा रुख अपनाते हुए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने अपने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधार-बेस्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम का सख्ती से पालन करने का आदेश दिया है। नवंबर से आधार-लिंक्ड सैलरी देने के पहले के निर्देशों के बावजूद, टेक्निकल और एडमिनिस्ट्रेटिव देरी के कारण सिस्टम पूरी तरह से चालू नहीं हो सका। इस मामले की गंभीरता से समीक्षा करते हुए, MC कमिश्नर श्री अमित कुमार, IAS ने आज बायोमेट्रिक इंटीग्रेशन की प्रोग्रेस का आकलन करने के लिए एक हाई-लेवल मीटिंग बुलाई। बार-बार हो रही देरी पर नाखुशी जताते हुए, उन्होंने साफ और सख्त निर्देश जारी किए कि दिसंबर महीने की सैलरी बिना किसी छूट के हर MCC कर्मचारी के लिए आधार-बेस्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को लिंक करने के बाद ही दी जाएगी। कमिश्नर ने सभी हेड्स ऑफ़ डिपार्टमेंट्स और ब्रांच इंचार्ज को इस आदेश का तुरंत पालन पक्का करने का निर्देश दिया।

# एमसी चंडीगढ़ ने सर्दियों में सुरक्षा के उपाय मज़बूत किए; कमिश्नर ने नाइट शेल्टर में इंतज़ाम का जायज़ा लिया

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने कमज़ोर नागरिकों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अपने विंटर नाइट शेल्टर को चालू कर दिया है। सभी लोगों के आराम, सुरक्षा और सम्मान को पक्का करने के लिए एक एक्टिव कदम उठाते हुए, कमिश्नर श्री अमित कुमार, IAS ने देर शाम शहर भर के अलग-अलग नाइट शेल्टर का बड़े पैमाने पर इंस्पेक्शन किया, इंतज़ाम का रिव्यू किया और अधिकारियों को सर्दियों के मौसम में चौबीसों घंटे तैयार रहने का निर्देश दिया। चंडीगढ़ में अब कुल आठ नाइट शेल्टर पूरी तरह से चालू हैं, जिनमें कुल मिलाकर 450 लोगों के रहने की जगह है, जिसमें 325 पुरुषों और 125 महिलाओं के लिए हैं। ये शेल्टर सेक्टर 29, 20, 19, 16, 32, 34, ISBT-43 और PGI के सामने जैसे खास जगहों पर बने हैं, जिन्हें खराब मौसम में ज़रूरतमंद लोगों को तुरंत राहत देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

अपने दौरे के दौरान, कमिश्नर ने बिस्तर की क्वालिटी, हीटिंग की व्यवस्था, सफ़ाई, सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर और शेल्टर के पूरे रखरखाव का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने स्टाफ़ और बेनिफिशियरी से बातचीत करके ज़मीनी हकीकत का अंदाज़ा लगाया और साफ़-सुथरी, सुरक्षित और गर्म सुविधाओं को बनाए रखने की अहमियत पर ज़ोर दिया।

शेल्टर में आरामदायक गद्दे, चादरें, कंबल, रूम हीटर, गर्म और ठंडा पानी, और ज़रूरी चीज़ें जैसे फर्स्ट-एड बॉक्स, CCTV सर्विलांस, आग से सुरक्षा के उपकरण, टॉयलेट वैन की सुविधा, और हर साइट पर डेडिकेटेड सुरक्षा कर्मचारी मौजूद हैं ताकि आसानी से और सुरक्षित ऑपरेशन हो सके।

कमिश्नर अमित कुमार ने MCC की इस बात को दोहराया कि सर्दियों में कोई भी नागरिक खुले में न सोए और टीमों को, खासकर बहुत ज़्यादा ठंड के घंटों में, सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टाफ़ को रेगुलर मॉनिटरिंग करने और रहने वालों की किसी भी ज़रूरत को तुरंत पूरा करने का भी निर्देश दिया।

नाइट शेल्टर 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक पूरी तरह से चालू रहेंगे, जो सर्दियों के महीनों में लोगों की भलाई और दयालु शासन के लिए नगर निगम के समर्पण को दिखाता है।

# म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने वालों के साथ MoU साइन किया

**मेयर हरप्रीत कौर बबला ने MoU और सफाई साथियों को सैनिटेशन किट दीं**

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



चंडीगढ़। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने आज शहर के सफाई इकोसिस्टम को मज़बूत करने में एक अहम मील का पत्थर साबित किया। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने वालों के साथ फॉर्मल तौर पर मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (MoU) साइन किया और सभी MoU वर्कर्स को सैनिटेशन किट बांटे।

यह सेरेमनी शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, कमिश्नर श्री अमित कुमार, IAS, स्पेशल कमिश्नर श्री प्रदीप कुमार, IAS, सैनिटेशन कमेटी के चेयरमैन श्री मनोज सोनकर, श्री योगेश ढींगरा, एरिया काउंसलर, दूसरे काउंसलर कमेटी मेंबर, डॉ. इंदरदीप कौर, मेडिकल ऑफिसर ऑफ़ हेल्थ, MCC के सीनियर ऑफिसर, वेस्ट कलेक्टर्स यूनियन के रिप्रेजेंटेटिव, सफाई साथी और लोकल लोग मौजूद थे।

सभी मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, मेयर ने डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने वालों (सफाई साथियों) का उनके लगातार कमिटमेंट के लिए बहुत शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने कहा, 'चंडीगढ़ को सिर्फ़ अपने आर्किटेक्चर और हरियाली की वजह से ही नहीं, बल्कि सफाई साथियों की लगातार कोशिशों की वजह से भी सिटी ब्यूटीफुल के नाम से जाना जाता है, जो यह पक्का करते हैं कि शहर हर दिन साफ़ रहे।'

स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के बाद से शहर की तरक्की पर रोशनी डालते हुए, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अलग-अलग कचरा इकट्ठा करना चंडीगढ़ के ज़ीरो-लैंडफिल शहर बनने के लक्ष्य के लिए ज़रूरी रहा है। उन्होंने उस दूर की सोच वाले फ़ैसले का ज़िक्र किया जिसने चंडीगढ़ को 2021 में एक रूब्ब के ज़रिए इनफ़ॉर्मल कचरा इकट्ठा करने वालों की भूमिका को फ़ॉर्मल बनाने वाले पहले शहरों में से एक बना दिया।

मौजूदा MoU का ज़िक्र करते हुए, मेयर ने कहा, 'यह नया एग्रीमेंट काफ़ी बातचीत, आपसी सम्मान और मिलकर समस्या सुलझाने का नतीजा है। आज का समारोह उन 926 कचरा इकट्ठा करने वालों को पहचान और तारीफ़ का प्रतीक है, जिन्हें इस नए सिस्टम के तहत फिर से जोड़ा गया है और मज़बूत बनाया गया है।'

मेयर ने कहा कि हाल ही में, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने सभी सफाईमित्रों को गुड़, तेल और साबुन (गुड़, तेल और साबुन) दिए हैं और उनके लंबे समय से रुके हुए बकाया भी दिए हैं।

उन्होंने MCC टीम, सैनिटेशन कमेटी, यूनियन के प्रतिनिधियों और चंडीगढ़ के निवासियों को उनके लगातार सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

MC कमिश्नर श्री अमित कुमार, IAS, ने नए MOU को फाइनल करने के लिए मिलकर काम करने के तरीके की तारीफ की।

उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य हमेशा सिस्टम को मजबूत करना, काम करने वालों की इज्ज़त बढ़ाना और शहर के लिए कुशल और टिकाऊ वेस्ट मैनेजमेंट पक्का करना रहा है। यह MOU ट्रांसपेरेंसी, सर्विस डिलीवरी और हमारे सफाई साथियों की भलाई के लिए हमारे कमिटमेंट को दिखाता है।'

उन्होंने चंडीगढ़ को देश के सबसे साफ शहरों में बनाए रखने के लिए कैपेसिटी-बिल्डिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और लगातार मॉनिटरिंग पर कॉर्पोरेशन के फोकस को दोहराया।

MC स्पेशल कमिश्नर श्री प्रदीप कुमार, IAS, ने वेस्ट कलेक्शन फ्रेमवर्क को बेहतर और आसान बनाने के लिए पिछले महीनों में किए गए बड़े काम पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा, 'नया MOU MCC और कचरा इकट्ठा करने वालों, दोनों के लिए क्लैरिटी, स्ट्रक्चर और अकाउंटेबिलिटी लाता है। यह मॉडर्न वेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिस के हिसाब से है और इस ज़रूरी वर्कफोर्स के लिए डिग्निटी, सेफ्टी और फॉर्मल पहचान पक्का करता है।'

उन्होंने इस प्रोसेस में शामिल सभी MCC डिपार्टमेंट की डेडिकेटेड कोशिशों की भी तारीफ़ की।

MC सैनिटेशन कमेटी के चेयरमैन श्री मनोज सोनकर ने स्टेकहोल्डर्स के बीच कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने में कमेटी की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया।

उन्होंने आगे कहा, 'सैनिटेशन कमेटी ने कई कंसल्टेटिव मीटिंग करने, लंबे समय से पेंडिंग मुद्दों को सुलझाने और काम करने लायक सॉल्यूशन बनाने में अहम भूमिका निभाई। हम यह पक्का करने के लिए कमिटेड हैं कि MOU के प्रोविज़न ज़मीन पर असरदार तरीके से लागू हों।'

उन्होंने सफाई साथियों की उनके डिसिप्लिन, कमिटमेंट और चंडीगढ़ की मशहूर क्लीननेस रैंकिंग में योगदान के लिए तारीफ़ की।

उन्होंने कहा कि सैनिटेशन कमेटी और MCC के अधिकारियों ने स्टेकहोल्डर्स के बीच बातचीत को एक्टिवली आसान बनाया, ट्रांसपेरेंसी पक्की की और एक मज़बूत ऑपरेशनल फ्रेमवर्क तैयार किया। उनकी मिलकर की गई कोशिशों का नतीजा यह हुआ कि बदला हुआ MOU आसानी से लागू हुआ, जिससे वर्कफोर्स और शहर के वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम दोनों को फ़ायदा हुआ।

इलाके के काउंसलर श्री योगेश ढींगरा ने दिल से धन्यवाद दिया। उन्होंने मेयर, MCC अधिकारियों, सैनिटेशन कमेटी और खासकर सफाई साथियों का शुक्रिया अदा किया, जिनकी कड़ी मेहनत से चंडीगढ़ चमक रहा है। आज का कदम इस बात का सबूत है कि मिलकर की गई कोशिश से क्या हासिल किया जा सकता है,' उन्होंने कहा।

उन्होंने चुने हुए प्रतिनिधियों के सर्विस डिलीवरी और वर्कर्स की भलाई को बेहतर बनाने वाली पहलों का समर्थन करने के वादे को फिर से दोहराया।

सभी डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने वालों की ओर से बोलते हुए, श्री धर्मवीर ने मेयर, कमिश्नर, स्पेशल कमिश्नर, सैनिटेशन कमेटी और पूरी MCC टीम का नए MOU को फाइनल करने और सफलतापूर्वक लागू करने में उनकी पूरी कोशिशों के लिए दिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि मिलकर और ट्रांसपेरेंट तरीका अपनाया गया।

# दाना ओली स्थित पार्श्वनाथ जैन वरैया मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आज होगा विधान ओर 06 दिसंबर को होगा भव्य शिलान्यास समारोह

बिना संयम,उपवास और साधना के बगैर आत्मा परमात्मा नहीं बन सकती - उपाध्याय श्री विहसंत सागरजी।

जैन समाज के लोगो संगीतमय गुरुपूजन में किया गुणगान। पूजन में भक्ति नृत्य के साथ समर्पित किए महाअर्घ्य।

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ग्वालियर** - उपवास आत्मा की शुद्धि और उसे सशक्त बनाने के साथ आत्मा की गंदगी दूर होती है और आत्मा मजबूत बनती है, जिससे व्यक्ति आध्यात्मिक रूप से उन्नत होता है। उपवास में जब आप सुबह सुबह भगवान का नाम लेते हो वो आपका नाश्ता है, ओर स्वाध्याय आपका संतुलित आहार है। आत्मा का सबसे बड़ा आहार ऊर्जा है। शुद्ध विशुद्ध भाव की तरकीप हे खुश रहना।उपवास करने से आत्मा की आंतरिक अशुद्धियों को दूर करने में मदद मिलती है। यह आत्मा को पुष्ट करता है, जिससे आत्मबल बढ़ता है। बिना संयम,उपवास और साधना के बगैर आत्मा परमात्मा नहीं बन सकती। यह विचार मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने आज गुरुवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में पार्श्वनाथ वरैया जैन मंदिर समिति के ओर से धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच पर मुनिश्री विश्व सौम्य सागर महाराज मौजूद थे।

उपाध्याय श्री ने कहा कि हमें समय अर्थात आत्मा को जानने की जरूरत है. जिसने आत्मा को जान लिया, वे मोक्ष मार्ग प्राप्त कर सकता है। हमारा शरीर नष्ट होता है। हम सब को मोक्ष के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए।दान देने से कोई कभी गरीब नहीं हो सकता, छोटे-छोटे दान देने से भी आपका मोक्ष मार्ग प्रशस्त हो सकता है। मंदिर के निर्माण में कोई भी व्यक्ति अछूता न रहे, आपके द्वारा दिया गया एक रुपए का दान भी आपका मोक्ष मार्ग प्रशस्त कर सकता है। प्रवचन से पहले भगवान पार्श्वनाथ के चित्र का अनावरण बृजेश मीना जैन जगदलपुर ओर उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज को शास्त्र भेंट ज्योति जैन, मीना जैन ने भेट किए। दिगंबर वरैया जैन मंदिर कल्याण समिति के मार्गदर्शक संजयमणि जैन, अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र जैन, सूरज जैन, हेमंत जैन, सौरभ जैन आदि ने अतिथियों का तिलक ओर दुपट्टे उड़ाकर स्वागत किया। वही उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज की आहारचर्या कमल जैन सोनू कुलैथ वाले के निवास पर संपन्न हुई।

**गुरु पूजन में भक्तों के गूंजे जयकारे, पूजन में चढ़ाए महाअर्घ्य**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज का पूजन में संगीतकार प्रमोद जैन ने भजनों के साथ उपाध्याय श्री विहसंत सागरजी की पूजना पंडित चंद्रप्रकाश जैन, पंडित संदीप जैन, पंडित भरत वैरागी, चौधरी वीरेंद्र जैन सहित जैन समाज के लोगों ने अष्ट द्रव्य से पूजन कर अर्घ्य समर्पित करें।

**आज होगा वस्तु पार्श्वनाथ विधान और 06 दिसंबर को शिलान्यास समारोह होगा कार्यक्रम**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मेडिटेशन उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज के सानिध्य में दिगंबर जैन वरैया सामाजिक कल्याण समिति की ओर से शिलान्यास समारोह का कार्यकम 05 दिसंबर शुक्रवार को नई सड़क स्थित तेरा पंथी धर्मशाला में प्रतिष्ठाचार्य पवन दीवान मुरैना, पंडित चंद्रप्रकाश जैन ओर भरत वैरागी के मार्गदर्शन प्रातः 07ः00 बजे ः श्री जिनेन्द्र आज्ञा, शासन देवाह्वान विधि, प्रतिष्ठाचार्य आमंत्रण, श्री नित्यपूजन अभिषेक, श्री पार्श्वनाथ जिन आराधना विधान ओर प्रवचन होगे। वही 06 दिसम्बर शनिवार को (भगवान मल्लिनाथ जी का ज्ञान कल्याणक दिवस) पर प्रातः 07ः00 बजे अभिषेक, पूजन, जाप्यानुष्ठान (जैन भवन मंदिर जी में) प्रातः 09ः00 बजे ः परमपूज्य उपाध्याय श्री के मंगल प्रवचन एवं दोप. 01ः30 बजे : शिलान्यास विधि एवं विश्व शान्ति महायज्ञ होगा।